सूर्योदय 7:16 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.0 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 12.0 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,929.36 |
| निफ्टी | 25,966.40 |
| सोना 1,33,738 | चांदी 2,05,193 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 21 दिसंबर 2025 | 6 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 355, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# तीन साल में जुटाया 26,683 करोड़ का राजस्व : सीएम सुक्खू

## बोले- अपने संसाधनों के सहारे आगे बढ़ रही प्रदेश की सरकार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सियासत और माली हालात में एक नई करवट का जिक्र करते हुए प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि मौजूदा सरकार ने बीते तीन वर्षों में अपने संसाधनों के सहारे 26,683 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित कर एक मजबूत बुनियाद रखी है। यह आंकड़ा पिछली सरकार के औसत राजस्व से 3,800 करोड़ रुपए ज्यादा है, जो इस बात का सुबूत है कि सही नीयत और सख्त नीतियों से हालात बदले जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता संभालते ही शराब ठेकों के लिए नीलामी-सह-निविदा प्रणाली लागू की गई, जिससे 5,408 करोड़ रुपए की आमदनी हुई, जबकि पूर्व सरकार के दौर में यह रकम महज 1,114 करोड़ रुपए तक सिमटी रही थी। सरकार का मानना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही ही माली सुधार की असली कुंजी है।



**पिछली भाजपा सरकार के औसत राजस्व से 3,800 करोड़ रुपए ज्यादा**

मुख्यमंत्री ने तल्ख लहजे में कहा कि पूर्व भाजपा सरकार की बदइंतज़ामी और माली कुप्रबंधन का बोझ आज भी प्रदेश ढो रहा है। कांग्रेस सरकार को 75,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कर्ज और 10,000 करोड़ रुपए से ऊपर कर्मचारियों की देनदारियां विरासत में मिलीं। हालात को और मुश्किल बनाते हुए केंद्र सरकार ने राजस्व घाटा अनुदान में भारी कटौती कर दी है, जो 2021-22 में 10,249 करोड़ रुपए था, वह 2025-26 में घटकर 3,256 करोड़ रुपए रह गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार की लगभग 70 प्रतिशत आय कर्ज चुकाने में जा रही है, जिसमें हजारों करोड़ ब्याज और मूलधन शामिल हैं, फिर भी विकास की रफ्तार थामे बिना आगे बढ़ने का संकल्प कायम है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि इन पहलों से साफ है कि सरकार पूरी ईमानदारी के साथ हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की राह पर चल रही है। सरकार का सुदृढ़ इरादा है कि वर्ष 2027 तक प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जाए और 2032 तक हिमाचल को देश का सबसे समृद्ध राज्य खड़ा किया जाए। इसके लिए आर्थिक सुधार, हरित ऊर्जा को बढ़ावा और कर्ज़ के असरदार प्रबंधन पर लगातार काम किया जा रहा है, ताकि आने वाली नस्लों को खुशहाल हिमाचल मिल सके।

### ये अहम फैसले लिए

**राज्य** के हक में आए एक अहम कानूनी फैसले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि वाइल्ड फ्लावर हॉल संपत्ति को लेकर 23 साल पुरानी लड़ाई अक्तूबर 2025 में उच्च न्यायालय के फैसले के साथ खत्म हुई। मशोबरा रिसॉर्ट्स लिमिटेड का स्वामित्व राज्य सरकार को मिलने से लगभग 401 करोड़ का सीधा माली फायदा हुआ है और हर साल 20 करोड़ से ज़्यादा की आय का रास्ता खुला है। इसी तरह 1,000 मेगावाट कड़छम-वांगतू जलविद्युत परियोजना में रॉयल्टी 12 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कराई गई, जिससे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद प्रदेश को जलविद्युत परियोजनाओं के भूमि पट्टों की अवधि 99 साल से घटाकर 40 साल कर दी है, ताकि आने वाले वर्षों में ये संपत्तियां सीधे राज्य की मिल्कियत बन सकें। मुख्यमंत्री ने बताया कि चंडीगढ़ की भूमि और परिसंपत्तियों में हिमाचल के 7.19 प्रतिशत वैध हिस्से को हासिल करने के लिए लगातार कोशिशें जारी हैं, जिसे सुप्रीम कोर्ट पहले ही मान्यता दे चुका है। इसके साथ-साथ बीबीएमबी से लंबित ऊर्जा बकाया की वसूली, अतिथि गृहों में जनप्रतिनिधियों के लिए सामान्य किराया व्यवस्था और निविदा प्रक्रिया की समय-सीमा 51 दिन से घटाकर 30 दिन करना जैसे फैसले लिए गए हैं। इन तमाम कदमों का मक़सद एक ही है। मौजूदा संसाधनों से ज़्यादा से ज्यादा आमदनी और फिजूलखर्ची पर लगाम लगाना शामिल है।

## मां ने छोड़ा दामन, तो सरकार बनी सहारा

### चंबा के बेसहारा भाई-बहनों की जिंदगी में जगी उम्मीद की नई लौ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**





चंबा जिले के मटवाड़ गांव की वह कहानी, जो कुछ दिन पहले तक खामोशी में सिसक रही थी, अब पूरे प्रदेश की संवेदना बन चुकी है। जर्जर गोशाला, टूटी दीवारें और अधूरा बचपन, इन्हीं हालात में चार नाबालिग भाई-बहन जिंदगी काटने को मजबूर थे। पिता का साया पहले उठ गया और फिर मां ने दूसरा घर बसा लिया। बच्चों की यह टीस आखिरकार सरकार तक पहुंची और वहीं से उनकी तकदीर ने करवट ली।

**सीएम सुक्खू ने बच्चों से वीडियो कॉल पर की बात**

शनिवार को सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इन बच्चों से वीडियो कॉल पर बात की। मुख्यमंत्री ने न सिर्फ उनका हाल जाना, बल्कि यह भी साफ कहा कि अब इन बच्चों की पढ़ाई, रहन-सहन और भविष्य किसी हाल में अधर में नहीं रहेगा। दरअसल, चंबा जिले के मटवाड़ गांव के ये चारों बच्चे बीते कई वर्षों से बेहद कठिन हालात में जी रहे हैं। वर्ष 2021 में उनके पिता का निधन हो गया था। कुछ समय बाद मां ने दूसरी शादी कर ली और बच्चों को छोड़कर चली गई। इसके बाद इन नाबालिग भाई-बहनों की दुनिया एक जर्जर गोशाला तक सिमट गई, जहां न सुविधा थी, न सुरक्षा और न ही भविष्य की कोई साफ राह। सबसे बड़ी बेटी निशा ने घर की जिम्मेदारी उठाने के लिए दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी। रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए उसका 15 वर्षीय भाई काम की तलाश में चेन्नई चला गया। छोटी बहन छठी कक्षा और छोटा भाई तीसरी कक्षा में पढ़ रहा है।

### सरकार बनी संरक्षक अब बदलेगी तकदीर

**मुख्यमंत्री** ने साफ किया कि प्रदेश सरकार इन बच्चों को महज सहानुभूति नहीं, बल्कि स्थायी सहारा देगी। प्रशासन को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि बच्चों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले और उनकी जिंदगी फिर कभी बेयकीनी में न डूबे। सीएम का यह कदम एक मानवीय मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है। पहाड़ों में पल रही यह कहानी अब उम्मीद की आवाज बन गई है, एक ऐसी आवाज, जो बताती है कि जब परिवार बिखर जाए, तब भी अगर सरकार साथ खड़ी हो, तो टूटे बचपन को फिर से संवरने का मौक़ा मिल सकता है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### इमरान खान-बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई संस्थापक इमरान खान को एक और मामले में दोषी ठहराते हुए 17 साल जेल की सजा सुनाई गई है। पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना के दूसरे मामले में दोषी ठहराते हुए 17-17 साल जेल की सजा सुनाई। तोशाखाना का यह मामला एक महंगी ज्वैलरी से जुड़ा है, जिसे सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने मई 2021 में आधिकारिक दौरे पर इमरान खान को बतौर तोहफे में दी थी। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका का आईएस के 70 ठिकानों पर हमला

**एजेंसी, दमिश्क।** अमेरिका ने सीरिया में आतंकी संगठन आईएस से जुड़े 70 ठिकानों पर हवाई हमले किए। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई हाल ही में हुए उस हमले के जवाब में की गई, जिसमें सीरिया में तैनात अमेरिका के दो सैनिक और एक ट्रांसलेटर मारे गए थे। इस मिलिट्री ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन हॉकआई' इसलिए रखा गया, क्योंकि मारे गए सैनिक अमेरिका के आयोवा राज्य से थे, जिसे 'हॉकआई स्टेट' कहा जाता है। अधिकारियों के मुताबिक जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया उनमें आतंकियों के ठहरने की जगह, हथियार रखने के गोदाम और दूसरी जगह शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्रिश्चियन मिशेल को रिहा करने का आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू की स्पेशल जज कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड चॉपर डील मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को रिहा करने का आदेश दिया है। हालांकि, उन्हें तुरंत जेल से रिहा नहीं किया जाएगा, क्योंकि वह सीबीआई केस में हिरासत में रहेंगे। क्रिश्चियन मिशेल के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि उनके क्लाइंट इस मामले में पहले ही सात साल की अधिकतम सज़ा के बराबर समय जेल में बिता चुके हैं और इसलिए उन्हें रिहा कर दिया जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### असम में ट्रेन की टक्कर से सात हाथियों की मौत

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम के होजाई जिले में शनिवार सुबह हाथियों का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक हाथी का बच्चा घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए। यह हादसा सुबह 2:17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुआ। शुरुआत में आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि एक हाथी का बच्चा जिंदा है और गंभीर रूप से घायल है। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। ( अनंत ज्ञान)


### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- संसद के शीतकालीन सत्र में जनहित के 8 विधेयक मंजूर: अनुराग -पेज 2
- चिट्टा तस्करों की अब तक 48 करोड़ की संपत्ति जब्त -पेज 3
- सहकारिता हिमाचल की आत्मा, 20 लाख लोग जुड़े : मुकेश -पेज 5
- अधूरा फोरलेन, नालियां बंद और गंदा पानी जमा -पेज 9
- तीर्थन घाटी में फिर से अग्निकांड पेखड़ी में 4 गोशालाएं जलकर राख -पेज 11


# प. बंगाल में कमीशनखोर सरकार: पीएम मोदी

## कहा- बंगाल को जंगलराज से मुक्त करने के लिए बनाएं डबल इंजन की सरकार, जनता भाजपा को दे मौका

**एजेंसी, कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से नादिया जिले के राणाघाट में आयोजित कार्यक्रम को फोन से वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि बंगाल के विकास के लिए पैसों की कमी है, लेकिन यहां की सरकार सिर्फ कट और कमीशन में लगी रहती है।



पीएम ने कहा, 'आज भी बंगाल में हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट अटके हुए हैं। मैं बंगाल की जनता के सामने अपनी पीड़ा रखना चाहता हूं। टीएमसी को मोदी का विरोध करना है तो करे, 100 बार करे, हजार बार करे, लेकिन मैं ये नहीं समझ पा रहा हूं कि बंगाल के विकास को क्यों रोका जा रहा है।' बंगाल में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (ड्राफ्ट जारी होने के बाद यह मोदी का पहला और पांच महीनों में तीसरा दौरा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश के नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने बंगाल समेत पूरे देश के लोगों को बड़ी राहत दी है और दुर्गा पूजा और अन्य त्योहारों के दौरान देशभर के लोग इससे काफी लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में घुसपैठियों को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है। पीएम ने कहा कि गंगा बिहार से होकर बंगाल तक जाती है और बिहार ने बंगाल को रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि बंगाल को जंगलराज से मुक्त होना होगा। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि वे पूरे दिल से बंगाल के लोगों के लिए समर्पित हैं और राज्य के लिए फंड और नीतियों की कोई कमी नहीं है।


प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कई विकास परियोजनाएं राज्य सरकार की वजह से लंबित पड़ी हैं। पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को एक मौका दें, डबल इंजन सरकार बनने दें और भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बंगाल के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगी। राज्य में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### असम में बोले- मोदी कांग्रेस की गलतियां सुधार रहा

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से असम विरोधी काम किया। कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को खुली छूट दी और यहां की डेमोग्राफी बदली। इससे ये हुआ कि पूरे असम की सुरक्षा और पहचान दांव पर लग गई। पीएम ने कहा कि मोदी कांग्रेस की गलतियां सुधार रहा है। आज हिमंता की सरकार मेहनत से असम के संसाधनों को देश विरोधी लोगों से मुक्त करा रही है। अवैध घुसपैठियों को पहचानकर उन्हें बाहर किया जा रहा है। मोदी दो दिन के असम दौरे पर पहुंचे। उन्होंने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। मोदी रविवार को असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे।

# आरएसएस को शक्ति और कांग्रेस को सत्य प्यारा: राहुल

**एजेंसी, बर्लिन**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की आलोचना की। राहुल ने कहा कि आरएसएस प्रमुख खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच्चाई का कोई महत्व नहीं है, शक्ति महत्वपूर्ण है। यही उनमें और हममें अंतर है। राहुल ने कहा कि आरएसएस को शक्ति, जबकि कांग्रेस को सत्य से प्यार है। हमारी पूरी संस्कृति सत्य पर आधारित है। आप किसी भी धर्म को देख लें, मूल रूप से वे यही कहते हैं कि सत्य का पालन करो। कांग्रेस, महात्मा गांधी और आप सभी, हम भारत के सत्य की रक्षा करते हैं। आरएसएस ऐसा नहीं करता।

उन्होंने शुक्रवार को ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के कार्यक्रम 'कनेक्टिंग कल्चर्स' में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने जर्मन थिंक-टैंक में शामिल नेताओं के साथ बातचीत की और हर्टी स्कूल में भी स्पीच दी। राहुल ने जर्मनी के पूर्व चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से मुलाकात की और साथ लंच किया। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच वैश्विक मुद्दों, व्यापार और भारत-जर्मनी संबंधों पर चर्चा हुई। राहुल ने जर्मनी के वाइस चांसलर लार्स क्लिंगबील और पर्यावरण व जलवायु संरक्षण मंत्री कार्सटन श्नाइडर से भी अलग-अलग मुलाकात की। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश हिंसा: 7 साल की बच्ची को जिंदा जलाया

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के लक्ष्मीपुर सदर में शुक्रवार देर रात कुछ उपद्रवियों ने एक घर को बाहर से बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग में जिंदा जलने से एक 7 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। यह घर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता बिलाल हुसैन का है। बिलाल हुसैन और उनकी दो अन्य बेटियां सलमा अख्तर (16) और सामिया अख्तर (14) गंभीर रूप से झुलस गए हैं। बिलाल का इलाज लक्ष्मीपुर सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि दोनों बेटियों को गंभीर हालत में ढाका भेजा गया है। इससे पहले वीरवार देर रात ढाका के नजदीक मयमनसिंह शहर में 25 वर्षीय दीपु चंद्र दास को ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला था। (अनंत ज्ञान)

# नए साल से पहले महंगा हुआ चंडीगढ़ से शिमला का सफर

## सनवारा टोल प्लाजा पर दरों में बढ़ोतरी, प्रदेश के पर्यटन पर पड़ेगा असर

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने क्रिसमस और न्यू ईयर से ठीक पहले नेशनल हाईवे-5 के सनवारा टोल प्लाजा में टोल की दरों में इजाफा कर पर्यटकों और स्थानीय लोगों को तगड़ा झटका दिया है। शनिवार रात 12 बजे के बाद चंडीगढ़ से शिमला तक का सफर महंगा हो गया है। बढ़ी हुई टोल दरों से प्रदेश के पर्यटन सीजन पर पड़ेगा। हैरानी की बात है कि सनवारा टोल प्लाजा में एनएचएआई ने एक साल में तीसरी बार दरों में बदलाव किया है। इसका प्रभाव लोगों पर सीधे तौर पर पड़ेगा। टोल में करीब 40 से 255 रुपए तक वनवे सफर महंगा हो गया है। एनएचएआई की ओर से आदेशों को टोल प्लाजा संचालकों को दे दिए हैं और मध्यरात्रि से वसूलने के लिए कहा है। आदेशों में स्पष्ट किया है कि कालका-शिमला नेशनल हाईवे में परवाणू से सोलन और सोलन से कैथलीघाट तक के एरिया सनवारा टोल में शामिल किया है। ऐसे में 80.722 किलोमीटर के लिए संशोधित शुल्क निर्धारित किए हैं। नई दरें वाहनों की श्रेणी के अनुसार तय की गई हैं, जिनमें एक तरफा यात्रा, एक ही दिन में वापसी यात्रा, पचास यात्राओं के लिए मान्य मासिक पास तथा जिले में पंजीकृत कमर्शियल वाहनों के लिए अलग-अलग शुल्क निर्धारित किया है। पर्यटन सीजन से ठीक पहले राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की तरफ से टोल दरों में बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार पर भी असर पड़ सकता है।

### नई टोल दरें



नई टोल दरों के अनुसार, कार, जीप, वैन व हल्की मोटर गाड़ी के लिए एक तरफा शुल्क 110 रुपए, 24 घंटे में वापसी शुल्क 165 रुपए, पचास यात्राओं का मासिक पास 3,675 रुपए तथा जिले में पंजीकृत व्यावसायिक वाहनों के लिए 55 रुपए शुल्क तय किया गया है। हल्के कमर्शियल व मालवाहक वाहन या मिनी बस के लिए एकतरफा शुल्क 180 रुपए, वापसी शुल्क 265 रुपए, मासिक पास 5,935 रुपए और जिले में पंजीकृत वाहनों के लिए 90 रुपए तय किया गया है। बस-ट्रक के लिए एकतरफा 375 रुपए, वापसी 560 रुपए, मासिक पास 12,440 रुपए और जिले में पंजीकृत वाहनों के लिए 185 रुपए शुल्क देना होगा। तीन एक्सल कमर्शियल वाहनों के लिए एकतरफा शुल्क 405 रुपए, वापसी 610 रुपए, मासिक पास 13,570 रुपए तथा जिले में पंजीकृत वाहनों के लिए 205 रुपए तय किए गए हैं।

अनंत ज्ञान खास खबर

> एनएच-5 स्थित सनवारा टोज प्लाजा में दरों को बढ़ाया गया है। ये दरें शनिवार मध्यरात्रि से लागू हो गई हैं। इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार ही पैसे वसूले जाएंगे।
>
> **-आनंद कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई शिमला**

### दिल्ली एयरपोर्ट पर पैसेंजर से मारपीट पर पायलट सस्पेंड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर ऑफ-ड्यूटी पायलट ने एक यात्री से मारपीट की। इस घटना के बाद यात्री ने सोशल मीडिया पर अपने साथ हुए हादसे की जानकारी शेयर की। घटना के सामने आते ही सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी पायलट कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को सस्पेंड कर दिया है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा है कि पायलट ड्यूटी पर नहीं था। वह दूसरी फ्लाइट का पैसेंजर था। हमने उसे हटा दिया है। वहीं, यात्री अंकित दीवान ने एक पोस्ट में लिखा कि मुझ पर मामला खत्म करने का दबाव बनाया गया। जबरदस्ती लेटर लिखवाया। अगर मैं ऐसा नहीं करता तो मुझे फ्लाइट छोड़नी पड़ती। (अनंत ज्ञान)

# जम्मू-कश्मीर के रतले हाइड्रो प्रोजेक्ट पर मंडराने लगा खतरा

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर बन रहे रतले हाइड्रो प्रोजेक्ट पर खतरा मंडरा रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक प्रोजेक्ट में काम कर रहे 29 मजदूरों के टेरर लिंक मिले हैं। ये कर्मचारी देश विरोधी और क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल थे। पुलिस ने कंपनी से इन कर्मचारियों को काम पर रखने के फैसले पर फिर से विचार करने को कहा है। ऐसे लोग प्रोजेक्ट की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। कंपनी को ऐसे मजदूरों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए।

**29 मजदूरों के मिले टेरर लिंक**

850 मेगावॉट क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट नेशनल हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और जम्मू-कश्मीर सरकार का जॉइंट वेंचर है। जिसकी अनुमानित लागत 3700 करोड़ रुपए है। कंस्ट्रक्शन का काम मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि. को दिया है। (अनंत ज्ञान)

### ऐसे सामने आया मामला

**पुलिस** ने प्रोजेक्ट में काम कर रहे मजदूरों का वेरिफिकेशन किया था, जिसमें यह बात सामने आई कि प्रोजेक्ट में काम करे 29 मजदूरों में से 5 मजदूर एक्टिव या सरेंडर आतंकियों के रिश्तेदार हैं। एक कर्मचारी के चाचा हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकी मोहम्मद अमीन है। यह आतंकी प्रोजेक्ट में काम कर रहे दो अन्य मजदूरों का भाई भी है। एक अन्य कर्मचारी के पिता पहले आतंकी रह चुके हैं हालांकि वो सरेंडर कर चुके हैं, जबकि एक मजदूर के पिता की पहचान ओवर ग्राउंड वर्कर के रूप में दर्ज है। बाकी 24 कर्मचारियों के खिलाफ क्रिमिनल रिकॉर्ड मिला है।

**खुलासे** अमेरिकी जस्टिस विभाग ने जेफरी एपस्टीन से जुड़े तीन लाख दस्तावेज जारी कर खोले कई राज

# लड़कियों संग पूल में नहाते दिखे क्लिंटन, प्रिंस एंड्रयू महिलाओं की गोद में

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफरी एपस्टीन से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार रात ढाई बजे (भारतीय समय के मुताबिक) तीन लाख दस्तावेज जारी कर दिए हैं। इनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन, हॉलीवुड एक्टर क्रिस टकर, ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आई हैं।

कुछ फोटोज में क्लिंटन लड़कियों के साथ पूल में नहाते और पार्टी करते नजर आ रहे हैं। वह हॉट टब में भी एक महिला के साथ दिख रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में बिल क्लिंटन, शांटे डेविस के साथ हैं। शांटे ने बाद में जेफरी एपस्टीन के खिलाफ गवाही दी थी।

उधर, एक तस्वीर में ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू 7 महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं। वे 5 महिलाओं की गोद में लेटे हुए हैं। इसमें घिसलीन मैक्सवेल भी हैं।



स्विमिंग पूल में लड़कियों के साथ नहाते पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन।



तस्वीर में 5 महिलाओं की गोद में लेटे हुए ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू।

**कुछ तस्वीरों में मशहूर गायक माइकल जैक्सन भी दिख रहे**

कुछ तस्वीरों में मशहूर गायक माइकल जैक्सन भी दिख रहे हैं। इन खुलासों का असर कितना बड़ा होगा, यह अभी साफ नहीं है। वजह यह है कि दस्तावेजों की संख्या बहुत ज्यादा है और एपस्टीन से जुड़ी काफी तस्वीरें पहले भी सामने आ चुकी है। पहले ये सभी तस्वीरें 4 सेट में जारी की गईं। इसके कुछ घंटे बाद 3 और सेट जारी किए गए।

इनमें कुल मिलाकर 4000 से अधिक फाइलें हैं, जिनमें 2.5 जीबी से ज्यादा की तस्वीरें और दस्तावेज शामिल हैं। हालांकि कई तस्वीरों में यह साफ नहीं है कि ये कहां ली गई हैं। न्याय विभाग के डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांच ने कहा है कि आने वाले हफ्तों में हजारों और दस्तावेज जारी किए जाएंगे। हालांकि, यह ट्रंप सरकार कानून में तय 30 दिनों की समय-सीमा का उल्लंघन होगा। (अनंत ज्ञान)

### कितनी तस्वीरें ?

**अमेरिकी** जस्टिस डिपार्टमेंट ने पहले चरण में लगभग तीन लाख डॉक्यूमेंट जारी किए हैं। इनमें लगभग 4000 तस्वीरें और स्कैन किए गए रिकॉर्ड शामिल हैं। अधिकारियों द्वारा इसे एपस्टीन लाइब्रेरी कहा जा रहा है। अमेरिकन न्याय विभाग ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर एक डिजिटल एपस्टीन लाइब्रेरी बनाई है, जहां पर यह सभी दस्तावेज और तस्वीरें सार्वजनिक की गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह अंतिम खुलासा नहीं है, बल्कि आने वाले हफ्तों में रोलिंग डिस्क्लोजर प्रक्रिया के तहत लाखों और डॉक्यूमेंट धीरे-धीरे जारी किए जाएंगे।

### आखिर कौन था जेफरी एपस्टीन?

**जेफरी** एपस्टीन एक धनी फाइनेंसर था, जिसके संबंध कई प्रसिद्ध और धनी लोगों से थे। एक पंजीकृत यौन अपराधी के रूप में, उसे 2019 में गिरफ्तार किया गया था और उस पर यौन तस्करी और यौन तस्करी की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था, लेकिन मुकदमे से पहले ही संघीय जेल में उसकी मृत्यु हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18 नवंबर को कानून पर दस्तखत कर एपस्टीन से जुड़े सभी दस्तावेजों को 30 दिन के भीतर जारी करने का आदेश दिया था। 19 दिसंबर तक 30 दिन की समय सीमा पूरी हो गई।

## न्यूज ब्रीफ

### नए सत्र की संबद्धता के लिए 10 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (एचपीटीयू) हमीरपुर ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मौजूदा संबद्धता, नए पाठ्यक्रम शुरू करने तथा नई संबद्धता लेने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता (शैक्षणिक) डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इसके लिए सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों को 10 जनवरी तक बिना विलंब शुल्क आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संचालित सभी शिक्षण संस्थानों को भी आगामी सत्र के लिए पुनः संबद्धता हेतु आवेदन करना अनिवार्य है। इसके अलावा स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाने या घटाने के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। 11 से 15 जनवरी तक 50 हजार रुपये तथा 16 से 20 जनवरी तक एक लाख रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। संबद्धता से संबंधित सभी विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### पुरली से भराईंयां दी धार रोड 15 तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पुरली चौक से लैंबर चौक शुरूआती पॉइंट से 2 किलोमीटर तक बताई गई सड़क पर सीमेंट कंक्रीट फुटपाथ बिछाने का अपग्रेडेशन का काम शुरू हो गया है। जिसके कारण यह सड़क इस जगह पर 15 जनवरी तक सभी तरह के ट्रैफिक के लिए बंद रहेगी। एसडीओ कक्कड़ ने बताया कि इस दौरान काम को सुचारू रूप से चलाने के लिए भराईंयां-दी-धार की ओर जाने वाले सभी ट्रैफिक को पुरली चौक से ही रोककर वापस भेजा जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### सुजानपुर में निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर की नशा निवारण समिति द्वारा शहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को उपमंडल दंडाधिकारी विकास शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर (बाल) के माध्यम से निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष प्रोफेसर राजीव ठाकुर, प्रधानाचार्य सीमा डोगरा, नगर परिषद अधिकारी सीनत शर्मा, आर्यन ठाकुर, प्रकाश सडयाल, मधुसूदन अवस्थी, मोनिका चौधरी एवं कुमारी बिंदिया उपस्थित रहे। प्रोफेसर ठाकुर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान समाज में महत्वपूर्ण बदलाव लाने और नशे पर रोक लगाने में सहायक होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अभियान में पूरी निष्ठा से भाग लें और संदेश को समाज तक पहुंचाएं।

### लंबित भुगतान और महंगाई भत्ते पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ, बिझड़ी खंड इकाई की मासिक बैठक शनिवार को पाहलू मंदिर परिसर, ज़िला हमीरपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान नरेन्द्र सिंह बन्याल ने की और संचालन खंड महासचिव तोता राम जंजुआ ने किया। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष के सी गौतम, मुख्य संरक्षक योग राज शर्मा, प्रदेश वित्त सचिव शम्भू राम जसवाल समेत अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के दौरान सेवानिवृत्त पेंशनरों के लंबित ग्रैच्युटी, कम्युटेशन, लीव एनकैशमेंट तथा महंगाई भत्ते की किस्तें जारी न होने पर सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया गया। प्रदेशाध्यक्ष के सी गौतम ने लंबित मांगों के निपटारे के लिए मुख्यमंत्री से मिलने का प्रयास बताया। बैठक में बिजली बोर्ड और परिवहन निगम के पेंशनरों की मांगों का भी समर्थन किया गया।

### बाल विवाह रोकने के लिए जागरूक होना जरूरी

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से 'बाल विवाह मुक्त भारत' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह कार्यक्रम प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रिंसिपल ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है और इसे रोकने के लिए समाज एवं विद्यार्थियों की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने बाल अधिकारों, शिक्षा के महत्व और बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों की सराहना की गई और उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

### छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए 24 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सभी छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 24 दिसंबर कर दी गई है। उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चैहान ने जिला के सभी सरकारी और गैर सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक तथा उच्च पाठशालाओं के प्रधानाचार्यों और मुख्यध्यापकों को सभी पात्र विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्कूल स्तर पर सभी आवेदनों की वेरिफिकेशन और त्रुटिपूर्ण आवेदनों की पुनः वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 26 दिसंबर तक पूरी की जानी है, लेकिन स्कूल प्रमुख इसे 25 दिसंबर तक पूर्ण कर लें। उपनिदेशक ने चेतावनी दी कि लंबित, अवेरिफाइड या त्रुटिपूर्ण मामलों में स्कूल प्रमुख और छात्रवृत्ति प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी, ताकि सभी योग्य विद्यार्थी समय पर लाभ प्राप्त कर सकें।

### युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने से रोक रहा नशा



**अनंत ज्ञान, नादौन।** महर्षि विद्या मंदिर नादौन में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों में ध्यान के महत्व और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि एसएचओ निर्मल सिंह ने कहा कि आजकल बच्चे तनाव के कारण नशे की ओर झुक रहे हैं, जो युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने से रोकता है। उन्होंने नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए ध्यान करने की सलाह दी। कार्यक्रम में शिक्षिका अनीता ठाकुर और वंदना कुमारी ने ध्यान के फायदे समझाए, जैसे एकाग्रता, अनुशासन और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार। बच्चों ने गीत, नृत्य और ध्यान पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए। स्कूल के ध्यान शिक्षक ने सभी को सामूहिक भावातीत ध्यान कराया। प्रिंसिपल ने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया।

### उटपुर में कल सुनी जाएंगी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत 22 दिसंबर को तहसील बमसन की ग्राम पंचायत उटपुर के पंचायत कार्यालय में 8 ग्राम पंचायतों की जन समस्याओं का निवारण किया जाएगा। हमीरपुर के एसडीएम संजीत सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उटपुर, ग्राम पंचायत कक्कड़, उहल, भटेड़, लग-कढ़ियार, पुरली, चारियां दी धार और ग्राम पंचायत पौहंज की जनसमस्याओं की सुनवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में सभी विभागों के उपमंडल स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। एसडीएम ने क्षेत्रवासियों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### पनसाई गांव परिवार को पेयजल कनेक्शन न मिलने पर अधिशाषी अभियंता ने दी सफाई

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के पनसाई गांव में एक महिला को तीन वर्षों से पेयजल कनेक्शन न मिलने की खबर के बाद जल शक्ति विभाग नादौन के अधिशाषी अभियंता राजीव सहगल ने स्पष्ट किया कि कनेक्शन न मिलने का कारण संबंधित भूमि मालिकों से एनओसी न मिलना है। उन्होंने बताया कि घरेलू पेयजल कनेक्शन के नियमों के अनुसार मेन पाइपलाइन तक निजी पाइप बिछाने की जिम्मेदारी आवेदक की होती है। सहगल ने कहा कि आवेदक द्वारा आवश्यक एनओसी उपलब्ध करवाने के बाद ही अगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में पानी का कनेक्शन न मिलने पर पनसाई गांव की महिला के लिए धनेटा में विरोध प्रदर्शन और सरकार व विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की गई थी।

# पेयजल किल्लत पर खाली मटके लेकर जल शक्ति विभाग के दफ्तर पहुंची ग्रामीण महिलाएं

## लंबे समय से सोहारी पंचायत में जल समस्या, ग्रामीणों ने समाधान की उठाई मांग

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** जिला हमीरपुर की विधानसभा बड़सर की पंचायत सोहारी में पीने के पानी की भारी किल्लत के कारण ग्रामीण महिलाएं परेशान हो गई हैं। समस्या के समाधान की मांग को लेकर महिलाएं खाली मटकों के साथ जल शक्ति विभाग कार्यालय बिझड़ी पहुंचीं। उनका कहना है कि सोहारी पंचायत बुल्ला बास में लंबे समय से पीने का पानी या तो बिल्कुल नहीं आता या बहुत कम मात्रा में आता है, जिसके चलते उन्हें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय कर्मचारियों को कई बार मौखिक और टेलीफोन के माध्यम से सूचना देने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।



पानी की समस्या लेकर खाली मटके लेकर जल शक्ति विभाग के दफ्तर पहुंची महिलाएं।

1100 नंबर पर भी कई बार शिकायत करने के बाद भी विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। शनिवार को महिलाओं के साथ छोटे बच्चे और खाली मटके लेकर विभाग कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान समय रहते नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर महिलाओं ने जल शक्ति विभाग कनिष्ठ अभियंता कार्यालय बिझड़ी के सामने एसडीओ के खिलाफ

**1100 नंबर पर शिकायत करने के बाद भी नहीं हुआ कोई समाधान**

जोरदार नारेबाजी की। पहले भी कुछ दिन पहले इसी कार्यालय के सामने बिझड़ी क्षेत्र की महिलाएं पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन कर चुकी हैं।

हालांकि, विभागीय कर्मचारियों ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि पेयजल समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा। एसडीओ जल शक्ति विभाग बड़सर रविंद्र कुमार ने कहा कि लिखित शिकायत न होने के कारण समस्या लंबित रह सकती थी, लेकिन आगे से सोहारी बुल्ला बास के लोगों को पेयजल की समस्या से पूरी तरह निजात दिलाई जाएगी।

# संसद के शीतकालीन सत्र में जनहित के 8 विधेयक मंजूर : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद के शीतकालीन सत्र की समाप्ति पर कहा कि संसद के इस शीतकालीन सत्र में जनहित के 8 विधेयकों को मंजूरी मिली है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार सदा लोक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है। भारत व भारतवासियों के हितों की चिंता, सामाजिक उत्थान, भारत के गौरव व सांस्कृतिक विरासत को सहेजने व इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए मोदी सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं।



अठारहवीं लोकसभा का छठा सत्र इसका सशक्त उदाहरण है। संसद के इस शीतकालीन सत्र में सदन ने आठ विधेयकों को मंजूरी दी जिसमें 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' भी सम्मिलित है। शीतकालीन सत्र में सदन ने 'भारत के रूपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025', 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' और वर्ष 2025-26 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें-प्रथम बैच और संबंधित विनियोग (संख्याक 4) विधेयक, 2025 को भी पारित किया. देश में अप्रचलित एवं पुराने हो चुके 71 कानूनों को निरस्त और संशोधित करने के प्रस्ताव वाले 'निरसन और संशोधन विधेयक, 2025' को भी निम्न सदन की स्वीकृति प्राप्त हुई। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा 'विपक्ष के गैर जिम्मेदार रवैये के बावजूद हमने सदन में देश की जनता की जरूरतों से जुड़े मुद्दे उठाने व उनके हित में काम में कोई कमी नहीं रखी।

# टीजीटी वेतन विसंगतियों से परेशान हिमाचल के शिक्षक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल में लगभग 16 हजार टीजीटी शिक्षकों का वेतनमान गंभीर विसंगतियों का शिकार है। राज्य में टीजीटी स्केल देश के कई राज्यों की तुलना में कम है, जबकि 2016 के बाद नियुक्त शिक्षकों को नियमित होने के बावजूद समान वेतन नहीं मिल रहा। तीन साल के अनुबंध के बाद नियमित हुए शिक्षकों का वेतन दो साल में पहले से नियमित शिक्षकों से कम है। कोर्ट केस के आधार पर हायर ग्रेड पे लाभ पा चुके शिक्षकों को इंक्रीमेंट मिला है, लेकिन 2016-2022 के बीच नियुक्त कई टीजीटी शिक्षकों को यह लाभ नहीं मिल पाया। 3 जनवरी 2022 के बाद नियुक्त शिक्षकों को भी यह सुविधा नहीं मिल रही है। अन्य राज्यों जैसे हरियाणा, दिल्ली, यूपी, तेलंगाना और केरल में टीजीटी शिक्षकों को हिमाचल की तुलना में अधिक वेतन प्राप्त है।

राजकीय टीजीटी कला संघ के राज्य महासचिव विजय हीर ने बताया कि केंद्रीय छठे वेतन आयोग में टीजीटी का स्केल 9300-34800 और ग्रेड पे

**जूनियर टीजीटी को सीनियर से अधिक वेतन, 2016 से वेतन आयोग के वादे अधूरे**

4600 रुपये था। 7वें वेतन आयोग में केंद्र सरकार ने टीजीटी स्केल 4490 रुपये मूल वेतन से शुरू किया, जबकि प्रदेश में यह केवल 38,100 रुपये है। वर्ष 2012 में हायर ग्रेड पे संशोधन के दौरान टीजीटी की ग्रेड पे 5000 और प्रवक्ता की 5400 रुपये थी। नए वेतन आयोग में 400 रुपये का अंतर मूल वेतन में बढ़कर 4900 रुपये बन गया, जिससे टीजीटी को आरंभिक वेतन में भारी नुकसान हुआ।

इसके अलावा 2016 से लागू वेतन आयोग में 15 प्रतिशत विकल्प लेने वाले टीजीटी शिक्षकों को केवल एक इंक्रीमेंट लाभ मिला, और 2.59 फैक्टर चुनने वालों को एरियर नाममात्र मिला। 4-9-14 की इंक्रीमेंट में हुई कोताही ने भी सीनियर शिक्षकों का वेतन जूनियर से कम कर दिया। वर्तमान में अगला वेतन आयोग गठित नहीं हुआ है।

### 14 वर्षों के बाद मनोहर लाल को मिला दुकानों का कब्जा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के कक्कड़ गांव में मनोहर लाल को 14 वर्षों के लंबित कानूनी मामले के बाद आखिरकार अपनी दुकानों का कब्जा मिल गया। यह दुकानों का विवाद 2009 में शुरू हुआ था, जब मनोहर लाल ने अपनी दुकानें एक व्यक्ति को किराये पर दी थीं। 2011 में दुकानें खाली करने की मांग पर किरायेदार ने इनकार कर दिया, जिसके बाद मामला न्यायालय में लंबित रहा। शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025 को राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों तथा पुलिस की मौजूदगी में दुकानों को विधिवत खाली करवा कर मनोहर लाल को सौंप दिया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं आई। दुकानों का कब्जा मिलने के बाद मनोहर लाल ने न्यायालय और प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि लंबा संघर्ष होने के बावजूद अंतत: सत्य की जीत हुई।

# आईटीबीपी जवान रमन का हार्ट अटैक से निधन

## नडियाणा रांगड़िया गांव में राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत झनियारा के नडियाणा रांगड़ियां गावं के 34 वर्षीय रमन कुमार जोकि इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) सराहन रामपुर में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे उनका 18 दिसंबर को सायं लगभग 7:15 बजे होर्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया।

रमन कुमार अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन कर रहे थे कि 18 दिसंबर को उन्हें छाती में दर्द हुआ जिसके बाद वे अस्पताल में जांच करवाने के बाद अपनी रिपोर्ट लेने गए थे कि शाम के समय हृदयाघात से उनका निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से परिवार, सहकर्मियों एवं संपूर्ण बल में शोक की लहर फैल गई। दिवंगत कांस्टेबल रमन सिंह एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं समर्पित जवान थे, जिन्होंने सदैव राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि रखा। शनिवार को उनके पैतृक गांव नडियाणा रांगड़िया में तिरंगे झंडे में लिपटा पार्थिक शरीर पहुंचा तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। उनका



राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार, गार्ड ऑफ ऑनर में शामिल सहकर्मी।

अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नडियाणा रांगड़िया में पूरे राजकीय सम्मान एवं परंपराओं के अनुसार किया गया।

इस अवसर पर आईटीबीपी के अधिकारियों एवं उनके सहकर्मियों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान दिया। रमन कुमार के के दो जुड़वा बेटे शौर्य और धैर्य ने मुखाग्नि दी। उनके परिवार उनकी माता, दादी, पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं जिनका इकलौता सहारा छिन गया है। शोक संतृप्त परिवार के प्रति सभी अपनी संवेदनाएं दे रहे हैं, लेकिन परिवार को इस दुखद घड़ी में संभालना मुश्किल हो रहा है। दिवंगत के ताया वासुदेव ने बताया कि उन्हें यह मलाल है कि स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी नहीं आया। उन्होंने कि बटालियन की ओर से उन्हें सलामी दी गई। अंतिम संस्कार में उनके परिजन, रिश्तेदार, स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान

## हमीरपुर में भाजपा जिला महिला मोर्चा की बैठक संपन्न, महिला सशक्तिकरण पर किया विचार-विमर्श

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा जिला महिला मोर्चा हमीरपुर की परिचायक बैठक आज भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चैहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर तथा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर उपस्थित रहे।

बैठक में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, भाजपा प्रदेश सचिव वंदना योगी, बड़सर से विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र राणा एवं विजय अग्निहोत्री, भाजपा जिला महामंत्री अजय रिंटू सहित महिला मोर्चा की वरिष्ठ पदाधिकारी राजकुमारी ठाकुर, सुमन चैहान, सुमन कापिल तथा बड़ी संख्या में अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डेजी ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा महिला मोर्चा देशभर में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने



हमीरपुर में भाजपा जिला महिला मोर्चा की परिचायक बैठक में उपस्थित गणमान्य।

के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा जैसी योजनाओं से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है।

उन्होंने महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे केंद्र सरकार की इन योजनाओं को जनदूजन तक पहुंचाने का कार्य करें। कमलेश कुमारी ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा ने महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क के माध्यम से ही पार्टी की नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

अर्चना चैहान ने कहा कि परिचायक बैठक का उद्देश्य नए और सक्रिय कार्यकर्ताओं को भाजपा की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली एवं महिला मोर्चा की भूमिका से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला महिला मोर्चा भविष्य में प्रशिक्षण शिविरों, महिला सम्मेलन एवं जनजागरण अभियानों के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त करेगा। राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा की चुनावी और संगठनात्मक सफलता में महिला मोर्चा की भूमिका सदैव निर्णायक रही है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की सक्रियता से पार्टी की नीतियां घर-घर तक पहुंचती हैं और संगठन को मजबूती मिलती है। उन्होंने महिला मोर्चा के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक के पश्चात सभी उपस्थित गणमान्य जन समीरपुर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रो. धूमल ने महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा महिला मोर्चा ने राष्ट्र निर्माण और संगठन को मजबूत करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही सशक्त संगठन और सशक्त भारत का निर्माण संभव है, और महिला मोर्चा इस दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य कर रहा है।

# 8 पंचायतों की 36 जनसमस्याओं में से अधिकांश मौके पर निपटाईं



गारली में सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार धर्मपाल नेगी और विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत भवन गारली में 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार धर्मपाल नेगी ने की और इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायतों की लगभग 36 जन समस्याओं की सुनवाई की गई।

जन समस्याओं में से अधिकांश का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य सीधे जनता के बीच प्रशासन की पहुँच सुनिश्चित करना और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना था।

इस पहल से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और विभागों से जुड़े मुद्दों को सीधे प्रशासन तक पहुँचाने का अवसर मिला। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

### प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के उपकप्तान विपिन राणा का असामयिक निधन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के उपकप्तान विपिन राणा (ऊना) का असामयिक निधन पूरे व्हीलचेयर क्रिकेट समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है। दो बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके विपिन राणा अपने अदम्य साहस और खेल भावना के लिए जाने जाते थे। उनकी असामयिक मृत्यु से टीम और



स्थानीय खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के अध्यक्ष राजन कुमार, हिमाचल टीम के कप्तान अमित ठाकुर, इंडिया व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान सोमजीत और व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय प्रताप ने विपिन राणा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। टीम के साथी खिलाड़ियों ने मैदान पर बिताए उन लम्हों को याद करते हुए कहा कि विपिन राणा की हंसी और मस्ती हमेशा उनके दिलों में जिंदा रहेगी। उनका समर्पण और खेल के प्रति जुनून सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत था। विपिन राणा के निधन से हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम और उनके प्रशंसक सदमे में हैं। उनका योगदान और यादें हमेशा खेल प्रेमियों के दिलों में जीवित रहेंगी।

**प्रेसवार्ता** एक निदेशक पदक, 33 स्वर्ण पदक, 13 रजत व 13 कांस्य किए जाएंगे प्रदान

# एनआईटी हमीरपुर के 1299 छात्र होंगे सम्मानित

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर 22 दिसंबर को 16वां दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है जिसमें सभी छात्र पारंपरिक परिधान कुर्ता पायजामा व सरवार कमीज में अपनी डिग्री व उपाधियां लेंगे। इस दौरान शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में 1299 डिग्री व उपाधियां प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे जबकि रक्षा भू-सूचना अनुसंधान प्रतिष्ठान के निदेशक डॉ प्रमोद कुमार सत्यावली विशिष्ट अतिथि होंगे। एनआईटी के निदेशक प्रो एचएम सूर्यवंशी ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 1299 उपाधियां प्रदान की जाएंगी। जिनमें 900 स्नातक, 338 स्नातकोतर तथा 61 पीएच डी उपाधियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि 61 पीएच डी धारकों को उपाधियां दी



एनआईटी के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी प्रेसवार्ता करते हुए व साथ में हैं अन्य।

**22 दिसंबर को आयोजित होगा समारोह, पूर्व केंद्रीय मंत्री करेंगे मुख्यातिथि शिरकत**

**पारंपरिक परिधान सफेद कुर्ता पायजामा व सलवार, कमीज के साथ नजर आएंगे छात्र**

जा रही हैं इससे पहले यह आंकड़ा 49 तक रहा है। इसके अतिरिक्त संस्थान उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और उपलब्धियों के लिए एक निदेशक पदक, 33 स्वर्ण पदक, 13 रजत और 13 कांस्य पद मेधावी छात्रों को प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एनआईटी हमीरपुर ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा 2025 में 97 वां स्थान रहा है, लेकिन आने वाले समय में रैंकिंग को भी सुधारा जाएगा। उन्होंने बताया कि एनआईटी हमीरपुर की प्लेसमेंट दर 93 प्रतिशत से अधिक है और देश भर में पहले स्थान पर है। विद्युत अभियांत्रिकी तथा वास्तुकला विभागों ने 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल की है। उन्होंने बताया कि संस्थान 200 करोड़ रूपए का शोध पार्क स्थापित किया जा रहा है जो विद्युत वाहनों, कृत्रिम बुद्धिमता एवं क्लाउड कंप्यूटिंग, उन्नत पदार्थ, आपदा प्रबंधन तथा अर्धचालक प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में 600 शोध पत्र प्रकाशित किए गए। इसके अलावा कुल 23 पेटेंट दाखिल किए गए जिनमें 10 पेटेंट स्वीकृत हुए हैं।

उन्होंने बताया कि संस्थान वर्ष 2026 में शिक्षा महाकुंभ आयोजित करने जा रहा है जिसमें देश भर से छात्र भा लेने आएंगे यह भी संस्थान एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 20 करोड़ रुपए के प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएं का संचालन कर रहे हैं जिन्हें एएनआरएफ, एचपीएसडीएमए, सीएसआईआर, मैटी, डीबीटी, एमएनआरई, डीआरडीओ, हिमकोस्टे तथा आईसीएसएसआर एजेंसियां द्वारा फंडिंग की जा रही है।

# हिमाचल सरकार ने 3 एचपीएस अधिकारियों के किए तबादले

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्य सरकार ने तीन हिमाचल पुलिस सेवा (एचपीएस) अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए है। साल 2010 बैच के एचपीएस अधिकारी एवं तृतीय भारतीय रिजर्व बटालियन पंडोह में तैनात दिनेश कुमार शर्मा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) चंबा लगाया है।

एचपीएस अधिकारी एवं परिवहन निदेशालय शिमला में लीगल एजेंसी/रोड सेफ्टी सेल में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत दुष्यंत सरपाल को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन शिमला में एएसपी पद पर डीएसपी लगाया है। एचपीएस एवं साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन शिमला में डीएसपी विपन कुमार को परिवहन निदेशालय शिमला के लीगल एजेंसी/रोड सेफ्टी सेल में डीएपी लगाया गया है। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिए है।

## न्यूज ब्रीफ

### एसएसबी ने स्थापना दिवस पर शहीदों को किया नमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला स्थित सशस्त्र सीमा बल के दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र कुसुम्पटी में बल का 62वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कमान अधिकारी उप-कमांडेंट (संचार) अजय शर्मा ने किया। समारोह की शुरुआत बल ध्वज को सलामी और महानिदेशक के बधाई संदेश के प्रसारण से हुई। इस अवसर पर शहीद जवानों की पुण्य वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। कमान अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद भले ही आज हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित न हों, लेकिन उनका साहस और त्याग पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केंद्र परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में शिमला के स्थानीय जनप्रतिनिधि, बल के पूर्व जवान, संदीक्षा परिवार, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह ने बल की एकता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। वहीं, 3 जवानों को सिल्वर डीजी डिस्क से सम्मानित किया।

### अग्निवीर भर्ती रैली का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रामपुर बुशहर में 17 से 24 नवंबर तक आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय शिमला के भर्ती निदेशक कर्नल मनीष सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणियों के उम्मीदवारों का परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। सभी अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं।
आईटीआई जुन्गा में डिजिटल वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित।

### आईटीआई जुन्गा में डिजिटल बैंकिंग के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की शाखा के सौजन्य से आईटीआई जुन्गा में एक दिवसीय डिजिटल वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। बैंक प्रबंधक विशाल शर्मा ने प्रशिक्षुओं और शिक्षकों को डिजिटल बैंकिंग, नकदी रहित लेन-देन, नेफ्ट, आरटीजीएस, आईएमपीएस तथा भीम और हिमपैसा ऐप की जानकारी दी। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार तथा नाबार्ड की विभिन्न बचत, ऋण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी देते हुए प्रशिक्षुओं से अपने बैंक खाते का पिन और ओटीपी किसी के साथ साझा न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में आईटीआई स्टाफ, प्रशिक्षु और बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नारकंडा में पर्यटन विभाग ने अवैध जिप लाइन और साहसिक खेलों पर लगाई रोक

## चार संचालकों को नोटिस, अवैध उपकरण हटाने का दिया अल्टीमेटम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



नारकंडा क्षेत्र के जंगलों में अवैध रूप से स्थापित जिप लाइन और साहसिक गतिविधियों के उपकरण।

**शिमला।** शिमला जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नारकंडा में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर पर्यटन विभाग ने सख्त कदम उठाया है। झमुंडा और सिद्धपुर इलाकों में बिना अनुमति संचालित जिप लाइन और अन्य साहसिक गतिविधियों को जिला पर्यटन विकास अधिकारी के औचक निरीक्षण के बाद तुरंत बंद करवा दिया गया।

निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन करने वाले चार संचालकों को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर अवैध उपकरण जिप लाइन की रस्सियां, अस्थायी प्लेटफॉर्म और लोहे के एंकर हटाने का निर्देश दिया गया। विभाग ने चेताया कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई, तो स्थल को सील किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।

जांच में यह भी सामने आया कि कई गतिविधियां वन क्षेत्र और संवेदनशील भूमि पर संचालित हो रही थीं, जिससे पर्यावरण संतुलन प्रभावित हो रहा था और भूस्खलन एवं दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ रहा था। विभाग ने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण, सुरक्षा प्रमाणन और बीमा व्यवस्था के किसी भी साहसिक खेल का संचालन पूर्णतः अवैध है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत अब प्रदेशभर में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर सख्ती लागू की जाएगी।

### पर्यावरण व सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : पर्यटन अधिकारी

**जिला** पर्यटन विकास अधिकारी जगदीश शर्मा ने कहा कि पर्यटन विभाग पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। साहसिक पर्यटन तभी स्वीकार्य है जब वह पूरी तरह नियमों के अनुरूप और सुरक्षित ढंग से संचालित हो। यदि कोई संचालक भविष्य में ऐसी गतिविधियां चलाना चाहता है, तो उसे पर्यटन विभाग से विधिक अनुमति और पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवाना होगा, अन्यथा किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी।

# नशे के खिलाफ सख्ती, चिट्टा तस्करों की अब तक 48 करोड़ की संपत्ति जब्त

## बद्दी, कुल्लू और सिरमौर में तीन तस्कर लिए हिरासत में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पुलिस और औषधि नियंत्रण विभाग टीम कार्रवाई करती हुई।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चिट्टा तस्करों पर सख्त शिकंजा लगातार कसा जा रहा है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश पुलिस ने बद्दी, कुल्लू और सिरमौर जिलों में समन्वित एवं लक्षित कार्रवाई करते हुए पीआईटी एंड एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत तीन चिट्टा तस्करों को हिरासत में लिया है। प्रदेश में अब तक इस अधिनियम के तहत निरुद्धियों की संख्या 65 हो चुकी है, जबकि चिट्टा तस्करों की लगभग 48 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है।

नशे की अवैध आपूर्ति श्रृंखला पर रोक लगाने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश पुलिस और औषधि नियंत्रण विभाग ने 19 और 20 दिसंबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान प्रदेशभर में 80 संदिग्ध केमिस्ट और मेडिकल दुकानों को चिन्हित कर आकस्मिक और सघन निरीक्षण किया गया। सोलन, सिरमौर, बद्दी, मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, नूरपुर, चंबा और ऊना जिलों में की गई जांच के दौरान लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, क्रय-विक्रय अभिलेख, चिकित्सकीय पर्चे और डिजिटल लेन-देन की गहन पड़ताल की गई, जिसमें आठ दुकानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

विशेष अभियान के दौरान जिला ऊना में एक मेडिकल दुकान मालिक के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया, जहां से 2330 ट्रामाडोल गोलियां, 800 प्रीगैबलिन कैप्सूल और 24 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। इसके अलावा ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक्स अधिनियम के तहत बिलासपुर, बद्दी, ऊना, नूरपुर, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में कुल आठ दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 2117 प्रीगैबलिन कैप्सूल और 14 स्ट्रिप्स एबॉर्शन किटें जब्त की गईं। शेष दुकानों को नियमों के पालन के लिए सख्त चेतावनी और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

# अटल बिहारी वाजपेयी का हिमाचल के विकास में अविस्मरणीय योगदान : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के राज्य अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का हिमाचल प्रदेश के विकास में योगदान अविस्मरणीय और ऐतिहासिक है। 25 दिसंबर को उनका जन्मदिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है और अटल जी ने हिमाचल के विकास की जो नींव रखी, वह आज भी प्रदेश की प्रगति का आधार है।

उन्होंने बताया कि एक दिसंबर 2002 को सोलन से घोषित औद्योगिक पैकेज, जो 2003 में लागू हुआ, तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और भाजपा सरकार के प्रयासों से प्रदेश को मिला, जिससे उद्योगों का विस्तार हुआ और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हुए। डॉ. बिंदल ने कहा कि अटल रोहतांग टनल भी अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि का परिणाम है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प के साथ पूर्ण करवाया। इस टनल से लाहौल-स्पीति जैसे दुर्गम क्षेत्रों को सालभर देश की मुख्यधारा से जोड़ा गया और पर्यटन व सुरक्षा दोनों को मजबूती मिली। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस, 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह जी के साहबजादों की शहादत को समर्पित वीर बाल दिवस और 28 दिसंबर को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रदेशभर में सामूहिक रूप से मनाया जाएगा।

# मानवता की मिसाल बनी वस्त्र बैंक की पहल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




वस्त्र बैंक अभियान के तहत दानी सज्जनों से गर्म कपड़े एकत्र करते हुए स्वयंसेवक।

**शिमला के दस स्थानों पर वस्त्र संग्रह, 25 से शुरू होगा वितरण**

सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट और सेवार्थ विद्यार्थी के संयुक्त तत्वावधान में कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों को राहत देने के उद्देश्य से 20 और 21 दिसंबर को शिमला के विभिन्न हिस्सों में वस्त्र बैंक अभियान चलाया जा रहा है। इस मानवीय पहल के तहत शहर के दस प्रमुख स्थानों पर वस्त्र संग्रह केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां नागरिकों द्वारा दान किए गए साफ और उपयोग योग्य गर्म कपड़े व कंबल एकत्र किए जा रहे हैं।

इन वस्त्रों का वितरण 25 दिसंबर से शिमला शहर और आसपास के जरूरतमंद इलाकों में किया जाएगा, ताकि सर्द मौसम में कोई भी असहाय न रहे। अभियान को समाज के हर तबके से उत्साहजनक समर्थन मिल रहे हैं। वस्त्र बैंक के लिए संजौली बस स्टैंड, एसडीए कांप्लेक्स कुसुम्पटी, न्यू शिमला सेक्टर-2, पुराना बस स्टैंड, लॉन्गवुड, टुटू चौक, समरहिल चौक, मिडल सांगटी, टीचर्स कॉलोनी और चौड़ा मैदान में संग्रह व्यवस्था की गई है।

ट्रस्ट के सचिव प्रो. सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि वस्त्र बैंक केवल कपड़े इकट्ठा करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज में हमदर्दी, तआवुन और सेवा-भाव को मजबूत करने का जरिया है। उन्होंने नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों से अपील की कि वे अतिरिक्त, स्वच्छ और पहनने योग्य गर्म कपड़े दान कर इस नेक पहल को कामयाब बनाएं, ताकि जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कुराहट लौट सके।

# संसद में हिमाचल की आवाज बुलंद करने पर प्रियंका गांधी का सरहानीय कदम : विनय

## बोले-फोरलेन की बदहाली जानलेवा, भाजपा सांसद बने मूकदर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने चंडीगढ़-शिमला फोरलेन की बदहाल स्थिति को लोकसभा में मजबूती से उठाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह विषय केवल सड़क तक सीमित नहीं है, बल्कि हिमाचल की सुरक्षा, सुविधा और भविष्य से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश से चुने गए भाजपा सांसद पूरी तरह मूकदर्शक बने हुए हैं। विनय कुमार ने कहा कि फोरलेन पर बार-बार लगने वाले जाम और भूस्खलन से आम लोग, पर्यटक, मरीज और आपात सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं, जो बेहद चिंताजनक है।

विनय कुमार ने कहा कि चंडीगढ़-शिमला फोरलेन पर हो रहे भूस्खलन किसी प्राकृतिक आपदा से अधिक निर्माण में हुई घोर लापरवाही का नतीजा हैं। उन्होंने बताया कि अवैज्ञानिक कटिंग, कमजोर रिटेनिंग वॉल और खराब ड्रेनेज सिस्टम के कारण जगह-जगह पहाड़ दरक रहे हैं, जिससे सटे भवनों के साथ-साथ पूरे गांवों और क्षेत्रों का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि इस तरह का निर्माण विकास नहीं, बल्कि विनाश का रोडमैप है और इसकी कीमत आम जनता अपनी जान जोखिम में डालकर चुका रही है।

विनय कुमार ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मांग की कि हिमाचल में चल रहे फोरलेन निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और रिटेनिंग वॉल व ड्रेनेज व्यवस्था को वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप तत्काल सुधारा जाए। उन्होंने चेताया कि यदि सड़क सुरक्षा और जनता की परेशानियों को नजरअंदाज किया गया तो कांग्रेस पार्टी जनहित में सड़कों से लेकर संसद तक हर स्तर पर संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेगी।

# मशोबरा में 23 दिसंबर को कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी में क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला प्रवीन नगराईक ने बताया कि क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला द्वारा होटल क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। कुफरी स्थित स्टर्लिंग हॉलीडेज रिसोर्ट के लिए फ्रंट ऑफिस असिस्टेंट, स्टीवार्ड और रूम अटेंडेंट के कुल छह पदों को भरने के उद्देश्य से 23 दिसंबर 2025 को उप-रोजगार कार्यालय मशोबरा में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं, स्नातक अथवा होटल मैनेजमेंट उत्तीर्ण निर्धारित की गई है तथा उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इन पदों के लिए पुरुष और महिला दोनों अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों और रिज्यूम सहित 23 दिसंबर को प्रातः 10 बजे उप-रोजगार कार्यालय मशोबरा में उपस्थित होना सुनिश्चित करना होगा। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिन उम्मीदवारों का पंजीकरण अभी तक नहीं हुआ है, वे वेबसाइट पर जाकर घर बैठे ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए 94182-10532 पर संपर्क किया जा सकता है।

# झूठे दावों से नहीं, ठोस आर्थिक सुधारों से मजबूत होगी प्रदेश की आर्थिकी : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**तीन साल में एक भी ठोस प्रदेशव्यापी योजना नहीं उद्योग और रोजगार को लेकर सरकार विफल**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार तीन वर्षों में झूठे दावों और खोखले बयानों के अलावा कोई ठोस उपलब्धि नहीं दिखा पाई है। उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार आत्मनिर्भर हिमाचल की बात करती है, लेकिन उसे हासिल करने के लिए न तो कोई स्पष्ट नीति है और न ही कोई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री आज तक यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर ऐसे कौन से निर्णय लिए गए हैं जिनसे प्रदेश की आर्थिकी मजबूत हुई हो। सरकार केवल कर और कर्ज के सहारे चल रही है, जो प्रदेश के भविष्य के लिए चिंताजनक है।

जयराम ठाकुर शिमला से जारी बयान में कहा कि भाषणों, आंकड़ों की बाजीगरी और निराधार बयानों से अर्थव्यवस्था सशक्त नहीं होती। इसके लिए उद्योगों को संरक्षण, निवेश के लिए अनुकूल माहौल और रोजगार सृजन की ठोस नीति जरूरी होती है, जिसमें वर्तमान सरकार पूरी तरह असफल रही है। सत्ता में आने से पहले किए गए वादों के विपरीत, सरकार ने उद्योगों को हतोत्साहित किया, निवेशकों के लिए प्रतिकूल वातावरण बनाया और पूर्व सरकार की स्वरोजगार योजनाओं को बंद कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि नए उद्योग आना रुक गए, निवेशकों का भरोसा टूटा और युवा उद्यमी अधूरे प्रोजेक्ट्स के कारण परेशान हो रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि सरकार के पास वास्तविक उपलब्धियां होतीं तो तीन साल के कार्यक्रम में अपनी योजनाओं और जनहित के कार्यों को गिनाया जाता, लेकिन सरकार एक भी ऐसी प्रदेशव्यापी योजना नहीं बता सकी जिससे आम हिमाचली को सीधा लाभ मिला हो। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल जनहित के कार्यों के बजाय मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों के बीच आपसी खींचतान और सत्ता संघर्ष में बीत गया। जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का असली चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है और प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि झजे दावों के बजाय ठोस काम और दूरदृष्टि की जरूरत है।

# हिमाचल में घटिया दवाओं पर भाजपा ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने हिमाचल में दवाओं के सैंपल फेल होने के मामलों को गंभीर बताते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर जनता की सेहत से जुड़ा विषय है और कांग्रेस सरकार की लापरवाही को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बनी 47 दवाओं का मानकों पर खरा न उतरना इस बात का संकेत है कि दवा निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था कमजोर हो चुकी है। पैरासिटामोल, मेटफॉर्मिन, रेमिप्रिल, सोडियम वैल्प्रोएट, क्लोपिडोग्रेल और एस्प्रिन जैसी रोजमर्रा व जीवनरक्षक दवाओं के सैंपल फेल होना चिंताजनक है। सोलन, सिरमौर और ऊना जिलों से जुड़े मामलों ने हिमाचल जैसे फार्मा हब की साख पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।



**संदीपनी बोले-दवा गुणवत्ता में लापरवाही से जनस्वास्थ्य पर गहराया संकट**

भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि दवा निर्माण में सामने आ रही गड़बड़ियां सरकारी संरक्षण और निरीक्षण तंत्र की ढिलाई का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क को आगे बढ़ाने में रुचि नहीं दिखा रही, जिससे गुणवत्ता नियंत्रण, निवेश और रोजगार के अवसर प्रभावित हो रहे हैं। यदि इस परियोजना को गंभीरता से आगे बढ़ाया जाता तो बेहतर निगरानी के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलते। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जा सकता और भारतीय जनता पार्टी घटिया दवाओं के जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा मेडिकल डिवाइस पार्क को बिना राजनीति के गति देने की मांग करती रहेगी।

**असमंजस** | सेब पेड़ बच गए; मगर जमीन का फैसला अब भी अधर में, कारगर नीति के बिना तस्वीर अधूरी

# सुप्रीम कोर्ट की राहत अधूरी, बागवानों के सुकून पर अभी भी सवाल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




**शिमला।** हिमाचल की पहाड़ियों में इस वक्त राहत और बेचैनी का अजीब संगम दिखाई दे रहा है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने वन भूमि से सेब के पेड़ काटने पर रोक लगाकर बागवानों को बड़ी राहत जरूर दी है, लेकिन इस राहत के साथ कई सवाल अब भी जेहन में तैर रहे हैं। जिन जमीनों पर सालों से सेब के बाग फल-फूल रहे हैं, वे वन भूमि हैं और उन पर हुए अतिक्रमण को लेकर अदालत की ओर से अभी कोई अंतिम दिशा तय नहीं की गई है। मतलब साफ है, पेड़ तो बच गए, लेकिन जमीन का मुकद्दर अभी भी धुंध में लिपटा हुआ है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि ऐसी भूमि को वैध किया जाएगा या नहीं और अगर किया जाएगा तो किस नीति के तहत।

यह पूरा विवाद हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उन आदेशों से जुड़ा रहा है, जिनमें अतिक्रमित वन भूमि से फलदार बाग हटाने और उनकी जगह वन प्रजातियों के पौधे लगाने के सख्त निर्देश दिए गए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने इन आदेशों को रद्द करते हुए सेब के पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी, लेकिन साथ ही यह भी साफ कर दिया कि इससे अतिक्रमित भूमि पर किसी का अधिकार अपने आप मान्य नहीं हो जाता। अदालत का यह रुख बताता है कि पर्यावरण और रोजी-रोटी के बीच तात्कालिक संतुलन तो साधा गया है, मगर भूमि के स्वामित्व और भविष्य को लेकर फैसला अभी बाकी है।

### गेंद अब राज्य सरकार के पाले में

**यही** वजह है कि यह फैसला एक साथ राहत भी है और इशारा भी। राहत इसलिए कि आजीविका और पर्यावरण पर तात्कालिक चोट थमी है और इशारा इसलिए कि अब गेंद सरकार के पाले में है। अगर राज्य सरकार समय रहते छोटे किसानों और बागवानों के हक में संतुलित नीति नहीं बनाती, तो यह मामला फिर अदालतों की चौखट तक लौट सकता है। फिलहाल, हिमाचल के बागों में सेब के पेड़ महफूज हैं, मगर उनकी जड़ों के नीचे की जमीन अब भी अपने जवाब का इंतजार कर रही है।

### छोटे बागवानों को मिली तत्काल राहत : टिकेंद्र

**मामले** के याचिकाकर्ता और शिमला नगर निगम के पूर्व उप महापौर टिकेंद्र सिंह पंवार का कहना है कि इस फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे हजारों छोटे बागवानों को तत्काल राहत मिली है। हालांकि, उन्होंने यह भी दो टूक कहा कि इसे पूरी जीत मानना जल्दबाजी होगी। उनके मुताबिक, सर्वोच्च न्यायालय का आदेश केवल पेड़ों की कटाई तक सीमित है, जबकि अतिक्रमित वन भूमि को लेकर स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है। जब तक हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार इस विषय पर ठोस और व्यावहारिक नीति नहीं बनाती, तब तक यह तय नहीं हो सकता कि छोटे बागवानों का भविष्य क्या होगा और बड़ी मात्रा में अतिक्रमित भूमि का समाधान किस दिशा में जाएगा।

# जुब्बल-नावर-कोटखाई में विकास की रफ्तार को लगे पंख

## ब्लॉक कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की दूरदर्शी सोच को दिया श्रेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**



सामूहिक चित्र में ब्लॉक कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र ने बीते तीन वर्षों में अभूतपूर्व विकास का साक्षी बनते हुए सड़क और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। ब्लॉक कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मुन्नी लाल नरसेठ ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि वर्ष 2023 से अब तक लगभग 500 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न सड़क परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिन पर कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 29 सड़कों को मंजूरी मिली है, जिससे बागवानों, किसानों और ग्रामीण जनता को बेहतर संपर्क सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन के दौरान क्षेत्र सड़क विकास में उपेक्षा का शिकार रहा, जबकि वर्तमान सरकार के तीन वर्षों में 154 सड़कों की पासिंग से क्षेत्र की तस्वीर बदल गई है।

मुन्नी लाल नरसेठ ने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की दूरदर्शी सोच के कारण जुब्बल-नावर-कोटखाई आज शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। राजकीय महाविद्यालय टिक्कर और सरस्वती नगर में जॉब बेस्ड और प्रोफेशनल कोर्स शुरू होने से क्षेत्र के युवाओं को घर-द्वार पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिला है। पहले इन कोर्सों के लिए युवाओं को बाहर जाना पड़ता था, जिससे परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर शिक्षा सुविधाएं मिलने से साधनहीन परिवारों के बच्चों के सपनों को नई उड़ान मिली है।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय जैसे उत्कृष्ट संस्थान की स्थापना, तीन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय, नए डिग्री कोर्स, राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स होस्टल और शिक्षा व खेल से जुड़े ढांचागत विकास ने जुब्बल-नावर-कोटखाई को शिक्षा का मजबूत केंद्र बना दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में यह क्षेत्र एक आदर्श और विकसित विधानसभा के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जहां विकास और अवसर दोनों साथ-साथ चल रहे हैं।

### एचपीसीए की नई कार्यकारिणी का चुनाव परिणाम किया घोषित, अध्यक्ष पद के लिए नहीं आया था एक भी आवेदन

# विजय उपाध्यक्ष और मनुज बने सचिव



एचपीसीए के पूर्व अध्यक्ष एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर के साथ नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एचपीसीए** की वार्षिक बैठक शनिवार को धर्मशाला स्टेडियम परिसर में आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्ष को छोड़कर नई कार्यकारिणी के चुनाव का परिणाम घोषित किया गया। एचपीसीए के पूर्व सचिव अवनीश परमार ने कहा कि नई कार्यकारिणी में विजय कुमार को उपाध्यक्ष, मनुज को सचिव, विशाल शर्मा को संयुक्त सचिव, विक्रम सिंह को कोषाध्यक्ष, डॉ. आरएस राणा, शिवेंद्र और शैलेंद्र को अपेक्स काउंसिल मेंबर नियुक्त किए गए हैं। परमार ने कहा कि अनुराग ठाकुर और एचपीसीए सचिव के तौर पर मैंने जो कार्य किए हैं, नई कार्यकारिणी उन्हें आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहेगी। गौरतलब है कि एचपीसीए चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए एक भी आवेदन नहीं आया है, जिसके चलते शनिवार को घोषित नई कार्यकारिणी के चुनाव परिणाम में अध्यक्ष का नाम शामिल नहीं है। इस अवसर पर एचपीसीए के पूर्व अध्यक्ष एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर भी मौजूद रहे।

**विशाल संयुक्त सचिव और विक्रम कोषाध्यक्ष नियुक्त किए**

## एचपीसीए के विजन को आगे बढ़ाएंगे: मनुज

**एचपीसीए** के नवनियुक्त सचिव मनुज ने कहा कि हम काफी वर्षों से एचपीसीए परिवार से जुड़े रहे हैं। क्रिकेट खेलते हुए हम एचपीसीए प्रशासन से जुड़े हुए थे। अनुराग ठाकुर के नेतृत्व तय किए गए विजन को अरुण धूमल के नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया। नई कार्यकारिणी का भी यही प्रयास रहेगा कि जो विजन बना है, उसे आगे बढ़ाया जाए।

## क्रिकेट क्षेत्र में अच्छा करने के होंगे प्रयास: विजय

**एचपीसीए** के नवनियुक्त उपाध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने एचपीसीए के बाद बीसीसीआई का भी नेतृत्व किया है। नई कार्यकारिणी अनुराग ठाकुर और अरुण धूमल के नेतृत्व क्रिकेट क्षेत्र में अच्छा कार्य करने का प्रयास किया जाएगा।

## स्कूली स्तर से तलाशी व तराशी जाएगी क्रिकेट प्रतिभा

**सूत्रों** से मिली जानकारी के अनुसार, एचपीसीए की शनिवार को आयोजित एजीएम में स्कूली स्तर से क्रिकेट प्रतिभा को तलाशने व तराशने का निर्णय लिया गया। इसके तहत इंटर स्कूल टूर्नामेंट व अंडर-14 टूर्नामेंट से छोटे स्तर पर आयोजन किए जाएंगे, ताकि क्रिकेट के प्रतिभावान खिलाड़ियों की तलाश की जाए। इन प्रदर्शनों से प्रदेशभर से बेहतर क्रिकेटर आगे आएंगे। इससे प्रदेश में क्रिकेट को लेकर और अधिक सुधार हो। इसके अलावा प्रदेश में क्रिकेट को लेकर और कैसे बेहतर किया जा सकता है। इसको लेकर सभी सदस्यों से सुझाव लिए गए। साथ ही हाल ही में भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच के दौरान उपयोग की गई ई-टिकट प्रणाली पर आने वाले आयोजनों में कैसे और बेहतरीन कार्य किया जाए, इसको लेकर भी चर्चा की गई।

### एमडी एचआरटीसी ने दिया 15 दिन में ऑर्डर जारी करने का आश्वासन

# शेष 74 पीसमील कर्मी भी आएंगे अनुबंध में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एचआरटीसी** में टेक्निकल स्टाफ में कार्यरत 74 पीसमील कर्मी भी जल्द अनुबंध में आएंगे। इसको लेकर एमडी एचआरटीसी ने 15 दिन के भीतर ऑर्डर जारी करने का आश्वासन दिया है। एचआरटीसी डिपो धर्मशाला टेक्निकल यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार ने शनिवार को प्रेसवार्ता में कहा कि इस मामले को लंबे समय से निगम प्रबंधन के समक्ष उठाया जा रहा था। शेष बचे पीसमील कर्मियों को सरकार ने अनुबंध पर लेने का फैसला लिया है, इस संबंध में अगले माह ऑर्डर होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में 1200 के लगभग पीसमील कर्मी हैं, जिनमें से 74 ही ऐसे पीसमील कर्मी थे, जो कि अनुबंध पर नहीं आ पाए थे। अब प्रदेश सरकार ने इन शेष बचे 74 पीसमील कर्मियों को भी अनुबंध पर ले लिया है, अब इन कर्मियों का भी दो साल बाद नियमित होने का कार्य प्रशस्त हो गया है। एचआरटीसी के एमडी डॉ. निपुण जिंदल ने टेक्निकल यूनियन से बैठक में अनुबंध पर लिए गए पीसमील कर्मियों के ऑर्डर 15 दिन के भीतर जारी करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि एमडी के समक्ष निगम के टेक्निकल स्टाफ को पेश आ रही समस्याओं से भी अवगत करवाया है। एमडी ने एचआरटीसी वर्कशॉप को आधुनिक मशीनें देने की भी बात कही है।



प्रेसवार्ता करते एचआरटीसी डिपो धर्मशाला टेक्निकल यूनियन के अध्यक्ष संजीव।

# टीजीटी पे स्केल में कई विसंगतियां स्केल कम, जूनियर को ज्यादा वेतन

### संघ ने उठाई टीजीटी स्केल को अगले वेतन आयोग में दुरुस्त करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश में कार्यरत 16 हजार टीजीटी शिक्षकों का पे स्केल विसंगतियों का शिकार है। एकतरफ देश के कई राज्यों की तुलना में यह कम है और दूसरी ओर इसमें 2016 के बाद नियुक्त शिक्षकों के वेतन में विसंगतियां हैं।

3 साल अनुबंध के बाद नियमित शिक्षकों का वेतन 2 साल में नियमित शिक्षकों से कम है। कोर्ट केस में हायर ग्रेड पे लाभ ले चुके शिक्षकों को एक इंक्रीमेंट लाभ मिला है, जो कि 2016 से 2022 के मध्य नियुक्त अनेकों टीजीटी शिक्षकों को विविध कारणों से नहीं मिला है। 3 जनवरी 2022 के बाद नियुक्त या नियमित शिक्षकों को यह लाभ नहीं मिल रहा है। हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और केरल जैसे राज्यों में टीजीटी शिक्षकों को हिमाचल प्रदेश की तुलना में अधिक वेतनमान मिल रहा है। ऐसे में टीजीटी स्केल को अगले वेतन आयोग में दुरुस्त करने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है। संघ के राज्य महासचिव विजय हीर ने कहा कि केंद्रीय छठे वेतन आयोग में टीजीटी का स्केल 9300-34800 पे बैंड में 4600 ग्रेड पे वाला था। वहीं, 7वें केंद्रीय वेतन आयोग में केंद्र सरकार ने 44900 रुपए मूल वेतन से टीजीटी स्केल शुरू किया, मगर प्रदेश के टीजीटी के लिए यह 38100 रुपए मिल रहा है।

इस कारण 6800 रुपए बेसिक पे का नुकसान स्केल के शुरुआत में ही गया। वर्ष 2012 के हायर ग्रेड पे संशोधन के समय टीजीटी और प्रवक्ता का पे बैंड 10300-34800 रुपए तय हुआ था और टीजीटी की ग्रेड पे 5000 रुपए थी और प्रवक्ता वर्ग की ग्रेड पे 5400 रुपए थी, लेकिन नए वेतन आयोग ने इस 400 रुपए के फासले को मूल वेतन में ही 4900 रुपए मासिक कर दिया है। डीए बढ़ाने के साथ यह फासला और बढ़ गया है।

टीजीटी का आरंभिक वेतन 38100 रुपए व प्रवक्ता का आरंभिक वेतन 43000 रुपए है यानी टीजीटी को 400 रुपए के ग्रेड पे के अंतर की जगह प्रवक्ता से 4900 रुपए कम वेतन मिल रहा है। उधर, 2016 से लागू वेतन आयोग में 15 प्रतिशत विकल्प देकर वेतन निर्धारित करवाने वाले टीजीटी शिक्षकों को एक इंक्रीमेंट अतिरिक्त मिल गई और 2.59 फैक्टर चुनने वालों को एरियर भी नाममात्र मिला और एक इंक्रीमेंट का नुकसान हो गया। इस तरह एरियर लेने के चक्कर में शिक्षकों को सारे सेवाकाल एक इंक्रीमेंट कम मिलेगी और 10 साल का वेतन एरियर अब भी सपना ही बना हुआ है।

## गैलेक्सी स्कूल के प्रिंसिपल अनुराग शर्मा शिक्षा भूषण अवॉर्ड से सम्मानित



शूलिनी यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित प्रिंसिपल कॉन्क्लेव कांगड़ा में मिला सम्मान।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां के प्रिंसिपल अनुराग शर्मा को शूलिनी यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित प्रिंसिपल कॉन्क्लेव कांगड़ा में शिक्षा भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम होटल द ग्रैंड राज कांगड़ा में आयोजित किया गया।

इस विशेष कार्यक्रम में प्रोफेसर दिनकर बुराथोकी रिटायर्ड डायरेक्टर हायर एजुकेशन हिमाचल प्रदेश मुख्यातिथि रहे। शूलिनी यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रिंसिपल अनुराग शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षा भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में अनुसंधान को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को विज्ञान व प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला ने कहा कि इनोवेशन और कड़े परिश्रम से व्यक्ति बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है ।

## डाडासीबा अस्पताल में में 61 ने किया रक्तदान

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** व्यापार मंडल डाडासीबा के सौजन्य से शनिवार को 61वें रक्तदान शिविर का आयोजन आदर्श स्वास्थ्य संस्थान नागरिक अस्पताल में किया गया। व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा की अध्यक्षता में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में ब्लड सेंटर मेडिकल कॉलेज टांडा से आए डॉ. कनुप्रिया की टीम ने अपनी सराहनीय भूमिका निभाई। शिविर में कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने भी रक्तदान किया।

व्यापार मंडल प्रधान ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में करीब 61 यूनिट ब्लड जमा किया गया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सभी को मोमेंट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उप प्रधान सूरज वर्मा, सचिव सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्ण दत्त सरोच, पूर्व प्रधान धर्मचंद, सेवानिवृत्ति सहायक अभियंता विमल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली में हिमाचली अभ्यर्थियों की ठहरने और खाने की मुफ्त व्यवस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**दिल्ली** पुलिस की लिखित परीक्षा पास करने वाले हिमाचली युवक और युवतियों को शारीरिक परीक्षा में भाग लेने के दौरान हिमाचल मित्रमंडल की ओर से हिमाचल सदन धर्मशाला कर्मपुरा में मुफ्त ठहरने और खाने की व्यवस्था की जाएगी तथा उनका उचित मार्गदर्शन किया जाएगा। हिमाचल हिमाचल मित्र मंडल के संस्थापक किशोरी लाल शर्मा ने बताया की स्टाफ सिलेक्शन कमीशन 18 दिसंबर से हिमाचल सहित देशभर में दिल्ली पुलिस की विभिन्न पदों की भर्तियों के लिए राज्यों में लिखित परीक्षा का आयोजन कर रहा है और इस लिखित परीक्षा में पास होने वाले अभियर्थियों का दिल्ली पुलिस के ट्रेनिंग सेंटर झरोदाकलां, बजीरावाद और द्वारका में शारीरिक टेस्ट आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले अनुभव के आधार पर यह पाया है कि शारीरिक टेस्ट की परीक्षा में ज्यादातर हिमाचली युवक और युवतियों उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और ज्ञान की बजह से फेल हो जाते हैं, जिससे पिछले काफी वर्षों से दिल्ली पुलिस में हिमाचलियों का प्रतिनिधित्व कम हो रहा है।

हिमाचल मित्र मंडल द्वारा लिखित परीक्षा में पास होने वाले अभियर्थियों को दिल्ली में शारीरिक परीक्षा पास करने के लिए दिल्ली में उचित मार्गदर्शन, सहयोग प्रदान किया जाएगा। दिल्ली पुलिस में कार्यरत/रिटायर्ड हिमाचली मूल के अधिकारियों द्वारा इन युवक-युवतियों को शारीरिक परीक्षा की बारीकियों के बारे में बताया जाएगा और इन्हें पास करने के टिप्स दिए जाएगा। उनके सेंटर द्वारा पहुंचाने की उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि लिखित परीक्षा पास कर चुके युवक व युवतियां मोबाइल नंबर 9811119275 , 9868893669, 9818560515, 9811279423 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

# धारकंडी क्षेत्र की सड़क पर व्यय किए जा रहे 64 करोड़: केवल

### उपमुख्य सचेतक ने दरीणी स्कूल के समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी नवाजे

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** विद्यार्थी जीवन में अर्जित किए संस्कार और ज्ञान जीवनभर मार्गदर्शन करते हैं। विद्यार्थी जीवन केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण काल होता है। यदि इस समय का सदुपयोग किया जाए तो न केवल व्यक्तिगत बल्कि समाज और राष्ट्र का भविष्य भी उज्ज्वल बनाया जा सकता है। यह बात शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने धारकंडी क्षेत्र स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दरीणी के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

पठानिया ने बताया कि धारकंडी क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षेत्र में लगभग 64 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य क्रियान्वित किए जा रहे हैं, जबकि जलशक्ति विभाग द्वारा इस पंचायत में पिछले तीन वर्षों में 43.23 लाख रुपए विभिन्न योजनाओं पर व्यय किए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि क्षेत्र में 5.84 करोड़ रुपए की लागत से 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन स्थापित किया गया है, जिससे लगभग 3500 परिवारों को कम वोल्टेज की समस्या से राहत मिली है और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि विद्यालय स्टेज का निर्माण कार्य 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण किया जाए।



वार्षिकोत्सव समारोह में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत।

## दरीणी स्कूल जल्द शुरू होगा सीबीएसई पाठ्यक्रम

**पठानिया** ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दरीणी में शीघ्र सीबीएसई पाठ्यक्रम आरंभ किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि तल माता मंदिर मार्ग पर एंटी-स्किड टाइलें बिछाने का खर्च वह स्वयं वहन करेंगे तथा तल माता पातका में भव्य प्रवेश द्वार (गेट) का निर्माण करवाया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## डीआर स्कूल नैहरनपुखर में विद्यार्थियों ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, गरली।** डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर का वार्षिक समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का सुंदर संगम बनकर उभरा। विद्यार्थियों की पंजाबी व पहाड़ी लोक प्रस्तुतियों, गिद्धा, झमाकड़ा, भांगड़ा और देशभक्ति गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। समारोह में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के पूर्व सचिव बलराम शर्मा मुख्य अतिथि तथा डाडासीबा कॉलेज की सेवानिवृत्त प्राचार्या कुमारी बीना गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां व मेरिट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि स्कूल के 10 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। मुख्य अतिथि बलराम शर्मा ने कहा कि आज की शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि संस्कारों से जुड़ा जिम्मेदार नागरिक तैयार करना होना चाहिए।

# प्रभु के पास जाने से पहले पालमपुर और प्रदेश में भाजपा की जीत हो, यही मेरी आखिरी इच्छा: शांता

**पालमपुर के दोनों मंडलों के संयुक्त संगठनात्मक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का जोश देखकर गदगद हुए**

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने विधानसभा पालमपुर के दोनों मंडलों के संयुक्त संगठनात्मक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु के पास जाने से पहले पालमपुर और प्रदेश में भाजपा की जीत हो, यही मेरी आखिरी इच्छा है।

शांता कार्यकर्ताओं का जोश देखकर काफी उत्साहित हुए और उन्होंने कहा कि जिस समय हमने इस पार्टी का गठन किया था, तब पूरे देश में पार्टी के साथ कार्यकर्ताओं को जोड़ना बहुत ही मुश्किल काम होता था, पर सच्चे मन और देश को परम वैभव तक ले जाने के सपने को संजोकर पार्टी के कार्यकर्ता आगे बढ़ते रहे और उस समय की सबसे छोटी पार्टी आज कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई। उन्होंने कहा कि उस समय जब हम चुनाव लड़ते थे और सभी चुनाव हार जाते थे, पर जब रिजल्ट आता था तो हार से भी हम खुश होते थे और जो अपनी जमानत बचा पाता था, वह कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाता था। आप कल्पना नहीं कर सकते हैं कि कोई व्यक्ति हार कर भी खुशी मनाए। शांता ने कहा कि आज का युग इस देश का और पार्टी का स्वर्ण युग चला हुआ है, आज दुनिया के 193 देशों में सबसे सफल, ताकतवर और सबसे प्रतिष्ठित व्यक्ति हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं। आज पूरी दुनिया में न तो मोदी जी का और न ही भाजपा का कोई विकल्प है।



पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडलों के संयुक्त संगठनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया।

## संगठनात्मक रजिस्टर का किया विमोचन

**भाजपा** के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने पालमपुर विधानसभा के प्रत्येक बूथ के लिए तैयार संगठनात्मक रजिस्टर का विमोचन शांता कुमार के कर कमलों से करवाया। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी व डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीरें भी बूथों को समर्पित की गईं। त्रिलोक कपूर ने कहा कि इस रजिस्टर से बूथ स्तर की गतिविधियों का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जाएगा। उन्होंने पालमपुर संगठन की मजबूती व 'मन की बात' कार्यक्रम में निरंतर प्रथम स्थान की सराहना की।

# जिले के मास्टर्स धर्मशाला में दिखाएंगे अपना दमखम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिलास्तरीय अंडर 9 एवं मास्टर वेटरन स्पर्धा 24 दिसंबर से**

**जिला** कांगड़ा बैडमिंटन संघ की ओर से धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय जिलास्तरीय अंडर 9 आयु वर्ग तथा मास्टर वेटरन ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 24 से लेकर 25 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर 9 आयु वर्ग के एकल मुकाबले लड़कों तथा लड़कियों के आयोजित किए जाएंगे और इस प्रतियोगिता का आयोजन पूरे हिमाचल प्रदेश में सिर्फ जिला कांगड़ा में ही किया जाता है।

अंडर-9 आयु वर्ग की प्रतियोगिता पिछले वर्ष से जिला कांगड़ा में आयोजित की गई थी। इसके अतिरिक्त मास्टर वेटरन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 35 आयु वर्ग से लेकर 70 प्लस आयु वर्ग के महिला तथा पुरुष एकल, युगल एवं मिश्रित मुकाबले में अपना दमखम दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में जो विजेता विजेता खिलाड़ी रहेंगे, उन खिलाड़ियों को जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के सौजन्य से सम्मानित किया जाएगा तथा इस प्रतियोगिता में जितने भी प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे उन सभी खिलाड़ियों को जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की ओर से सम्मानित किया जाएगा। विलास हंस ने बताया कि जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ हर एक प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की सुविधा अनुसार जो भी आयोजन करना है, उनका ध्यान में रखकर किया जाता है। इस प्रतियोगिता में जो 35 आयु वर्ग से लेकर 70 आयु वर्ग के एकल युगल एवं मिश्रित मुकाबले में विजेता एवं उपविजेता रहेंगे, वे आगे चलकर जिला कांगड़ा का नेतृत्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे।

# श्री साई फार्मेसी कॉलेज व जमकास फार्मास्युटिकल्स में एमओयू

### विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और उद्योग-शिक्षा समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए हुआ समझौता

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** कठुआ स्थित जमकास फार्मास्युटिकल्स प्रा. लि. और श्री साई फार्मेसी कॉलेज के मध्य विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं उद्योग-शिक्षा समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर संस्थान परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव का भी आयोजन किया गया, जिसमें बी फार्मेसी एवं एम फार्मेसी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एमओयू पर जमकास फार्मास्युटिकल्स की ओर से प्लांट हेड बी वेंकटेश एवं एचआर नरेंद्र ठाकुर ने हस्ताक्षर किए, जबकि श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की ओर से मुख्य प्रबंध निदेशक कंवर तुषार पुंज, प्राचार्य राजेश गुप्ता तथा निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सुलक्ष्य कुमार मुरगई व डॉ. गिरीश गुप्ता ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के प्रमुख बिंदुओं में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट सहायता, औद्योगिक प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर, इंडस्ट्री विजिट, लाइव प्रोजेक्ट्स, स्किल डेवलपमेंट तथा उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप मार्गदर्शन शामिल है। यह समझौता विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। सुलक्ष्य कुमार मुरगई ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली, करियर अवसरों एवं अपेक्षित कौशल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इस पहल को अपने करियर के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए संस्थान प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज व एमडी तृप्ता पुंज ने विश्वास जताया कि इस प्रकार के उद्योग-शैक्षणिक सहयोग से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा और वे भविष्य में फार्मास्युटिकल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर आल हेड्स व स्टाफ मौजूद थे।



एमओयू में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट सहायता, औद्योगिक प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर के प्रमुख बिंदु शामिल हैं।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था, बेरोजगारी व नशा युवाओं के भविष्य के लिए बड़ा खतरा: अरविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अरविंद चौधरी ने प्रदेश की मौजूदा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज प्रदेश एक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। बिगड़ती कानून व्यवस्था, तेजी से बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं में फैलता नशा समाज की जड़ों को लगातार खोखला कर रहा है। इस हालात ने आम नागरिकों से लेकर युवाओं, किसानों, कर्मचारियों और व्यापारियों तक, हर वर्ग के सामने असुरक्षा और अनिश्चितता का माहौल खड़ा कर दिया है।



अरविंद ने कहा कि नशे का जहर अब कुछ सीमित इलाकों तक सिमटा नहीं रह गया है, बल्कि गांव-गांव, कस्बों और शहरों की गलियों तक पहुंच चुका है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि स्कूल-कॉलेज के छात्र भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। लगातार सामने आ रहे मामलों से यह साफ़ होता है कि नशा तस्करों के हौसले बुलंद हैं, जबकि शासन-प्रशासन की ढीली कार्यप्रणाली के चलते इस पूरे नेटवर्क पर अब तक कोई निर्णायक प्रहार नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, प्रदेश का शिक्षित युवा गहरे रोजगार संकट से जूझ रहा है। डिग्री और डिप्लोमा हाथ में लिए युवा वर्षों तक रोजगार कार्यालयों और भर्ती विज्ञापनों की प्रतीक्षा करते रह जाते हैं। इससे निराशा, अवसाद और पलायन की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यही बेरोजग़ारी कई बार युवाओं को गलत राह, अपराध और नशे की दुनिया की ओर धकेल देती है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए अत्यंत गंभीर खतरा है। अरविंद चौधरी ने स्पष्ट किया कि युवा मोर्चा नशा तस्करों, भ्रष्ट तंत्र और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को हर मंच पर मजबूती से उठाएगा। भाजयुमो का लक्ष्य एक सुरक्षित, नशामुक्त और अवसरों से भरपूर प्रदेश का निर्माण करना है, जहां युवा भय नहीं बल्कि विश्वास और आत्मसम्मान के साथ भविष्य का निर्माण कर सकें।

# यादविंद्र गोमा ने किया ब्याड़ा पंचायत में डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

ब्याड़ा से पंचरुखी, मझीन, घाड़ संपर्क सड़क के सुधार, उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य में 4.62 करोड रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। इस सड़क का निर्माण कार्य दो माह शुरू किया जाएगा और टेंडर प्रक्रिया प्रगति पर है। यह बात आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने ब्याड़ा में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

इससे पूर्व मंत्री ने ब्याड़ा पंचायत में 9.5 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन और 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र के अपवर्धन का विधिवत लोकार्पण किया। गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सामाजिक समावेश सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन के निर्माण से स्थानीय समुदाय को सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक आधुनिक मंच प्राप्त होगा, जबकि ग्राम पंचायत सामुदायिक केंद्र का अतिरिक्त भवन सामूहिक बैठकों इत्यादि के लिए सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के सामूहिक और सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है ताकि समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होने अंबेडकर भवन की दूसरी मंजिल के निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 2.5 लाख, लक्ष्मी नारायण मंदिर के शेड़ निर्माण के लिए 2.5 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने खेल मैदान से अंबेडकर भवन तक की सड़क निर्माण के लिए विधायक निधि से आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए भूमिदान देने वाले व्यक्ति सुरेश कुमार को सम्मानित किया।

# सहकारिता हिमाचल की आत्मा, 20 लाख लोग जुड़े : मुकेश

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पालमपुर के कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने सहकार प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा हिमाचल प्रदेश सहकारिता नीति-2025 का अनावरण किया और संक्षिप्त वीडियो के माध्यम से शुभारंभ भी किया।



डिप्टी सीएम मुकेश ने हिमाचल प्रदेश सहकारिता नीति-2025 का अनावरण किया।

मुकेश ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सहकारिता आंदोलन का जन्मदाता है और सहकारिता जगत को दिशा देने वाला राज्य रहा है। सहकारिता पर हर घर का विश्वास टिका है। इसकी अलख ऊना से मियां हीरा सिंह ने जगाई थी और वर्ष 1906 में ऊना में ही पहली पंजीकृत सहकारी समिति बनी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सहकारिता का लगभग 50 हजार करोड़ रुपए का आर्थिक साम्राज्य है, जिससे 20 लाख लोग जुड़े हुए हैं। सहकारिता एक वित्तीय संस्था होने के साथ-साथ सामूहिक स्वामित्व का उदाहरण है, जहां सभी सदस्य मालिक होते हैं। सहकारिता से निकले हिमकैप्स जैसे संस्थान नर्सिंग कॉलेज, लॉ कॉलेज चला रहे हैं, जिनसे निकले विद्यार्थी नर्स, वकील और जज बनकर समाज की सेवा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन प्रदेश की सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था का सशक्त आधार है और राज्य सरकार इसे आत्मनिर्भर एवं समावेशी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रमुख माध्यम बना रही है। प्रदेश में सहकारिता आंदोलन का इतिहास 125 वर्षों से अधिक पुराना है। वर्तमान में प्रदेश में 5730 सहकारी समितियां कार्यरत हैं, जिनसे लगभग 19 लाख सदस्य जुड़े हैं। पिछले तीन वर्षों में 900 नई सहकारी समितियों का पंजीकरण किया गया है तथा 20,690 पंचायतें सहकारी नेटवर्क से जुड़ चुकी हैं।

## कृषि, दुग्ध और उपभोक्ता क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से कृषि, दुग्ध, बैंकिंग एवं उपभोक्ता क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है। प्रदेश में 2294 कृषि सहकारी समितियां और 10 सहकारी बैंक कार्यरत हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में 1082 दुग्ध सहकारी समितियां सक्रिय हैं, जिनमें महिलाओं की भागीदारी प्रमुख है। डिजिटलीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पीएसीएस के कंप्यूटरीकरण, ई-पैक्स, एम-पेक्स, सीएससी से जोड़ने तथा जीआईएस आधारित निगरानी प्रणाली लागू की जा रही है।

# धर्मशाला स्टेडियम की अगले मैच से पहले बढ़ेगी कैपासिटी

## कार्य हो चुका है शुरू, 27 हजार से अधिक दर्शक देख सकेंगे मैच

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला की कैपासिटी बढ़ाने की कवायद तेज हो गई है। धर्मशाला स्टेडियम में अगले होने वाले मैच से पहले स्टेडियम की कैपासिटी बढ़ा दी जाएगी, जिसका कार्य शुरू हो चुका है।




धर्मशाला स्टेडियम।

जानकारी के अनुसार, वर्तमान में स्टेडियम की कैपासिटी 22 हजार के करीब है, जिसे 27 हजार से अधिक करने की योजना है। गौरतलब है कि धर्मशाला स्टेडियम में होने वाले क्रिकेट मैच के दौरान देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेश से भी क्रिकेट प्रेमी पहुंचते हैं। ऐसे में एचपीसीए प्रयासरत थी कि अधिक से अधिक क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम में मैच का आनंद ले पाएं। इसी कड़ी में पहले भी स्टेडियम की कैपासिटी को बढ़ाया गया था, अब फिर से दर्शकों की सुविधा को देखते हुए इसमें और इजाफा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एचपीसीए की ओर से स्टेडियम की कैपासिटी को ब्वॉयज स्कूल की तरफ जो स्टैंड है, उसमें ही सिटिंग कैपासिटी बढ़ाया जाना है। इसके लिए कार्य शुरू हो चुका है।



स्टेडियम की कैपासिटी बढ़ाने की दिशा में कार्य शुरू हो चुका है। धर्मशाला में होने वाले आगामी क्रिकेट इवेंट से पहले स्टेडियम की कैपासिटी को बढ़ा दिया जाएगा। वर्तमान में स्टेडियम की कैपासिटी 22 हजार के करीब है, जिसमें 4 से 5 हजार के करीब कैपासिटी बढ़ाना प्रस्तावित है, जिस पर कार्य शुरू हो चुका है। एचपीसीए का प्रयास है कि स्टेडियम की कैपासिटी को 27 हजार से अधिक किया जाएगा।

**-विजय कुमार, उपाध्यक्ष एचपीसीए।**

## एसएमसी शिक्षकों के लिए सीमित सीधी भर्ती परीक्षा

# 1427 पदों पर भर्ती के लिए पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होना जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से शिक्षा विभाग में कार्यरत एसएमसी शिक्षकों के लिए सीमित सीधी भर्ती परीक्षा (एलडीआर) 2025-26 आयोजित की जा रही है। यह भर्ती कुल 1427 पदों के लिए होगी, जो केवल उन्हीं एसएमसी शिक्षकों के लिए आरक्षित है, जिन्होंने न्यूनतम पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है और जिनकी नियुक्ति एसएमसी नीति 17 जुलाई 2012 के अंतर्गत हुई है। भर्ती प्रक्रिया जॉब ट्रेनी आधार पर की जाएगी।

इस भर्ती के अंतर्गत विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी), जूनियर बेसिक ट्रेंड (जेबीटी) तथा ड्राइंग मास्टर के पद भरे जाएंगे। इनमें टीजीटी आर्ट्स, नॉन-मेडिकल, मेडिकल, हिंदी, संस्कृत, जेबीटी और ड्राइंग मास्टर के पद शामिल हैं। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल ने बताया कि भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**आवेदन प्रक्रिया शुरू**

**ऑनलाइन** आवेदन प्रक्रिया 20 दिसंबर से शुरू हो चुकी है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 23 दिसंबर निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क के साथ आवेदन 15 जनवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन में सुधार की सुविधा 16 से 18 जनवरी 2026 तक रहेगी। एलडीआर परीक्षा का आयोजन 19 से 21 जनवरी 2026 तथा 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

**परीक्षा शुल्क**

**परीक्षा** शुल्क 3000 रुपए निर्धारित किया गया है, जबकि विलंब शुल्क 600 रुपए होगा। शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड अथवा नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। डॉ. मेजर विशाल ने बताया कि केवल ऑनलाइन आवेदन जमा करने से किसी भी अभ्यर्थी को चयन या नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। चयन प्रक्रिया पात्रता जांच, दस्तावेज सत्यापन, पदों की उपलब्धता तथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन रहेगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि आवेदन पत्र भरते समय सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी बोर्ड के हेल्पलाइन नंबर पर कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं।

# जिले में आज 1070 बूथों पर पिलाई जाएंगी दो बूंद जिंदगी की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले में रविवार को पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य 5 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो ड्रॉप्स पिलाना है। अभियान के तहत जिले के 15 स्वास्थ्य खंडों में 1070 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। 211 पर्यवेक्षक और 4280 टीकाकर्मी तैनात किए गए हैं। साथ ही 191 चिन्हित उच्च जोखिम क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों व अन्य ट्रांजिट प्वाइंट्स पर मोबाइल टीमें तैनात रहेंगी। अभियान की तैयारियों को लेकर जिला टास्क फोर्स बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों व स्वैच्छिक संगठनों ने भाग लिया। उपायुक्त डॉ. विवेक करोल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा अभियान से न छूटे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 21 दिसंबर 2025 को अपने बच्चों को पोलियो बूथ पर अवश्य लाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### तोतारानी और बरनेट में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल मैक्लोडगंज के सहायक अभियंता रमन भरमौरियां ने बताया कि 22 दिसंबर को 33/11 केवी तोतारानी उप केंद्र में विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते तोतारानी, बरनेट, सतोवरी, नड्डी, डल झील, धीयाल, चंदमारी, टैंगलवुड, भटल्ला तथा टीसीवी आदि क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### जानकारी साझा न करने के आदेश पर जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रेस क्लब गगल की बैठक आयोजित की गई। इसमें पुलिस महानिदेशक द्वारा डीएसपी व एसएचओ को मीडिया से किसी भी मामले की जानकारी साझा न करने के आदेश पर कड़ी आपत्ति जताई गई। प्रेस क्लब सदस्यों ने कहा कि हर छोटे-बड़े मामले में उच्चाधिकारियों से संपर्क संभव नहीं है, जिससे जनहित से जुड़ी सूचनाएं जनता तक नहीं पहुंच पाएंगी। नशा विरोधी मुहिम, सड़क दुर्घटनाओं, मारपीट व चोरी जैसे मामलों की जानकारी भी प्रभावित होगी। सदस्यों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारों की पहुंच थाना व डीएसपी स्तर तक ही होती है। क्लब ने इस आदेश पर तुरंत पुनर्विचार कर इसे वापस लेने की मांग की।

### सकरी स्कूल में मेधावी किए सम्मानित



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सकरी में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश गुलेरिया मुख्य अतिथि रहे। समारोह का शुभारंभ वंदे मातरम व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने गिद्दा, भांगड़ा, हिमाचली नाटी, राजस्थानी नृत्य व कांगड़ी झमाकड़ा जैसी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्यातिथि ने बच्चों के इस कार्यक्रम को बहुत सराहा और उन्हें मेहनत, अध्ययन और अपने लक्ष्य निर्धारण का महत्व समझाया और नशे से दूर रहने और खेलों पर अधिक ध्यान देने की सलाह दी। प्रधानाचार्य संजय बागी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंत में मेधावी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपप्रधान गुरबचन गुलेरिया, पूर्व उपप्रधान शिव गुलेरिया, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मंजीत गुलेरिया, देसराज गुलेरिया, सकरी पंचायत के उपप्रधान रामसरुप शर्मा, कैप्टन मेघ सिंह नाथ, कैप्टन सरुप सिंह नाथ, पंचायत समिति सदस्य मंजीत जंजुआ सहित शिक्षक अजय कुमार, संजीव कुमार, रणधीर कुमार, मेडम शालू धीमान, निधि, अंजना, रंजना आदि उपस्थित रहे।

## सपड़ी में सशस्त्र सीमा बल का 62वां स्थापना दिवस मनाया

# 51 वीर बलिदानियों को नमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**सशस्त्र** सीमा बल (एसएसबी) का 62वां स्थापना दिवस केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र (सीटीसी), सपड़ी में में मनाया गया। इस अवसर पर संजय विधायक, ज्वालामुखी, अशोक तिवारी, पुलिस महानिदेशक हिमाचल प्रदेश, शहीदों के परिजन, सेवानिवृत्त अधिकारीगण, बल के वरिष्ठ अधिकारी, जवान एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

यह प्रथम अवसर था जब सशस्त्र सीमा बल की स्थापना दिवस परेड का आयोजन हिमाचल प्रदेश में किया गया। समारोह का शुभारंभ शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले एसएसबी के 51 वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल संजय सिंघल ने परेड का निरीक्षण कर, भव्य परेड की सलामी ली। सशस्त्र सीमा बल भारत-नेपाल की 1751 किलोमीटर तथा भारत-भूटान की 699 किलोमीटर लंबी खुली अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा, नक्सल विरोधी अभियानों एवं विशेष प्रचालनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

महिला प्लाटून की प्रभावशाली सहभागिता ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। महिला जवानों द्वारा हथियारों के साथ प्रस्तुत सशक्त, आत्मविश्वास से परिपूर्ण मार्च ने बल में महिलाओं की प्रभावी भूमिका एवं परिचालन क्षमता का सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर संचार निदेशालय द्वारा पहली बार प्रस्तुत की गई संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें आधुनिक संचार प्रणालियों, तकनीकी नवाचारों एवं उन्नत सूचना प्रबंधन क्षमताओं का प्रभावी प्रदर्शन किया गया।



हिमाचल में पहली बार सशस्त्र सीमा बल की स्थापना दिवस परेड का आयोजन किया।

### नहीं आ सके केंद्रीय मंत्री अमित शाह

**प्रतिकूल** मौसम और उड़ानदस्ता की तकनीकी समस्या के कारण केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके। उनकी अनुपस्थिति में महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल द्वारा उनका व्यक्तिगत संदेश पढ़कर सुनाया गया। अपने संदेश में माननीय गृह मंत्री ने एसएसबी के सभी अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवारों को 62वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बल के साहस, समर्पण, अनुशासन तथा सीमाओं की सुरक्षा में अतुलनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने कठोर भौगोलिक एवं मौसमीय परिस्थितियों में भी सीमावर्ती समाज में सुरक्षा एवं विश्वास स्थापित करने के लिए एसएसबी की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया तथा 51 वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा

**सम्मान** समारोह के दौरान महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल द्वारा बल के सेवानिवृत्त अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं कार्मिकों को उनकी वर्ष 2023 एवं 2024 में सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। वर्ष 2025 में नक्सल प्रभावित एवं विशेष प्रचालन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 29वीं वाहिनी, गया (बिहार) को सम्मानित किया गया। भारत-नेपाल सीमा पर सर्वश्रेष्ठ वाहिनी के रूप में 50वीं वाहिनी, उतरौला (उ.प्र.) तथा भारत-भूटान सीमा पर सर्वश्रेष्ठ वाहिनी के रूप में 64वीं वाहिनी, बरामा (असम) को बेस्ट बटालियन ट्रॉफी प्रदान की गई। सर्वश्रेष्ठ बीओपी के रूप में 42वीं वाहिनी, बहराइच (उ.प्र.) - रूपईडीहा एवं 64वीं वाहिनी, बरामा (असम) सुखानजोली को सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में राइफल टैटू ड्रिल, मास पीटी, पारकोर एक्सरसाइज एवं डेयर डेविल्स जैसे रोमांचक प्रदर्शनों ने दर्शकों को अत्यंत उत्साहित किया।

# शिवाली मिस और आकाश चुने मिस्टर फ्रेशर

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षण महाविद्यालय के एससीए और बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बीएड प्रथम वर्ष 2025-27 के नए छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया।

कार्यक्रम में प्रबंधक निदेशक गंधर्व सिंह पठानिया ने मुख्यातिथि व डॉ. बीएस पठानिया ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना के साथ-साथ श्लोक गायन के माध्यम से देवी सरस्वती का मधुर आह्वान किया।

एससीए अध्यक्ष अदिति ने बीएड के नए छात्रों का स्वागत किया। कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया ने कहा कि अपनी क्षमता या आगे आने वाले अवसरों को अपनाने तथा अपने भीतर के आलस्य को हराने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, सीनियर्स द्वारा नए विद्यार्थियों के लिए बालीवुड, पंजाबी तथा पहाड़ी नाटी सहित एकल तथा समूह नृत्य पर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में मॉडलिंग का भी आयोजन रहा। सभी प्रतिभागियों ने प्रश्न-उत्तर राउंड के दौरान सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को विभिन्न खिताबों से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ अश्वनी कुमार ,रजत शर्मा,मिलिया महाजन ने बीएड प्रथम सत्र के छात्रों में आकाश तथा शिवाली गुलेरिया को मिस्टर तथा मिस फ्रेशर चुना, जबकि वृषभ तथा शालिनी को मिस्टर तथा मिस पर्सनैलिटी चुना गया। दीपिका, अजय शर्मा ने बेस्ट ड्रेस का खिताब जीता। इस मौके पर प्रबंध निदेशक जीएस पठानिया, कार्यकारिणी निदेशक डॉ बीएस पठानिया, प्राचार्य डॉ.प्रवीण शर्मा, विभागाध्यक्ष सुमित शर्मा, डॉ. अनिता चंदेल, डॉ. अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।



द्रोणाचार्य कॉलेज में नए छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया।

# आर्थिक संकट के दौर में कांगड़ा कार्निवाल के नाम पर उगाही गलत : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा ने आर्थिक संकट के दौर में कांगड़ा वैली कार्निवाल के नाम पर धन की उगाही को गलत करार दिया है। सुधीर शर्मा ने जारी बयान में कहा कि एक तरफ पूरा प्रदेश आपदा से जूझ रहा है, डिजास्टर एक्ट लगा है। ऐसे समय में लोगों से पैसे उगाहकर जश्न मनाना गलत बात है। सुधीर शर्मा ने कहा कि व्यापारियों, पेट्रोल पंप संचालकों, एलपीजी एजेंसियों, आटा-चावल मिलों और ईंट भट्ठा मालिकों से ऐसे समय योगदान मांगा जा रहा है, जब व्यापार का भट्ठा बैठा हुआ है। सुधीर शर्मा ने कहा कि यह भी पता चला है कि कांग्रेस सरकार के नेताओं के निर्देशों पर पंचायतों से भी पैसा मांगा जा रहा है।

पंचायतों में मनरेगा के कच्चे और पक्के काम ठप पड़े हैं। अन्य विभागों से मिलने वाली ग्रांट भी बंद है, ऐसे में पंचायतें कहां से पैसा देंगी। सुधीर शर्मा ने कहा कि यह कोई सांस्कृतिक सहयोग नहीं, बल्कि सरकारी ठप्पे के साथ जबरन वसूली है। सुधीर ने कहा कि जिन लोगों को उगाही के लिए मजबूर किया जा रहा है, भाजपा उनके साथ खड़ी है। अन्याय सहन नहीं होगा। किसी से जबरन वसूली हुई तो भाजपा आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

### डाडासीबा कॉलेज के स्टूडेंट्स शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा के 50 विद्यार्थियों का दल शनिवार को प्राचार्य प्रो. रजनी सांख्यान की अध्यक्षता तथा प्रो. खेम शीतल देवी और पलक सिंह के मार्गदर्शन में अमृतसर शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ। इसका उद्देश्य स्वर्ण मंदिर श्री दरबार साहिब सिख म्यूजियम जलियांवाला बाग दुर्गियाना मंदिर खालसा विश्वविद्यालय बाघा बॉर्डर इत्यादि का शैक्षणिक भ्रमण करते हुए ऐतिहासिक सामाजिक और संस्कृत अध्ययन करना है। यह भ्रमण शिक्षा के साथ सांस्कृतिक आदान प्रदान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़ाई जागरुकता

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** द हंस फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय उच्च विद्यालय हरेड़ में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता वन अग्नि शमन परियोजना के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों से वनाग्नि, उसके कारण, दुष्प्रभाव तथा रोकथाम से जुड़े प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सटीक उत्तर देकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। इस अवसर पर द हंस फाउंडेशन की टीम ने बताया कि संस्था पिछले एक वर्ष से वन अग्नि शमन परियोजना के तहत क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण सत्र और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों को वन संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की यह पहल सराहनीय रही। इससे बच्चों के ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी सुदृढ़ हुई।

**बैठक** 25 दिसंबर को होने वाली मैराथन के लिए 1048 ने करवाया पंजीकरण : जफर इकबाल

# धर्मशाला में दौड़ेंगे देश-विदेश के धावक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**नगर** निगम धर्मशाला एवं जिला प्रशासन धर्मशाला की ओर से बिगफुट एडवेंचर इंडिया के सहयोग से धर्मशाला मैराथन-2025 का आयोजन 25 दिसंबर को किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश से धावक भाग लेंगे। यह जानकारी आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल ने मैराथन के आयोजन के संबंध में जिला अधिकारियों के साथ नगर निगम के समृद्धि भवन में आयोजित बैठक में दी।

उन्होंने बताया कि मैराथन के लिए अब तक 1048 पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवल के दौरान होने वाले इस आयोजन से मैराथन में देश-विदेश से आने वाले धावकों को कार्निवल के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तो देखने को मिलेंगे, साथ ही वह धर्मशाला के पर्यटक स्थल भी देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से धर्मशाला को देश-विदेश में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह मैराथन केवल एक खेल कार्यक्रम नहीं, बल्कि धर्मशाला को खेल पर्यटन का प्रमुख गंतव्य बनाने की दिशा में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इवेंट की शुरुआत साईं एथलेटिक मैदान से होगी। इसमें 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, हाफ मैराथन और फुल मैराथन की श्रेणियां होंगी। उन्होंने कहा कि धावकों को इवेंट टी-शर्ट, फिनिशर मेडल, हाइड्रेशन सपोर्ट इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मैराथन के लिए 15 लाख रुपए का प्राइज पूल रखा गया है और फुल मैराथन के विजेता को एक लाख रुपए का इनाम मिलेगा। उन्होंने बताया कि मैराथन साई स्टेडियम से शुरू होकर साई स्टेडियम से सर्किट हाउस- कोतवाली बाजार-खनियारा-रक्कड़-दाड़ी होते हुए यह मैराथन साई स्टेडियम में ही समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि मैराथन में स्कूली और कॉलेज तथा विभिन्न संस्थानों के बच्चों सहित पुलिस, भारतीय सेना के जवान सहित आमजन भी भाग लेंगे। बैठक में मार्ग प्रबंधन, मेडिकल सपोर्ट, पुलिस प्रबंधन सहित अन्य तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



मैराथन के आयोजन को लेकर आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल ने अधिकारियों के साथ बैठक की।

# कायाकल्प योजना के तहत जोनल अस्पताल धर्मशाला का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कायाकल्प योजना के तहत शनिवार को जोनल अस्पताल धर्मशाला में पीयर असेसमेंट किया गया। यह आकलन जोनल अस्पताल मंडी से आई विशेषज्ञ टीम की ओर से किया गया।

**अस्पताल में स्वच्छता और मरीजों को दी जा रही सुविधाएं जांचीं**

टीम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी डॉ. दीपाली शर्मा ने किया। टीम में मेडिकल ऑफिसर हेल्थ डॉ. अरिंदम रॉय तथा जिला गुणवत्ता आश्वासन सलाहकार डा. प्रीति ठाकुर भी शामिल रहीं। पीयर असेसमेंट के दौरान अस्पताल में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, मरीजों को दी जा रही सुविधाएं, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा कायाकल्प के निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन्न सेवाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

टीम ने विभिन्न विभागों का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से फीडबैक भी लिया।

इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन ने टीम को जोनल अस्पताल धर्मशाला में अपनाई जा रही स्वच्छता एवं गुणवत्ता सुधार पहलों की जानकारी दी। कायाकल्प योजना के अंतर्गत किए गए इस पीयर असेसमेंट से अस्पताल में सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# न्यूज ब्रीफ

## मोबाइल पर अपना बैंक विवरण साझा न करें

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा कंदरौर द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से ग्राम पंचायत पनोह में वित्तीय डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक बनिता शर्मा एवं जयपाल विशेष तौर पर उपस्थित रहे। शिविर में प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बचत खाता, चालू खाता, एसएमआरवाई आदि वित्तीय योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक सुरक्षा एवं डिजिटल लेन-देन को अपनाने के लिए प्रेरित किया साथ ही डिजिटल ठगी से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। बैंक में लोगों से अपील की कि अज्ञात कॉल करने वाले को अपने एटीएम कार्ड का पिन, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें और संदिग्ध कॉल या संदेशों पर विश्वास न करें।

## रौड़ा सेक्टर में वरिष्ठ नागरिक सभा की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक की अध्यक्षता डॉ. जेऐन मिश्रा की अध्यक्षता में सभा 21 दिसंबर को वरिष्ठ नागरिक सभागार समीप नगर परिषद विश्रामगृह रौड़ा सैक्टर बिलासपुर में प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। महासचिव मस्तराम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करके निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने समस्त सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक सभा की यह बैठक कई मुद्दों को लेकर अहम रहने वाली है।

## बरठीं में युवा कांग्रेस कमेटी ने की प्रेस वार्ता

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** झंडूता उपमंडल के बरठीं में युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राणा ने की। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी शेष नारायण ओझा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिला युवा कांग्रेस प्रभारी वीरेंद्र जालटा, राघव ठाकुर, प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक विशेष रूप से मौजूद रहे। ओझा ने बताया कि चलो गांव की ओर कार्यक्रम का उद्देश्य ब्लॉक व जिला स्तर पर शिथिल हो चुकी कार्यकारिणीयों को ऊर्जा प्रदान करना, युवाओं को अधिक से अधिक संगठन से जोड़ना तथा बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी की जनहितकारी नीतियों व कार्यों को जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए युवाओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता में भट्टेड़ स्कूल प्रथम

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** श्री नयना देवी जी के 40वें स्थापना प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य पर जिला बिलासपुर के स्वारघाट खंड में सभी पाठशालाओं के विद्यार्थियों के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें खेलकूद, भाषण, चित्रकारी, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी तथा वर्तनी प्रतियोगिता प्रमुख रूप से शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा। इन प्रतियोगिताओं में राजकीय उच्च विद्यालय भट्टेड़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-14 वॉलीबाल प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग की भाषण प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं के छात्र आशुतोष ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा आठवीं की छात्रा कुमारी किरण का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। वर्तनी प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में कक्षा नौवीं की छात्रा ज्योति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कनिष्ठ वर्ग में एक बार फिर आशुतोष ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

# टीबी उन्मूलन में बिलासपुर जिला बना मिसाल

## जिले की 29 पंचायतें टीबी मुक्त, पूरे जिले को रोग मुक्त बनाने का लक्ष्य

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




**बिलासपुर।** प्रदेश का बिलासपुर जिला टीबी उन्मूलन अभियान में लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के सामूहिक प्रयासों से अब तक जिले की 29 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है, जिससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता और जनभागीदारी की भूमिका उजागर हुई है।

टीबी मुक्त पंचायतों की घोषणा के साथ ही यह स्पष्ट हुआ है कि नियमित जांच, समय पर उपचार और जागरूकता अभियानों के माध्यम से इस गंभीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। जिले में आशा कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कर्मियों और पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, किसी पंचायत को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए तय मानकों का पालन अनिवार्य होता है। इनमें प्रति एक हजार जनसंख्या पर पर्याप्त संख्या में जांच, 85 प्रतिशत से अधिक रोगियों का सफल उपचार तथा नए मामलों की न्यूनतम संख्या शामिल है।

### जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के प्रयास लाए रंग

इन मानकों पर खरा उतरने वाली पंचायतों को ही टीबी मुक्त का दर्जा दिया जाता है। जिला प्रशासन का अगला लक्ष्य पंचायत स्तर की सफलता को आगे बढ़ाते हुए पूरे बिलासपुर जिले को टीबी मुक्त घोषित करना है।

इसके लिए निगरानी तंत्र को और सुदृढ़ किया जा रहा है तथा आम जनता को अभियान से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह अभियान इसी निरंतरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहा, तो बिलासपुर जिला टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में प्रदेश के लिए एक आदर्श उदाहरण बन सकता है।

### यह सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम : उपायुक्त राहुल



**उपायुक्त** बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि टीबी उन्मूलन अभियान में मिली यह सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। पंचायत प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कर्मियों और आम जनता के सहयोग से ही इस दिशा में ठोस प्रगति संभव हुई है। प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले समय में पूरे जिले को टीबी मुक्त बनाया जाए।

# मंडी-भराड़ी फोरलेन पर 18 .52 ग्राम चिट्टे संग दो आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



पुलिस थाना सदर की टीम द्वारा मंडी-भराड़ी फोरलेन पर यातायात जांच के लिए नाकाबंदी की गई थी। नाकाबंदी के दौरान कीरतपुर की ओर से आने वाले छोटे व बड़े वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक काले रंग की मोटरसाइकिल नंबर एचपी-82-0932 कीरतपुर की ओर से आती हुई दिखाई दी, जिस पर दो व्यक्ति सवार थे। पुलिस टीम ने चालक को वाहन के कागजात दिखाने को कहा। पुलिस द्वारा नियमानुसार मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल की पिछली सीट के नीचे रखे गए एक कैरी बैग से 18.52 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 व 29 के तहत थाना सदर में मामला दर्ज किया गया है।

चालक ने अपना नाम नितेश कुमार (27) पुत्र जयपाल और पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कन्हैया (28) पुत्र ठाकुर दास, दोनों निवासी गांव जरलू, डाकघर कुम्मी, तहसील बल्ह, जिला मंडी बताया। पुलिस द्वारा आरोपियों के संपर्क सूत्रों की गहनता से जांच की जा रही है। मामला अन्वेषणाधीन है।

## 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' सीएम का प्रण: संदीप

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** मुख्यमंत्री का चिट्टे के खिलाफ आंदोलन एक जनक्रांति है, एक सामाजिक क्रांति है। यह कहना है प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान का। उन्होंने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चिट्टे के खिलाफ एक निर्णायक जंग लड़ रहा है और इस जंग में जीत हिमाचल प्रदेश के युवावर्ग और आमजनमानस की होगी। संदीप सांख्यान ने कहा वॉकथॉन करके जो जनक्रांति मुख्यमंत्री चिट्टे के खिलाफ खड़ी कर रहे हैं उससे नशा माफियाओं में डर बैठ गया है और यह डर बिल्कुल जायज है। चिट्टे के खिलाफ एक सामाजिक क्रांति या जनक्रांति में हिमाचल प्रदेश का अब हर परिवार शामिल हो चुका है। यह मुख्यमंत्री का प्रण है कि हिमाचल प्रदेश कोई भी बच्चा नशे की गिरफ्त ने नहीं आने देंगे। बीते दिनों में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार हिमाचल पुलिस ने भी चिट्टे के खिलाफ कई जगहों पर छापेमारी करके बहुत बड़ी मात्रा में चिट्टा बरामद करके करके निर्णायक लड़ाई लड़ी है और जीती भी है।

# विधायक जीतराम कटवाल ने नवाजे राहण शिक्षा निकेतन झंडूता के होनहार

## स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल में आनंदघाट के समीप स्थित राहण शिक्षा निकेतन झंडूता में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम से किया गया। यह समारोह विद्यालय के छात्र छात्राओं की प्रतिभा और उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बनकर उभरा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि झंडूता विधानसभा क्षेत्र के विधायक जीतराम कटवाल रहे, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से समारोह को और अधिक गरिमामय बना दिया। विधायक ने विद्यालय की प्रगति की सराहना की और छात्रों को शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायी संदेश दिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक जरनैल सिंह भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। समारोह में झंडूता क्षेत्र की स्थानीय जनता ने भारी संख्या में भाग लिया। अभिभावक, स्थानीय निवासी और गणमान्य व्यक्ति बड़ी उत्सुकता से कार्यक्रम में शामिल हुए, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया। समारोह में शैक्षणिक, खेलकूद और सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्यातिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पारितोषिक, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी वितरित किए गए। इन पुरस्कारों ने बच्चों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया।

### छात्रों को शिक्षा के महत्व पर दिया प्रेरणादायी संदेश

### बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

**कार्यक्रम** का सबसे आकर्षक हिस्सा बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। छोटे छोटे छात्र छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य, लोक गीत, नाटिका और अन्य प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। हिमाचली संस्कृति को झलकाने वाले इन प्रदर्शनों पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही।

# नर्सिंग भर्ती में आयु सीमा घटाना बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ : हीरापाल सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



प्रदेश सरकार द्वारा बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम के 312 पदों के लिए जारी की गई अधिसूचना को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अधिसूचना में आयु सीमा को पूर्व में निर्धारित 45 वर्ष से घटाकर 32 वर्ष कर दिया गया है, जबकि फिक्स वेतन 25 हजार रुपए रखा गया है। इस निर्णय से हजारों शिक्षित एवं प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं और युवतियों की उम्मीदों को गहरा झटका लगा है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव ठाकुर हीरापाल सिंह ने इस अधिसूचना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि आयु सीमा में कटौती करना उन अभ्यर्थियों के साथ अन्याय है, जिन्होंने वर्षों की मेहनत और भारी खर्च कर नर्सिंग की ट्रेनिंग प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद जब पद सृजित किए गए, तब इस तरह की शर्तें लगाना योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर भर्ती प्रक्रिया से बाहर करने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार इस तरह की अधिसूचनाएं जारी कर अनुभवी अभ्यर्थियों को इंटरव्यू और लिखित परीक्षा से वंचित किया जाता है, जो पूरी तरह से गलत और असंवेदनशील रवैया है। चुनावों से पहले रोजगार देने के वादे किए जाते हैं, लेकिन बाद में वही वादे जुमले बनकर रह जाते हैं। परिणामस्वरूप आज शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में भटकने को मजबूर हैं।

हीरापाल ने कहा कि मजबूरन युवाओं को न्यायालय का सहारा लेना पड़ता है, जहां कई मामलों में आयु सीमा में राहत मिलती है। यदि चुने हुए जनप्रतिनिधि समय रहते ऐसे मुद्दों को सरकार के समक्ष रखें, तो युवाओं को अदालतों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

## एनटीपीसी कोलडैम प्रबंधन ने टीबी रोगियों को वितरित की पोषण किटें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को सशक्त रूप देने के उद्देश्य से एनटीपीसी कोलडैम प्रबंधन ने अपने सामाजिक दायित्वों के तहत सीएचसी मारकंड, को 600 पोषण किट प्रदान की हैं। एनटीपीसी कोलडैम की इस पहल में जिला स्वास्थ्य विभाग का भी सहयोग रहा। पंजीकृत टीबी रोगियों को यह पोषण सामग्री उनके स्वास्थ्य और उपचार में सहायक होगी। एनटीपीसी कोलडैम के महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एसएस राव और अपर महाप्रबंधक (मा. सं.) मंगला हरिंद्रन ने किट मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. शशि दत्त शर्मा और बीएमओ मारकंड डॉ. सुरिंद्र कुमार बावा को सौंपे। एनटीपीसी और सीएचसी मारकंड के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे। प्रोटीन किट टीबी रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ टीबी से होने वाली कमजोरी, वजन घटने और मांसपेशियों के क्षय को नियंत्रित करने में मददगार साबित होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर ने इस योगदान के लिए एनटीपीसी कोलडैम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता रोगियों के उपचार में अत्यंत उपयोगी होगी।

# धार टटोह गोसदन में उद्घाटन का रचा ड्रामा : कमल

## कल्याण गोसदन के महासचिव ने बीडीटीएस पर लगाए गंभीर आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एशिया की सबसे बड़ी ट्रक परिवहन संस्था बरमाणा के विपक्षी गुट ने कल्याण गोसदन धार टटोह में नवनिर्मित भवन के उद्घाटन को लेकर सत्तापक्ष बीडीटीएस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विपक्ष का कहना है कि जिस भवन का उद्घाटन किया गया, उसका उद्घाटन वर्ष 2005 में ही तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह द्वारा किया जा चुका है और अब 20 वर्ष बाद दोबारा नेम प्लेट लगाकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया गया है।

कल्याण गोसदन के महासचिव कमल किशोर ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में जिलाधीश को भी गुमराह किया गया। उन्होंने कहा कि एक ओर उद्घाटन का दिखावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ट्रांसपोर्टरों की गंभीर समस्याओं की अनदेखी हो रही है। विभिन्न सीमेंट डंपों पर ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियां कई-कई दिन खड़ी रहती हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही गोसदन में चारा व दवाइयों की कमी से पशुओं की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पूर्व अड्डा इंचार्ज प्रेमलाल ठाकुर ने वर्तमान कमेटी पर आरोप लगाते हुए कहा कि संस्था के पुराने योगदानकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने दिवाली पर वितरित गिफ्टों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आय-व्यय में अनियमितताओं का आरोप लगाया। पूर्व उपप्रधान चंदू राम ठाकुर ने कहा कि कल्याण गोसदन कोई राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि एक पवित्र धार्मिक स्थल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि धन की कमी होती है तो वे स्वयं सहयोग देने को तैयार हैं, लेकिन हर कार्य पारदर्शिता और ईमानदारी से होना चाहिए। वहीं, पूर्व महासचिव रजनीश ठाकुर ने कहा कि पुराने कार्यों पर नेम प्लेट लगाकर श्रेय लेने की राजनीति अब नहीं चलेगी। यदि सत्तापक्ष वास्तव में गोसेवा के प्रति गंभीर है, तो नई इमारत बनाकर दिखाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पारदर्शिता नहीं अपनाई गई तो इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे।

# सुक्खू सरकार ने 3 साल में जनहित में लिए बेमिसाल फैसले : सुनीत कुमार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

अखिल भारतीय कांग्रेस बिग्रेड के प्रदेशाध्यक्ष एवं झंडूता विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कांग्रेस के युवा नेता सुनीत कुमार ने कहा है कि सुक्खू सरकार के तीन साल के कार्यकाल में जनहित में लिए गए फैसले बेमिसाल रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में कर्मचारियों की पुरानी पेंशन लागू करना ऐतिहासिक फैसला है।

प्रदेश के कर्मचारियों ने कांग्रेस एवं सीएम सुक्खु पर विश्वास जताया तथा पहली की कैबीनेट में ओपीएस का तोहफा प्रदेश के हमारों कर्मचारियों को दिया गया। इसके अलावा दूध का समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना है। सुक्खू सरकार द्वारा जनहित में लिए जा रहे निर्णयों से आम जनता लाभान्वित हो रही है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, शगुन योजना, पैतृक संपत्ति में समान अधिकार, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, आपदा के समय अनाथ हुए बच्चों को चिल्ड्रेन आप स्टेट का देना आदि योजनाओं का प्रमुख उपलब्धियों में शुमार है। प्रदेशाध्यक्ष सुनीत कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सरकारी और अर्ध सरकारी क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर प्रदान किए है, जिससे बेरोजगारी को कम किया जा रहा है। एसएससी बोर्ड में पारदर्शिता को लेकर उठाए गए कदमों की सर्वत्र सराहना हो रही है।

# चुवाड़ी बल्ली को ई-लर्निंग लैब की सौगात

## रोटरी क्लब के सदस्यों ने लैब का इंस्टॉलेशन कर इसे स्कूल को किया समर्पित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



रोटरी क्लब घुमारवीं ने राजकीय उच्च विद्यालय चुवाड़ी बल्ली को ई-लर्निंग लैब प्रदान की। शनिवार को रोटरी क्लब के सदस्यों ने इस लैब का विधिवत इंस्टॉलेशन कर विद्यार्थियों को समर्पित किया गया। रोटरी क्लब घुमारवीं के संस्थापक अध्यक्ष अनिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्लब द्वारा यह पहला ई-लर्निंग प्रोजेक्ट है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में आईटी आधारित शिक्षा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। मौके पर रोटरी क्लब के वर्तमान अध्यक्ष मनमोहन लाल भट्टी, सचिव देव राज चंदेल, भूतपूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार कैंथ तथा क्लब सदस्य एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जगबीर सिंह चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य भावना ने रोटरी क्लब घुमारवीं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ई-लर्निंग लैब विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी और उनके शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक बनेगी।

# बच्चों ने पत्थरों पर उकेरीं सुंदर कलाकृतियां

## केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं में कला प्रदर्शनी में दिखाई अपनी कलात्मक प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं में गत दिवस कला एवं सृजनात्मकता को समर्पित एक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी मातृभूमि संस्था और केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

इसमें विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मक सोच का अत्यंत सुंदर प्रदर्शन देखने को मिला। कला प्रदर्शनी में केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न पारंपरिक, लोक एवं आधुनिक कला रूपों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में लिप्पन आर्ट (कच्छ) गुजरात की लोक कला वरली आर्ट महाराष्ट्र की जनजातीय कला, मधुबनी आर्ट, मंडला आर्ट, स्टोन पेंटिंग, बोतल आर्ट, पॉट पेंटिंग, मॉडर्न आर्ट तथा हिमाचली पत्थरों के चक्कों पर उकेरी गई कलाकृतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विविध आर्ट एंड क्राफ्ट के नमूनों ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। इस अवसर पर आयोजित कला प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कक्षा पहली में प्रथम स्थान रीवा, द्वितीय स्वास्तिक और तृतीय वंशिका ने प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में प्रथम राध्या, द्वितीय अर्शीया तथा तृतीय विराज रहे। कक्षा तीसरी में प्रथम श्रृष्टि, द्वितीय रिया और तृतीय स्थान नंदिनी ने हासिल किया। प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को मातृभूमि संस्था द्वारा सम्मानित करते हुए आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कला प्रदर्शनी का सफल संयोजन केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं की कला शिक्षिका दीपा मीणा द्वारा किया गया।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि उन्होंने नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों से अत्यंत सुंदर, सृजनात्मक और स्तरयुक्त कलाकृतियां तैयार करवाईं। बच्चों ने भी उनके कुशल मार्गदर्शन में बड़ी लगन और उत्साह के साथ उत्कृष्ट कार्य किया।

# बालक इंटरनेशनल स्कूल में मनाया बैग फ्री डे

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



बालक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल निहाण में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और तनावमुक्त शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैग फ्री डे बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। इस विशेष दिन विद्यार्थियों को बिना स्कूल बैग के विद्यालय आने का अवसर दिया गया, जिससे पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया। बैग फ्री डे के अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा, हनुमान चालीसा पाठ, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र,सरस्वती वंदना, गणपति मंत्र का सामुहिक जाप, विभिन्न शैक्षणिक, आध्यात्मिक और खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने चित्रकला, रंग भरना, क्राफ्ट, कविता पाठ, कहानी सुनाना, नृत्य, संगीत, योग, समूह खेल और बौद्धिक खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि बैग फ्री डे का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के बोझ से कुछ समय के लिए मुक्त कर उन्हें खुशहाल और आनंदमय वातावरण प्रदान करना है, ताकि वे सीखने की प्रक्रिया को रोचक और सरल रूप में अनुभव कर सकें।

शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ मिलकर गतिविधियों में सहभागिता की और उन्हें नई-नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि आज के समय में बच्चों पर पढ़ाई का दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में बैग फ्री डे जैसी पहल बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे बच्चों में सहयोग की भावना, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को स्कूल से जोड़ने और उन्हें सीखने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देने में सहायक सिद्ध होते हैं।

**समारोह** सरस्वती विद्या मंदिर रौड़ा में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव, मेधावी सम्मानित

# शिक्षा में समाहित होने चाहिए संस्कार व संस्कृति के मूल्य: जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सरस्वती विद्या मंदिर रौड़ा का 45वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। वार्षिक समारोह में विधायक सदर बिलासपुर त्रिलोक जम्वाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि बेली राम टैगोर, जिला परिषद सदस्य एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, विशिष्ट अतिथि रहे। विद्यालय प्रबंधन, आचार्यगण और विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें संस्कार, अनुशासन और भारतीय संस्कृति के मूल्य भी समाहित होने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से सनातन पद्धति को अपनाने, नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारने और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान किया।



एक मेधावी विद्यार्थी को सम्मानित करते मुख्यातिथि विधायक त्रिलोक जम्वाल।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन बच्चों के जीवन का बड़ा व्यवधान बनता जा रहा है। त्रिलोक जम्वाल ने विशेष रूप से माताओं और बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रखें और स्वयं भी मोबाइल के सीमित उपयोग का उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि 'एक मां ही अपने बच्चे के भविष्य की सच्ची निर्माता होती है।'

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य मंचन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं शैक्षणिक, खेलकूद एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं छात्रवृत्तियों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। वार्षिक उत्सव ने विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व को भी रेखांकित किया।

### सरस्वती विद्या मंदिर बिलासपुर के मेधावी पुरस्कृत

**बिलासपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर मेन मार्केट बिलासपुर में वार्षिक समारोह में बरमाणा ट्रक यूनियन के प्रधान नीलम चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि व यूनियन के महामंत्री सुरेश कुमार ने शिरकत की। उन्होंने शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले होनहार बच्चों को सम्मानित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देने के लिए सरस्वती विद्या मंदिर स्कूलों और विद्या भारती की सराहना भी की। इस मौके पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह को चार चांद लगा दिए। मुख्य वक्ता कैप्टन बाबू राम ने कहा कि विद्या भारती की सबसे अहम विशेषता इसकी संस्कारयुक्त शिक्षा प्रणाली है, जिसमें बौद्धिक विकास के साथ नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक मूल्यों का समन्वय किया जाता है। विद्या भारती के देश भर में संचालित विद्यालयों ने भी यह सिद्ध किया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और भारतीय संस्कृति एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। इसके लिए विद्या भारती से जुड़े सभी लोग बधाई के पात्र हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कुलदीप पठानिया आज से भटियात प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 21 दिसंबर से भटियात विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह विभिन्न विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन, शिलान्यास और शैक्षणिक संस्थानों के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोहों में मुख्य अतिथि होंगे। प्रवक्ता के अनुसार, 22 दिसंबर को वह ग्राम पंचायत टुंडी में पुस्तकालय का शुभारंभ करेंगे और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टुंडी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शिरकत करेंगे। 23 दिसंबर को पारोल गोला से भियोरा लिंक रोड का शिलान्यास करेंगे और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोला के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। 24 से 27 दिसंबर तक विभिन्न गांवों में संपर्क मार्ग, अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशाला और डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे। पठानिया इन कार्यक्रमों के बाद बद्दी-सोलन के लिए प्रस्थान करेंगे।

### महिला पर कांच की बोतल से हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला में महिला के साथ मारपीट और मर्यादा भंग करने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस थाना खैरी में शिकायतकर्ता पुष्पा देवी, निवासी छनानू ने आरोप लगाया कि दीपक कुमार, निवासी छनानू ने उन पर कांच की बोतल से हमला किया और उनकी मर्यादा भंग की। जिला पुलिस चम्बा ने दिनांक 20 दिसंबर 2025 को विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विंटर कार्निवल को लेकर रूपरेखा की तैयार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले विंटर कार्निवल की रूपरेखा अंतिम रूप देने के लिए एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अनिल भारद्वाज ने की, जबकि जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। एसडीएम अनिल भारद्वाज ने बताया कि 25 दिसंबर को सुभाष चौक पर विंटर कार्निवल का उद्घाटन होगा। कार्यक्रम में चंबा की संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनियां, तंबोला, म्यूजिकल चेयर और अन्य मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। गांधी चौक पर लाइव ऑर्केस्ट्रा और नववर्ष की पूर्व संध्या पर रात 12 बजे तक डी जे भी होगा। प्रशासन ने कार्निवल को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया है। बैठक में तहसीलदार, जिला भाषा अधिकारी और अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मनरेगा का नाम बदलना जनविरोधी कदम

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष और वाइस चेयरमैन युवा नीति अनुसंधान विभाग श्याम ठाकुर ने केंद्र सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने के निर्णय को जनविरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और बेरोजगारों के लिए सम्मान, रोजगार और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। श्याम ठाकुर ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस योजना का नाम यथावत रखा जाए, क्योंकि यह करोड़ों ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा है। उन्होंने प्रदेश सरकार और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह के प्रयासों की सराहना की, जिनके सहयोग से योजना प्रभावी ढंग से लागू हो रही है। श्याम ठाकुर ने चेताया कि नाम और स्वरूप में छेड़छाड़ गरीबों के अधिकार पर हमला होगा और इसका कांग्रेस और युवा वर्ग पुरजोर विरोध करेंगे।

### पनारसा में सिलाई प्रशिक्षण पर लगी कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, औट/मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में सात दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्रगति पर है। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर अनिता ने बताया कि पूर्व छात्र संघ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को सिलाई से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। उन्होंने कटिंग से जुड़ी विभिन्न तकनीकों की जानकारी देते हुए अपने अनुभव साझा किए। छात्रा उर्मिला ने प्लाजो सेट की सिलाई का व्यावहारिक प्रदर्शन किया तथा ट्रिपिंग (किनारी लगाने) की विभिन्न विधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया। यह कार्यशाला छात्राओं को व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जिससे अनेक छात्राएं लाभान्वित हो रही हैं।

### एनडीपीएस मामले का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एफआईआर धारा 21 एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत पुलिस थाना सुंदरनगर, जिला मंडी में दर्ज मामले में आरोपी अमृतपाल सिंह पुत्र रणजीत सिंह, निवासी अमृतसर (पंजाब), उम्र 29 वर्ष, को आज पुनः माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का 4 दिन का पुलिस रिमांड 23 दिसम्बर तक स्वीकृत किया गया है, वहीं मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच पुलिस द्वारा निरंतर जारी रखी गई है।

### ढाबे से अवैध शराब बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एफआईआर धारा 39(1)(ए) हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना औट में मामला दर्ज किया गया है, जिसमें एफआईआर संख्या 114/25 की डिमार्केशन के दौरान प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर करम सिंह पुत्र श्री मोहर सिंह, निवासी गांव शेपुर, डाकघर खोलानाला, तहसील बाली चौकी, जिला मंडी (हि.प्र.) के ढाबे पर छापेमारी की गई, जहां से वीआरवी संत्रा ब्रांड की अवैध शराब की 7 बोतलें कुल मात्रा 5250 एमएल बरामद की गईं, तथा मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### धनोटू में घर से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एफआईआर धारा 39(1)(इ) हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना धनोटू, जिला मंडी में दर्ज की गई है, जिसमें गश्त के दौरान लाल सिंह पुत्र रघु राम, निवासी गांव धनोटू, डाकघर महादेव, तहसील बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.) के आवास से 2 लीटर अवैध शराब बरामद की गई, जबकि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई पुलिस द्वारा जारी रखी गई है।

### ब्यास नदी में डूबने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एक व्यक्ति के डूबने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए भ्युली के पास नीचे ब्यास नदी से मृतक का शव बरामद किया गया, पहचान के बाद मृतक बल्ह क्षेत्र का निवासी पाया गया, जिसके शव को जोनल अस्पताल, मंडी में पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है, वहीं धारा 194 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही प्रगति पर है और आगे की कार्रवाई कानून के अनुसार की जा रही है।

### उल्लंघन करने पर वसूला 1800 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मण्डी द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 295 चालान तथा कोटपा अधिनियम के अंतर्गत 18 चालान किए गए हैं, जिनके माध्यम से कुल 1800/- रुपये का जुर्माना वसूल किया गया है।

# डीसी ने स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों स्वच्छता व बच्चों की उपस्थिति को जांचा

## उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बालू व मंगला स्कूल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला बालू तथा राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला मंगला का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने इस दौरान विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों, बाला फीचर, स्वच्छता व्यवस्था, मध्यान्ह भोजन, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया।

उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन एवं अध्यापकों से बातचीत कर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों के साथ संवाद किया तथा विद्यार्थियों के शिक्षा में आउटकम का आकलन किया। उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछकर उनकी



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बालू व मंगला स्कूल का औचक निरीक्षण किया।

शैक्षणिक समझ को भी परखा। उपायुक्त ने राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला मंगला में विद्यार्थियों द्वारा अंग्रेजी भाषा पाठ्यक्रम तथा मैप रीडिंग में प्रदर्शित दक्षता को लेकर अध्यापकों के बेहतरीन प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय भवन के आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों को लेकर खंड विकास अधिकारी को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। मुकेश रेपसवाल ने इससे पूर्व राजकीय प्राथमिक पाठशाला बालू का निरीक्षण कर शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत की तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को शिक्षा में गुणवत्ता और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को विद्यालय के संपर्क मार्ग के सुधार तथा स्कूल भवन की मरम्मत एवं आवश्यक रखरखाव कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा बलवीर सिंह, जिला विकास अधिकारी तेवेंद्र चनोरिया, खंड विकास अधिकारी चंबा महेश ठाकुर, मैहला बशीर खान सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डलहौजी के निशानेबाज संयम सल्होत्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर कमाए 611 .7 अंक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

उपमंडल डलहौजी के बनीखेत निवासी एवं साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले प्रतिभावान निशानेबाज़ संयम सल्होत्रा ने भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय 10 मीटर राइफल शूटिंग स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में भारतीय टीम के ट्रायल के लिए निर्धारित 605 अंकों के क्वालिफाइंग स्कोर के मुकाबले संयम ने 611.7 अंक अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की।



अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर संयम सल्होत्रा ने आगामी भारतीय टीम के ट्रायल के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया है। उनकी इस उपलब्धि से डलहौज़ी सहित पूरे जिला चंबा में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने संयम की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं, संयम के पिता थोमस और माता सोनिया ने अपने बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि संयम की इस सफलता के पीछे स्थानीय सहयोग भी अहम रहा है। शूटिंग किट की खरीद के लिए शिव शक्ति यूथ क्लब के प्रवीण टंडन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिससे उनकी तैयारी को मजबूती मिली। इसके अलावा डलहौज़ी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ. कैप्टन जी.एस. ढिल्लों ने संयम को निःशुल्क अभ्यास की सुविधा उपलब्ध करवाई, जहां कोच अभिषेक मलिक द्वारा उन्हें नियमित और बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संयम सल्होत्रा की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई है।

# सलूणी में कुल 92 पोलियो बूथ किए जाएंगे स्थापित

**अनंत ज्ञान, सलूणी**

- सलूणी में आईपीपीआई-2025 की तैयारी तेज
- 9,406 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

एसडीएम सलूणी की अध्यक्षता में आईपीपीआई-2025 को लेकर ब्लॉक टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक एसडीएम कार्यालय सलूणी में आयोजित की गई। बैठक में डॉ. सुनील कुमार कक्कड़, बीएमओ मेडिकल ब्लॉक किहार ने अभियान की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में बताया कि आगामी राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) के अवसर पर ब्लॉक सलूणी में कुल 92 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 9,406 बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन पिलाई जाएगी। इस अभियान के लिए 368 बूथ टीम सदस्यों की तैनाती की गई है।

अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 5 कोल्ड चेन पॉइंट्स से वैक्सीन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जबकि वैक्सीन डिलीवरी हेतु 5 वाहनों का उपयोग किया जाएगा, ताकि प्रत्येक बूथ पर समय पर वैक्सीन पहुंचाई जा सके। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए 18 आईपीपीआई पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। इसके साथ ही बीएमओ के नेतृत्व में एक विशेष ब्लॉक स्तरीय पर्यवेक्षण टीम का गठन किया गया है, जो बूथ चेकिंग और निगरानी का कार्य करेगी।

एसडीएम सलूणी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि दिनांक 21-12-2025 (रविवार) को एनआईडी के तहत 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने 0-5 वर्ष आयु के सभी बच्चों को पोलियो बूथों पर अवश्य लाएं और इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाएं।

# चंबा जिले में 52 हजार बच्चे गटकेंगे पोलियो खुराक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में 21 दिसंबर 2025 को पल्स पोलियो अभियान पूरे जोर-शोर से चलाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। सीएमओ डॉ. जालम भारद्वाज ने बताया कि अभियान के तहत चंबा जिले में कुल 542 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां 21 दिसंबर को बूथ स्तर पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस दौरान जिले में लगभग 52,137 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस महत्त्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य संबंधित विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। कुल 2,276 कार्यकर्ता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर घर-घर और बूथ स्तर पर बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करेंगे। सीएमओ ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को निर्धारित बूथों पर ले जाकर पोलियो खुराक पिलवाएं।

# ग्रामीणों को दी आधुनिक बैंकिंग सेवाओं की जानकारी

## छतराड़ी के सुंवाला गांव में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** छतराड़ी पंचायत के गांव सुवांला में हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के द्वारा वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस एक दिवसीय वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आधुनिक बैंकिंग सेवाओं और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था।

शिविर में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा छतराड़ी के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ बैंक के कर्मचारी अशोक कुमार ने भी शिरकत की और ग्रामीणों को बैंकिंग प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराया। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार व बैंक द्वारा प्रमुख योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक सुरेंद्र कुमार ने उपस्थित जनसमूह को बैंकिंग के डिजिटल माध्यमों को सुरक्षित रूप से अपनाने की सलाह दी। शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं पर विशेष चर्चा की गई जिसमें बीमा एवं पेंशन योजनाएं,




छतराड़ी के सुंवाला गांव में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभ और पंजीकरण प्रक्रिया।

शिव के दौरान ऋण एवं स्वरोजगारकिसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया ताकि स्थानीय कारीगर और किसान आर्थिक लाभ उठा सकें। महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसमें समूहों के 'पंचसूत्र', रिवॉल्विंग फंड और बैंक क्रेडिट लिंकेज के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया ताकि वे अपने उद्यम शुरू कर सकें।

इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार ने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी या पिन साझा न करें और डिजिटल लेनदेन करते समय सावधानी बरतें। शिविर के अंत में ग्रामीणों की बैंकिंग से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया गया। स्थानीय निवासियों ने बैंक द्वारा आयोजित इस जागरूकता शिविर की सराहना की और इसे ग्रामीण विकास के लिए एक सराहनीय कदम बताया।

# जोगिंद्रनगर में सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित होंगे वस्त्र बैंक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने एक और मानवीय मुहिम शुरू की है। इसके तहत शहर के सार्वजनिक स्थानों और मुख्य चौराहों पर वस्त्र बैंक स्थापित किए जाएंगे, ताकि प्रवासी राज्यों से आए जरूरतमंद लोगों सहित निर्धन परिवारों को सर्द मौसम में आवश्यक वस्त्र उपलब्ध करवाए जा सकें। रोटरी 3070 के जिला पर्यावरण संरक्षक एवं वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते मानसून सीजन के दौरान मंडी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री उपलब्ध करवाने के बाद अब दानी सज्जनों द्वारा रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर को सौंपे गए वस्त्र व अन्य रोजमर्रा की वस्तुएं जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाई जाएंगी। शनिवार को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान ने बताया कि सोमवार से जोगिंद्रनगर अस्पताल में उपचाराधीन रोगियों के लिए रोटरी के हॉट वाटर प्लांट से गर्म पानी की व्यवस्था भी शुरू होगी।

# भाजयुमो जिला चंबा की कार्यकारिणी का विस्तार, नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत भाजयुमो जिला चंबा की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इस संबंध में भाजयुमो जिला अध्यक्ष मिलाप ठाकुर द्वारा अतिरिक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व, भाजपा जिला अध्यक्ष, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक/प्रत्याशियों से संगठनात्मक मजबूती को लेकर गहन चर्चा की गई।

इसके उपरांत संगठन को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला चंबा के विभिन्न मंडलों से नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। घोषित पदाधिकारियों में त्रिलोचन महादेव मंडल से सूरज शर्मा को सचिव, करियां मंडल से रोहित हांडा को सह-कार्यालय सचिव, त्रिलोचन महादेव मंडल से संजय राजपूत को सह-सोशल मीडिया संयोजक, सलूणी मंडल से



- मिलाप ठाकुर ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई
- युवाओं से संगठन मजबूत बनाने की उम्मीद

अनिल को सह-प्रवक्ता तथा करियां मंडल से चंचल राणा को सदस्य नियुक्त किया गया है।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मिलाप ठाकुर ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि युवा मोर्चा की टीम संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

# पूर्व सीपीएस सोहन लाल ने नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ध्वाल में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य, एसएमसी पदाधिकारियों, अभिभावकों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यातिथि का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से सोहन लाल ठाकुर को शॉल, टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और समां बांध दिया। वहीं मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने स्कूल प्रबंधन, विद्यार्थियों तथा उपस्थित अभिभावकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने आपदा से प्रभावित हर व्यक्ति तक राहत राशि पहुंचाई है ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। वर्ष 2023 और 2025 में जिन पंचायतों में नुकसान हुआ, वहां सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश सरकार ने प्रत्येक प्रभावित परिवार की आर्थिक मदद की है, जिसके सभी लोग साक्षी हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें सरकार के विकास कार्य और फैसले नजर नहीं आते और वे केवल सरकार की आलोचना करने में लगे रहते हैं।

# 'आप' संगठन को मजबूती देने की कवायद, बूथ से पंचायत स्तर तक विस्तार का रोडमैप तैयार



'चंबा में आम आदमी पार्टी की बैठक में प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा जिला पदाधिकारियों के साथ संगठन मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा ने जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक ढांचे को सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य चंबा जिले में एक मजबूत, सक्रिय और जमीनी स्तर पर प्रभावी संगठन खड़ा करना रहा।

बैठक में पंचायत एवं बूथ स्तर तक पार्टी इकाइयों के गठन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही युवाओं, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। आने वाले दिनों में जनसभाएं, जन-संवाद कार्यक्रम और सेवा से जुड़ी गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया गया, ताकि आम आदमी पार्टी का संदेश जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा ने कहा कि आम आदमी पार्टी चम्बा में 'काम की राजनीति' के अपने मूल सिद्धांतों के साथ मजबूती से उभरेगी और स्थानीय जनता की आकांक्षाओं की सशक्त आवाज बनेगी। इस अवसर पर जिला पर्यवेक्षक सुशील बहल, जिला अध्यक्ष अजय अटवाल, जिला संगठन मंत्री तनवीर मिर्जा सहित सोनू ठाकुर, सलीम खान, शशिकांत, हंसमुख, सुरेंद्र ठाकुर, अभिषेक भट, बालकृष्ण, विजय भवानी सहित कई मौजूद रहे।

# बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

## कन्या स्कूल सरकाघाट में वार्षिक समारोह धूमधाम से आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता पवन ठाकुर रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश ठाकुर ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि सहित विभिन्न विद्यालयों से पधारे प्रधानाचार्यों एवं गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए कक्षा 12वीं में प्रथम आदर्श कौंडल, द्वितीय रीता देवी और तृतीय ममता को सम्मानित किया गया। कक्षा 11वीं में प्रथम कामिनी, द्वितीय आरती व तृतीय भूमिका रही। दसवीं




मेधावी छात्रा को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि पवन ठाकुर।

कक्षा में प्रथम शालिनी, द्वितीय नैतिक पटियाल और तृतीय सीमा को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी प्रकार नवमीं, आठवीं, सातवीं और छठी कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

विशेष उपलब्धि पुरस्कार से निकिता, कामिनी, शमी, सानिया ठाकुर, कनिका, कर्ण, मानवी, अनन्या, सुमन, रोशनी और रुबी को नवाजा गया। इसके अतिरिक्त खेल, कला उत्सव एवं अन्य सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि पवन ठाकुर ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों से दूर रहने, नशे से बचने और अनुशासन में रहने की सीख दी। उन्होंने माता-पिता के मार्गदर्शन को जीवन में सफलता का आधार बताते हुए कड़ी मेहनत का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 20 हजार रुपए देने की घोषणा की तथा विद्यालय में शौचालय निर्माण हेतु नगर निगम अध्यक्ष को कार्य सौंपने की बात कही।

# मंडी जिले में 64,500 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- कहा- सभी अभिभावक अनिवार्य रूप से दिलवाएं बच्चों को खुराक

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा है कि 21 दिसम्बर को पूरे देश के साथ-साथ मंडी जिला में पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंदें अनिवार्य रूप से पिलाई जाएंगी। उन्होंने अभिभावकों से



आग्रह किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके परिवार में पांच वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा इस खुराक से वंचित न रहे। उपायुक्त ने बताया कि मंडी जिला में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 64 हजार 500 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले भर में 1100 से अधिक पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। अभियान के संचालन के लिए 4450 से अधिक बूथ टीम सदस्य तथा 228 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। 21 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे से नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों तथा अन्य सरकारी परिसरों में बच्चों को पोलियो की बूंदें पिलाई जाएंगी।

## मंडी शहर में 14 पोलियो बूथ स्थापित

**उपायुक्त** ने बताया कि मंडी शहर में जोनल अस्पताल, सीएसडी कैंटीन, सुहड़ा मोहल्ला, राप्रापा जेल रोड, राप्रापा थनेहड़ा, ब्यॉयज स्कूल, आर्य समाज मंदिर, गर्ल स्कूल, केहनवाल रोड, केंद्रीय विद्यालय, माध्यमिक पाठशाला पड्डल, बंगला मंदिर, नामदारी गुरुद्वारा तथा बस स्टैंड ट्रांजिट प्वाइंट पर कुल 14 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे।

अनंत Classifieds

**सूचना**

**मैं काजल** (27 वर्ष) पत्नी श्री अश्वनी कुमार पुत्र जोगिन्द्र कुमार निवासी चाहड़ी, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मैं राजन (जन्म तिथि 02-05-2016) व तमन्ना (जन्म तिथि 23-07-2018) को गोद लेना चाहती हूं। अतः किसी को आपत्ति हो तो वह दिनांक 5 जनवरी 2026 को तहसील नगरोटा बगवां में आकर आपत्ति दर्ज करवा सकता है। सभी संबंधित नोट करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रजोल** विकास खंड देहरा, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

ग्राम पंचायत रजोल में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत ओपन जिम स्थापना हेतु सामग्री क्रय करने के लिए निविदा आमन्त्रित की जाती है :- 1. Air Walker, 2. See-saw single, 3. Doulskystepper, 4. Monkey bar, 5. Puzzle Iron, 6. Climber, 7. Shoulder press, 8. Chest Press, 9. Shoulder wheel, 10. Cycle, 11. Hyper back Extension, 12. Leg extension , नियम व शर्तें :- उपरोक्त हेतु विक्रेता से निविदा 05.01.2026 तक पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे या डाक द्वारा आमन्त्रित हैं। यह निविदा 07.01.2026 को 12:30 PM पर सबके समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी व निविदा खुलने के समय बोलीदाता का उपस्थित होना आवश्यक होगा। उपस्थित न होने की स्थिति में उस की निविदा निरस्त कर दी जाएगी। इच्छुक फर्म या ठेकेदार का जी. एस. टी. नंबर होना अनिवार्य है व दर include CGST, SGST with Carriage क्षेत्र में F.O.R. होनी चाहिए। यह निविदा एक योजना हेतु मान्य होगी। यदि मटिरियल की गुणवता सही नही पाई जाती है। या समय पर नही पहुंचाया जाता है और दर्शायी गयी जगह पर नही पहुंचाया जाता है और कार्य में व्यवधान पैदा होते है तो आपूर्ति कर्ता को पंचायत द्वारा 15 दिन का नोटिस देने के उपरांत किसी भी समय निविदा को रद्द किया जा सकता है। फाइनल पेमेंट तकनीकी मूल्यांकन उपरान्त दी जायेगी। किसी भी कार्य के लिए एडवांस पेमेंट नही की जाएगी। जिसकी निविदा सबसे कम दर वाली होगी वह पास की जाएगी। जिस सप्लायर निविदा पास होगी, उसे धरोहर राशि एफडीआर के रूप में जमा करवानी होगी जो की पंचायत द्वारा मौके पर बताई जाएगी। निविदायें स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार पंचायत का होगा।

प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढौंटा**
विकास खंड देहरा, तह. डाडा-सीबा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत ढौंटा विकास खण्ड देहरा द्वारा 26/12/2025 तक इंटरलाकिंग टाइलस ISI 60एमएम के लिये निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं मोहर बन्द लिफाफे में दिनांक 26/12/2025 को प्रातः 11 बजे तक पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती हैं। निविदाएं दिनांक 26/12/2025 को प्रातः 12 बजे सप्लायरों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। पंचायत बिना कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द कर सकती है। बिना बैंडर बिना जीएसटी नंबर वाली निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रधान / सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत ढौंटा
विकास खंड देहरा, तह. डाडा-सीबा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**दस** गरीब आदमी एक कंबल में आराम से सो सकते हैं, परंतु दो राजा एक ही राज्य में इकट्ठे नहीं रह सकते।

–मधूलिका गुप्ता

## संपादकीय

# हिंसा में झुलसता बांग्लादेश

बांग्लादेश में घटित ताजा हिंसा ने देश को एक बार फिर संकट के गर्त में डाल दिया है। इस साल जुलाई महीने में शुरू हुए छात्र आंदोलन ने देश की राजनीतिक और सामाजिक स्थिरता को बुरी तरह प्रभावित किया था। आंदोलन के नेता शरीफ ओस्मान हादी थे, जिनका सिंगापुर के अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी मौत के बाद हिंसा भड़क उठी और पूरे देश में उपद्रव फैल गया। खासतौर पर हिंदू समुदाय इसके सबसे अधिक प्रभावित हुए, और राजधानी ढाका सहित कई शहरों में अराजकता देखने को मिली।

ढाका में हिंसा का दृश्य भयावह था। वहां की भीड़ ने देश के तीन बड़े अखबारों के दफ्तरों को आग के हवाले कर दिया। इस हिंसा में एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भी हत्या कर दी गई। उस पर ईश्वर की निंदा का आरोप लगाया गया और भीड़ ने उसे पीट-पीटकर मार डाला। हत्या के बाद उसके शव को भी जला दिया गया। इसके अलावा, बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के पहले से नष्ट घर को भीड़ ने निशाना बनाया। इस प्रकार के बर्बर कृत्य न केवल व्यक्तिगत जीवन के लिए खतरा हैं, बल्कि पूरे देश की सामाजिक संरचना और कानून व्यवस्था को भी प्रभावित करते हैं।

हिंसा के फैलने के पीछे कई कारण हैं। बांग्लादेश में मॉब लिंचिंग एक आम समस्या बन चुकी है। भीड़ में आरोपी व्यक्तियों को पहचाना नहीं जा पाता, जिससे हिंसक तत्व इसका फायदा उठाकर अपनी हिंसा और बढ़ाते हैं। यह सामाजिक अस्थिरता और कानून व्यवस्था की कमी का स्पष्ट संकेत है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सीमा रक्षक बल यानी बीजीबी को जगह-जगह तैनात किया गया है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं लगता।

भीड़ जब अशांति फैलाने का मन बनाती है, तो सुरक्षाबलों की उपस्थिति भी हमेशा प्रभावी साबित नहीं होती। इस हिंसा के पीछे राजनीतिक कारण भी हैं। देश के सियासी गलियारों में लगातार निहित स्वार्थ और व्यक्तिगत लाभ के लिए हिंसा का इस्तेमाल किया जा रहा है। हिंसा के बाद राजनीतिक बयानबाजी और दोषारोपण ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हिंदू युवक के हत्यारों को न बख्शने की बात कही है, लेकिन वास्तविक कार्रवाई का स्तर अभी देखा जाना बाकी है। केवल बयानबाजी से स्थिति नियंत्रण में नहीं आ सकती, बल्कि ठोस और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।

हिंसा का सबसे बड़ा असर वहां रहने वाले सामान्य नागरिकों पर पड़ा है। उन्हें अपनी सुरक्षा और जीवन के प्रति भय बना हुआ है। विशेष रूप से हिंदू समुदाय, जो इस हिंसा का मुख्य शिकार बन रहा है, मानसिक और सामाजिक रूप से प्रभावित हो रहा है। ऐसे में नागरिकों के लिए चैन की नींद सो पाना मुश्किल हो गया है। न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा, बल्कि सामाजिक सह-अस्तित्व और धार्मिक सहिष्णुता भी खतरे में पड़ गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बांग्लादेश की इस स्थिति की निगरानी की जा रही है। किसी भी देश में इस प्रकार की हिंसा लोकतांत्रिक प्रक्रिया और सामाजिक स्थिरता को प्रभावित करती है। बांग्लादेश का इतिहास और सांस्कृतिक विरासत यह दर्शाती है कि विभिन्न समुदायों के बीच मेल-मिलाप और सहिष्णुता की स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, मगर वर्तमान हिंसा इस संतुलन को बिगाड़ रही है।


यदि ऐसे कृत्य जारी रहे, तो यह देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को भी नुकसान पहुंचा सकता है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस हिंसा पर तत्काल रोक लगाए। इसके लिए कानून व्यवस्था को मजबूत करना, दोषियों को कड़ी सजा देना और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना अनिवार्य है। लोगों को संयम बरतने और आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए जागरूक करना आवश्यक है। शिक्षा, मीडिया और सामाजिक संस्थान इस प्र, या में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हिंसा के कारण उत्पन्न भय और असुरक्षा को समाप्त करने के लिए यह जरूरी है कि दोषियों को पकड़कर उचित कार्रवाई की जाए। यदि सरकार त्वरित और निर्णायक कदम उठाती है, तो आम नागरिकों में विश्वास लौट सकता है। अन्यथा, समाज में डर और अस्थिरता और बढ़ सकती है। बांग्लादेश में धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक एकता को बनाए रखना आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# रेडियो की दुनिया के आवाज के जादूगर

**अमीन** सयानी भारतीय रेडियो इतिहास के सबसे लोकप्रिय और प्रभावशाली उद्घोषक थे। उन्हें 'आवाज का जादूगर' और रेडियो का पहला जॉकी कहा जाता है। उनकी पहचान रेडियो सीलोन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम 'बिनाका गीतमाला' से बनी, जिसने उन्हें घर-घर में प्रसिद्ध कर दिया। 'नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं।' -यह वाक्य दशकों तक करोड़ों श्रोताओं के कानों और दिलों में गूंजता रहा।



अमीन सयानी
जन्म : 21 दिसंबर, 1932
मृत्यु : 20 फरवरी, 2004

अमीन सयानी का जन्म मुंबई में हुआ। उन्होंने अपने प्रसारण जीवन की शुरुआत ऑल इंडिया रेडियो, मुंबई से की, जहां वे अंग्रेजी कार्यक्रमों से जुड़े रहे। उनके भाई हामिद सयानी ने उन्हें रेडियो से परिचित कराया। बाद में उन्होंने रेडियो सीलोन के माध्यम से हिंदी श्रोताओं के बीच अपनी विशेष पहचान बनाई। वर्ष 1952 से 1994 तक लगभग 42 वर्षों तक उन्होंने 'बिनाका गीतमाला' का सफल और लोकप्रिय संचालन किया। उनकी भाषा में हिंदी और उर्दू का सुंदर मिश्रण तथा प्रस्तुति में अपनापन और शालीनता उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी।

अमीन सयानी के नाम 54,000 से अधिक रेडियो कार्यक्रमों का निर्माण, संचालन और वॉयस ओवर करने का अद्भुत रिकॉर्ड दर्ज है। इसके अलावा लगभग 19,000 जिंगल्स में आवाज देने के कारण उनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ। उन्होंने कुछ हिंदी फिल्मों में अनाउंसर के रूप में भी काम किया और रेडियो से जुड़े कई प्रयोगात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने असाधारण योगदान के लिए अमीन सयानी को पद्म श्री (2009), लिविंग लीजेंड अवॉर्ड सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। 20 फरवरी 2024 को उनके निधन के साथ रेडियो के स्वर्णिम युग का अंत हो गया। हालांकि अमीन सयानी आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज, शैली और रेडियो के प्रति समर्पण भारतीय प्रसारण सदैव अमर रहेगा। ■



कविता

## आदरणीय मां

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

योगिन्द्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक) मंडी, 94591-35322

**आंगन** में बैठी रहती, बनकर प्रहरी
सबको देखती, मुंह से कह नहीं पाती
केवल मुस्कुराती, खुशी जाहिर करती
जब से ब्याह कर यहां आई,
गांव में हरेक से रिश्ते बनाए रखती
पहले बहन, ताई, चाची कहलाई
अब बन चुकी है, मामी, दादी, नानी
गांव वाले कहते ममता की देवी
बीते पलों के किस्से सुनाती,
कटुता के भाव से दूर रहती
दिखाती राह कर्तव्य पालन की
त्याग और सहयोग को महत्व देती
तभी गांव वालों की आदरणीय थी
संसार छोड़, सूना आंगन कर गई
वह कोई और नहीं सबकी मां थी

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# क्यों जरूरी है युवाओं के लिए प्रजनन शिक्षा ?

एक तरफ भारत की बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप अपने नाम करके देश का नाम न सिर्फ विश्व में ऊंचा कर दिया, बल्कि हर बेटी, बहन, महिला को उसकी आकांक्षाओं को पूरा करने का स्वप्न जागृत कर दिया तो दूसरी तरफ हम एक गांव में पुरुषों और बेटों को ये सिखाने में प्रयासरत थे कि बेटियों की माहवारी के समय उनके साथ बिना भेदभाव के पेश आना चाहिए और उनके द्वारा किए जाने वाले काम को घर के पुरुषों द्वारा निपटाना चाहिए।



डॉ. दमम आहूजा
सपरून, सोलन (हि.प्र.)
लेखक राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य के विशेषज्ञ हैं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ये विडंबना नहीं तो और क्या है कि एक तरफ हम कई बेटियों के द्वारा खेलों में विश्व चैंपियन हुए हैं दूसरी तरफ हम पीरियड्स अथवा महावारी जैसी सामान्य शारीरिक प्रक्रिया के बारे में अपने किशोरों के साथ खुलकर बात नहीं करना चाहते हैं। एक स्टडी के मुताबिक, सौ में से केवल सत्रह किशोर ही इसे पूरी तरह जानते व समझते हैं।

बात सुनने में थोड़ी अटपटी लग सकती है, लेकिन हकीकत है कि अपने देश को तो छोड़ दीजिए, अमेरिका जैसे विकसित देश में भी कई जगह लड़कियों की शादी उनसे जुड़ी असुरक्षा की भावना को देखते हुए निर्धारित आयु से पहले कर दी जाती है। तीसरी तरफ युवाओं को यौन शिक्षा की पुरजोर वकालत कई संगठनों के साथ साथ सुप्रीम कोर्ट ने भी की है। ये सारे मुद्दे अलग अलग नहीं है एक ही समस्या के अलग अलग आयाम हैं। महिलाओं की अस्मिता व स्वाभिमान से जुड़े मुद्दे और युवाओं में प्रजनन शिक्षा से संबंधित मुद्दे आपस में इतने गूंथे हुए हैं कि इनको अलग करके नहीं समझा जा सकता। बड़े होते किशोरों में अपने शरीर और आसपास के माहौल के बारे में जिज्ञासा, अपनी पहचान बनाने की ललक एवं प्रयोग करने की इच्छा स्वाभाविक रूप से प्रबल होती है।

उनकी इस ललक और जिज्ञासा को यदि वैज्ञानिक ज्ञान एवं अपनी संस्कृति के अनुरूप तथ्यों के आधार पर शांत कर दिया जाए तो उनकी ऊर्जा से ओलिंपिक मेडल एवं विश्व कप तक लाए जा सकते हैं अन्यथा निर्भया एवं आरजी कर मेडिकल कांड भी संभव हैं। इसलिए किशोरों के लिए उनके शरीर से संबंधित जानकारी जो शारीरिक ऊर्जा को सबसे अधिक प्रभावित करती है, उसके बारे में जानकारी देना अति आवश्यक है।

इस पर कई विवाद हो चुके हैं। विभिन्न पश्चिमी देशों में इस तरह की जानकारी खुले ढंग से बचपन से ही स्कूलों में दी जाती है। हमारे देश में जब भी इन पाठ्यक्रमों को देने की कोशिश की गई, समाज के कई वर्गों ने



इसे गैर जरूरी एवं किशोरों को उम्र से पहले बिगाड़ने वाली बता कर बहिष्कार कर दिया। मुख्यत: समाज का कोई भी वर्ग इस जानकारी को किशोरों के लिए गैर जरूरी नहीं मानता, समस्या यह है कि हमारे देश में ज्यादातर विषय-वस्तु आयातित मॉड्यूल्स से ली गई है, उसे हमारे समाज में विभिन्न विदेशी वित्त पोषित संस्थाओं के द्वारा बिना सांस्कृतिक संवेदना के परोस दिया जाता रहा है। निश्चित रूप से हमारे समाज एवं संस्कृति के अनुरूप उसे ढाला नहीं गया था।

बवाल होना तय था, पर ट्रंप केवल अमेरिका में ही नहीं पाए जाते, उनकी मानसिकता के लोग 'जो मुझसे सहमत न हो वो या तो कमतर जानता है या बेहतर चीजों की कद्र नहीं करता' वाली सोच के लोग हर जगह मौजूद होते हैं। उदाहरणतया यौन शिक्षा को प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षा कहना भारतीय परिप्रेक्ष्य में ज्यादा अनुकूल है। एनसीआरटी, नाको एवं शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से जीवन कौशल शिक्षा को विकसित तो किया गया, लेकिन उसका कार्यान्वयन बहुत ही ढीला रहा। कई राज्य सरकारों ने उसे आधे अधूरे ढंग से लागू किया। मौजूदा सरकार के समय फिर से कोशिश तेज हुई है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ शुरुआत हुई है, लेकिन बहुत ही धीमी गति से इसे राज्य सरकारें आगे बढ़ा रही हैं।

भाषा, शब्दों का चयन, अपने आसपास की घटनाओं से लिए उदाहरण एवं परिवेश का यदि ख्याल रखा जाए तो प्रजनन स्वास्थ्य को शिक्षा का एक अहम हिस्सा केवल कानूनी फटकार से निजात पाने का विकल्प न बनकर, रसपूर्ण अध्याय बन सकता है। प्रजनन प्रकिया पर ज्यादातर अध्यापक ये कहकर कि 'इसे अपने आप पढ़ लेना' आगे निकलना बेहतर समझते हैं एवं स्वयं हंसी का पात्र नहीं बनना चाहते। उन्हें जब तक विषय की गंभीरता एवं इस पर खुला संवाद करने हेतु सक्षम नहीं बनाया जाएगा तब तक किशोर इन विषयों पर अनभिज्ञ बने रहेंगे। प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में बात करके शरीर में होने वाले विकास, प्रजनन तंत्र के संक्रमण, एचआईवी से बचाव, परिवार नियोजन कार्य, म को भी एक सही दिशा दी जा सकती है।

एनएफएचएस-5 के अनुसार 7% किशोरियां 18 वर्ष से पहले गर्भवती होती हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार और राजस्थान में स्थिति गंभीर है। किशोरों में प्रजनन स्वास्थ्य पर संवाद, शारीरिक प्रक्रियाओं की सही समझ और सामाजिक नियमों का पालन अनचाहे गर्भ और सामाजिक समस्याओं को कम कर सकता है।

प्रजनन स्वास्थ्य पर बात करने से किशोरों के लिए बेझिझक बातचीत का एक सुरक्षित माहौल तैयार होगा और महिला एवं पुरुष की असमानता एवं भ्रूण हत्याओं पर भी लगाम लगेगी। आखिर कौन परिवार नहीं चाहेगा कि उसके घर में एक हरमनजोत, एक जेमिमा रोड्रिग्स, एक सोफिया न पैदा हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संयुक्त परिवार का विघटन और एकाकी परिवार की बढ़ती प्रवृत्ति

विश्व में संयुक्त परिवार की अवधारणा कहीं देखने-सुनने को नहीं मिलती, परंतु भारत में यह सदियों से चली आ रही है। भारत का संयुक्त परिवार विश्व समाज के लिए पहले भी आदर्श था और आज भी। जो कुछ संयुक्त परिवार बचे हुए हैं उनका समाज में आज भी सम्मान है। संयुक्त परिवार में हर सदस्य की अपनी जिम्मेदारी होती थी। मालिक एक होता है उसी का निर्णय सब पर लागू होता था। परिवार सुरक्षित भी रहता है। कहीं कोई मनभेद नहीं, परंतु विकास की बहती धारा में संयुक्त परिवार बहने लगा। परिवार का सदस्य जो कहीं नौकरी पर गया वह वहीं उसी शहर का हो गया।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बाप दादा की संपत्ति तब तक नहीं बंट सकती थी जब तक बाप दादा जिंदा रहते थे। उनके मरते ही बंटवारा होता था। सबसे नुकसान में वही होता था जिसने जमीन बगीचे को बचाकर रखा और हिस्से में बस टुकड़े आए। इसी कारण बहुत ज्यादा अदालतों में दिवानी और परिवारिक बंटवारे के मुकदमों की बाढ़ आ गई है, जबकि परिवारों के मुकदमों को जिलाधीश, तहसीलदार और लेखपाल सही तरीके से जमीन जायदाद का अपनी देखरेख में बंटवारा करा दे तो अदालतों में मुकदमे कम हों, पर ऐसा सरकार भी नहीं चाहती। कोई कमजोर भाई हक से ही मांग रहा है तो धनवान भाई उसको मरवाने में लगा हुआ है या मुकदमे में फंसाकर मार रहा है। हर संयुक्त परिवार की यही कहानी बन गई है। भारत में पश्चिमीकरण के प्रभाव से सामाजिक संरचना में तीव्र परिवर्तन हुआ है। कभी संयुक्त परिवार भारतीय समाज की पहचान हुआ करता था, परंतु आज उसकी जगह एकाकी परिवार ने ले ली है। वर्तमान में भारत में अधिकांश परिवार एकाकी हो चुके हैं, जहां पारिवारिक संबंध सीमित, औपचारिक और स्वार्थपरक होते जा रहे हैं। आपसी प्रेम, आत्मीयता और सामूहिक जिम्मेदारी का भाव धीरे-धीरे समाप्त होता जा



रहा है। संयुक्त परिवार के विघटन के अनेक कारण रहे हैं। सबसे प्रमुख कारण संपत्ति और धन को लेकर भेदभाव है।

परिवार का मुखिया जब जमीन और धन पर एकाधिकार करने लगा और अपने पुत्रों व भाइयों के पुत्रों में सुविधा का असमान वितरण करने लगा, तब परिवार टूटने लगा। कई स्थानों पर अन्य सदस्यों को संपत्ति से वंचित कर अलग कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, महिलाओं के साथ होने वाला शोषण भी एकाकी परिवार बनने का बड़ा कारण बना। 1980 के दशक के बाद यह प्रक्रिया और तेज हो गई। संयुक्त परिवार के टूटने से सामाजिक नियंत्रण कमजोर पड़ा और अनेक कुरीतियां पनपने लगीं। बच्चों पर पारिवारिक अनुशासन घटा, जिससे व्यवहार में उच्छृंखलता बढ़ी। फैशन और आधुनिकता के नाम पर पश्चिमी संस्कृति का अंधानुकरण शुरू हुआ। क्लब संस्कृति, नशे की प्रवृत्ति और तथाकथित आधुनिक जीवनशैली समाज में फैलने लगी, जिसका प्रभाव मध्यम वर्ग तक पहुंच गया। इसी क्रम में 'लिव-इन रिलेशनशिप' जैसी अवधारणाएं भी सामने आईं, जिसने पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों को और कमजोर किया। एकाकी परिवारों में बच्चों के पालन-पोषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। कामकाजी माता-पिता बच्चों के लिए समय नहीं निकाल पाते, जिससे उन्हें आया या शिशु देखभाल केंद्रों पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं, संयुक्त परिवार में बच्चे रिश्तों को समझते थे-बुआ, चाची, मामा जैसे संबंधों से जुड़ाव होता था, जो अब दुर्लभ होते जा रहे हैं।

एक या दो बच्चों तक सीमित परिवारों के कारण अनेक पारिवारिक रिश्ते समाप्त हो रहे हैं। आज वृद्ध माता-पिता की स्थिति भी चिंताजनक है। एकाकी परिवारों में व्यस्त जीवन के कारण संतान उनका ध्यान नहीं रख पा रही, जिससे वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ रही है। कभी भारतीय संयुक्त परिवार व्यवस्था विश्व के लिए आदर्श थी, परंतु लालच, स्वार्थ और नैतिक पतन के कारण वह बिखर गई। परिणामस्वरूप आज रिश्ते केवल नाम मात्र के रह गए हैं, जिनमें न अपनापन है और न ही सच्चा प्रेम।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बेरोजगारी के बढ़ते साये में हिमाचल का युवा वर्ग चिंतित

कृषक मित्रों से किसी राज्य सरकार ने मित्रता नहीं निभाई, अन्य की बात पर चर्चा करने का सवाल कहां उठता था। रोजगार वही जिससे परिवार का जीवनयापन आसानी से हो सके। एक मजदूर की दिहाड़ी से कम वेतन कर्मचारियों को मिलना शोषण ही कहलाएगा।



सुखदेव सिंह
नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सुक्खू सरकार ने बेरोजगारी की दर कम करने के लिए वन, पशु, रोगी, जल, आपदा मित्रों की भर्तियां की हैं। बेरोजगार युवाओं को विदेशों में सिक्योरिटी गार्ड, मोटर साइकिल डिलीवरी ब्वॉय की नौकरियां दिलाए जाने के उद्देश्य से रोजगार कार्यालयों में इंटरव्यू लिए हैं। छह लाइनों में दोनों तरफ एक सौ से अधिक स्पीड में चलने बाली गाड़ियों के बीच मोटर साइकिल डिलीवरी ब्वॉय बनना कोई आसान काम नहीं है। खास बात यह की मोटर साइकिल का ट्रैक तक भी नहीं है। हिमाचल प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को विदेशों में नौकरी दिए जाने को लेकर आजकल इंटरव्यू लेने का कार्यक्रम चल रहा है। रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगी से बचाने के लिए सरकारों को सजगता बरतनी चाहिए।

विधानसभा सत्र में सुक्खू की सरकार ने साफ कर दिया था कि कोई भी मित्र नियमित नहीं किया जाएगा। महंगाई के दौर में चंद सिक्कों में अपने घरों का खर्चा उठाना मित्र कर्मचारियों के लिए बहुत बड़ी चुनौती है।

बढ़ती बेरोजगारी आज शिक्षित युवाओं के लिए सबसे बड़ा संकट बन गई है। जनसंख्या के अनुपात में जितने रोजगार सृजित होने चाहिए, वे पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। परिणामस्वरूप युवा बेरोजगारी की चक्की में पिसकर अपने लक्ष्यों और सपनों से भटकते जा रहे हैं। युवा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी होते हैं, जो समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन वर्तमान शिक्षा व्यवस्था अपने उद्देश्यों पर सही ढंग से नहीं




उतर रही, जिससे युवा निराश, हताश और आहत महसूस कर रहे हैं। ऐसी शिक्षा का क्या लाभ, जो युवाओं को नशे और अपराध की ओर धकेल रही हो।

शिक्षा के दो मुख्य उद्देश्य हैं-एक आजीविका से जुड़ना और दूसरा राष्ट्र तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना।

युवाओं को अब अत्यधिक नैतिक शिक्षा की आवश्यकता है, जिससे उनका संपूर्ण व्यक्तित्व विकसित हो और वे समाज के लिए उपयोगी बन सकें। आज का युवा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित रह गया है और खेलकूद, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग नहीं ले पा रहा। बेरोजगारी के कारण कई युवा पत्थरबाजी, नशे और अन्य गलत रास्तों की ओर बढ़ रहे हैं, जो उनके और समाज के लिए गंभीर खतरा है।

हिमाचल प्रदेश में बेरोजगार युवाओं की संख्या लगभग दस लाख के करीब पहुंच गई है। सरकारें रोजगार सृजन के बजाय चंद रुपए के भत्ते देकर युवाओं का मनोबल गिरा रही हैं। बेरोजगार युवा नेताओं के हाथ की कठपुतली बनकर अपने भविष्य को दांव पर लगा रहे हैं। बेरोजगारी के कारण अपराध और नशे का कारोबार बढ़ रहा है, और देवभूमि हिमाचल अब ड्रग्स तस्करी के केंद्र के रूप में उभर रहा है। इसमें महिलाएं, लड़कियां और नाबालिग छात्र भी शामिल हो रहे हैं, जो अत्यंत चिंताजनक और शर्मनाक स्थिति है। रोजगार की तलाश में युवा विदेशों की ओर पलायन कर रहे हैं, लेकिन कई फर्जी एजेंट उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर लाखों रुपये ठग लेते हैं और उन्हें खाड़ी देशों में भेजते हैं। वहां वे शोषण और अमानवीय परिस्थितियों का शिकार बन जाते हैं। बेरोजगारी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि अमेरिका, यूके, चीन और खाड़ी देशों की भी गंभीर समस्या बन चुकी है। आर्थिक मंदी और अवसरों की कमी के कारण युवाओं में मानसिक तनाव बढ़ रहा है।

सरकारों को युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। खाली पदों को भरना, रोजगार सृजन को प्राथमिकता देना और युवाओं को व्यावहारिक कौशल के प्रशिक्षण से लैस करना आवश्यक है। तभी बेरोजगारी पर अंकुश लगाकर युवाओं को सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य की दिशा दिखाई जा सकेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संस्कारों से विमुख होती युवा पीढ़ी, एक चिंताजनक परिदृश्य

संस्कार किसी भी समाज की आत्मा होते हैं। ये संस्कार हमें केवल अच्छा-बुरा पहचानना ही नहीं सिखाते, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का भी बोध कराते हैं।

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है, जहां 'वसुधैव कुटुम्बकम', 'मातृ देवो भव', 'पितृ देवो भव' जैसे आदर्श जीवन का मार्गदर्शन करते रहे हैं, परंतु आज के आधुनिक और भौतिकतावादी युग में भारत सहित हिमाचल प्रदेश में भी संस्कारों का स्तर लगातार गिरता हुआ दिखाई दे रहा है, जो एक गंभीर सामाजिक चिंता का विषय है। भारत में संस्कारों की परंपरा परिवार से प्रारंभ होती थी। बचपन से ही बच्चों को बड़ों का सम्मान, सत्य बोलना, संयम, सहनशीलता और परोपकार जैसे गुण सिखाए जाते थे, किंतु आज संयुक्त परिवारों का विघटन, एकल परिवारों का बढ़ना और माता-पिता का अत्यधिक व्यस्त जीवन बच्चों को संस्कार देने में बाधा बन रहा है। मोबाइल फोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने बच्चों और युवाओं की सोच को काफी हद तक प्रभावित किया है। वे आभासी दुनिया में अधिक समय बिताने लगे हैं, जिससे वास्तविक मानवीय संवेदनाएं कमजोर होती जा रही हैं। देवभूमि हिमाचल के लोग सरल, ईमानदार और संस्कारी माने जाते थे। अतिथि सत्कार, प्रकृति से प्रेम और सामाजिक सहयोग हिमाचली जीवन शैली का अभिन्न अंग थे, परंतु शहरीकरण, पर्यटन का अत्यधिक दबाव और बाहरी सांस्कृतिक प्रभावों के कारण यहां भी पारंपरिक संस्कारों में गिरावट देखी जा रही है। युवा पीढ़ी तेजी से आधुनिक जीवन शैली अपना रही है, जिसमें भौतिक सुख-सुविधाए संस्कारों से ऊपर रखी जा रही हैं। वर्तमान समय में समाज में संस्कारों के गिरते स्तर का एक प्रमुख कारण शिक्षा प्रणाली में नैतिक शिक्षा की कमी है। आज की शिक्षा व्यवस्था मुख्यत: रोजगार, प्रतिस्पर्धा और भौतिक सफलता तक सीमित हो गई है।



प्रोफेसर मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय, बड़सर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र




विद्यालयों और महाविद्यालयों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक दायित्वों और भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जाता। परिणामस्वरूप विद्यार्थी डिग्रियां तो प्राप्त कर लेते हैं, पर जीवन मूल्यों-जैसे अनुशासन, करुणा, सत्य और सेवा की समझ कमजोर रह जाती है।

संस्कारों के पतन में मीडिया और मनोरंजन जगत की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। कई फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी कार्यक्रमों में हिंसा, अश्लीलता और अनैतिक व्यवहार को सामान्य व आकर्षक रूप में दिखाया जाता है। युवा वर्ग इन दृश्यों से प्रभावित होकर उन्हें अपने व्यवहार में अपनाने लगता है। हिमाचल प्रदेश जैसे शांत और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य में भी आधुनिकता के नाम पर यह प्रभाव तेजी से फैल रहा है, जो सामाजिक संतुलन के लिए चिंताजनक है।

संस्कारों में गिरावट का प्रभाव समाज में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। बुजुर्गों के प्रति उपेक्षा, महिलाओं के साथ असम्मानजनक व्यवहार, रिश्तों में बढ़ता स्वार्थ और सहनशीलता की कमी इसके प्रमुख उदाहरण हैं। पारिवारिक विवादों में वृद्धि, अपराधों का बढ़ना और मानसिक तनाव भी इसी नैतिक गिरावट के परिणाम हैं। हालांकि स्थिति गंभीर है, फिर भी पूरी तरह निराशाजनक नहीं। परिवार, शिक्षा संस्थान और समाज के संयुक्त प्रयासों से संस्कारों को पुनर्जीवित किया जा सकता है।

माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताकर उन्हें सही-गलत का अंतर समझाना चाहिए। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा और भारतीय संस्कृति से जुड़े विषयों को अनिवार्य बनाना आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### गणतंत्र दिवस परेड के लिए छाया का चयन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला मंडी के सरकाघाट तहसील स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नबाही की 12वीं कक्षा (नॉन-मेडिकल) की छात्रा कुमारी छाया का राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड-2026 के लिए चयन हुआ है। यह परेड राजधानी शिमला में आयोजित की जाएगी। कुमारी छाया का चयन हाल ही में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) ऊना में आयोजित चयन प्रक्रिया के माध्यम से हुआ। उसकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे सरकाघाट क्षेत्र में खुशी का माहौल है। यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और एनएसएस गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का परिणाम है। महिला कार्यक्रम अधिकारी अमिता शर्मा व पुरुष कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन का इसमें विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया ने छात्रा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### केंद्रीय विद्यालय संधोल में होनहार नवाजे

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना के 62 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संधोल में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम संभाग से आए उपायुक्त वरुण मित्तल ने विद्यालय का औपचारिक दौरा किया। प्रधानाचार्य धीरज कौशल ने पारंपरिक हिमाचली शैली में उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा दसवीं के मेधावी छात्र आर्यन सकलानी को प्रेरणा उत्सव में भाग लेने हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं, कक्षा 10वीं व 12वीं के उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों के लिए प्रधानाचार्य धीरज कौशल को रजत पदक प्रदान किया गया। विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले पीजीटी एवं टीजीटी शिक्षकों को स्वर्ण व रजत प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे।

### पटवारी भर्ती शुल्क को लेकर सरकार पर हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी पटवारी भर्ती प्रक्रिया में अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों से शुल्क लिए जाने को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष चेत राम ने कड़ा विरोध जताया है। मंडी में जारी बयान में उन्होंने प्रदेश सरकार को दलित विरोधी करार देते हुए कहा कि संविधान में अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिन्हें वर्तमान सुक्खू सरकार कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भर्तियों में सभी वर्गों से समान शुल्क लेना सामाजिक रूप से उपेक्षित वर्गों के साथ अन्याय है तथा इससे गरीब अभ्यर्थियों के रोजगार के अवसर सीमित होंगे। चेत राम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक इन वर्गों का केवल वोट बैंक के रूप में उपयोग किया, लेकिन उनके वास्तविक उत्थान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने सरकार से निर्णय वापस लेने की मांग की।

### किसानों को आधुनिक तकनीकों से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत सामान्य बागवानी पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 16 से 20 दिसंबर तक सिद्धपुर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धर्मपुर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 40 किसान शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीक, उच्च मूल्य वाली फसलें, जलवायु अनुकूल खेती और प्रसंस्करण विधियों की जानकारी देना था। किसानों को अनार, सिट्रस फ्रूट, ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो, ब्लूबेरी और मैकाडामिया नट जैसी वाणिज्यिक फसलों की उन्नत खेती, सूक्ष्म सिंचाई, फल संरक्षण, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट और क्लाइमेट स्मार्ट हॉर्टिकल्चर पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उप निदेशक डॉ. राजेश कुमार चौधरी, विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार और बागवानी विकास अधिकारी डॉ. सुमित भंगालिया उपस्थित रहे।

### सरकाघाट क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल के ग्राम पंचायत बरछवाढ़ और नबाही क्षेत्र में संचालित उठाऊ पेयजल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है और सभी निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाई गई है। जल शक्ति मंडल सरकाघाट के अधिशाषी अभियंता विवेक हाजरी ने बताया कि बरछवाढ़ में 45 हजार लीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक तथा थमेहड़ा में 68,400 लीटर और 40 हजार लीटर क्षमता के दो भंडारण टैंक स्थापित हैं। इस योजना से लगभग 8 हजार आबादी वाले गांवों के साथ-साथ राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, एसपीएस स्कूल नबाही और राजकीय प्राथमिक पाठशाला बरछवाढ़ को भी नियमित पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को पीलिया के कुछ मामलों के बाद गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा सतत निगरानी और एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

### जल शक्ति विभाग की अनदेखी पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र में पीलिया के लगातार बढ़ते मामलों को लेकर कांग्रेस नेता यदोपति ठाकुर ने जलशक्ति विभाग पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि समय पर पानी की टंकियों की सफाई नहीं की जा रही और कई जल परियोजनाओं में फिल्टर की सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। पत्रकारों से बातचीत में यदोपति ठाकुर ने बताया कि इसी कारण पीलिया के मामले बढ़ते जा रहे हैं और स्थिति अब बेहद चिंताजनक हो चुकी है। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि विभाग की अनदेखी के कारण सामान्य जनता स्वास्थ्य संबंधी गंभीर जोखिम का सामना कर रही है। उनका कहना था कि पानी की नियमित सफाई और फिल्टर सुविधा सुनिश्चित करना जिम्मेदार अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

### पधर बाजार व जंगल को बनाया प्लास्टिक मुक्त

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर में शनिवार को पर्यावरण एवं स्वच्छता समिति, दरंग विकास खंड और स्थानीय पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य बाजार क्षेत्र की सफाई के साथ-साथ प्राकृतिक क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। आईआईटी के स्वयंसेवकों द्वारा चार दल बनाकर पधर बाजार, मुख्य चौक के समीप नाले और अस्पताल के पास के जंगल में सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों, महिला मंडल और पंचायत प्रतिनिधियों ने जंगल में फैली प्लास्टिक, रैपर और अन्य अपशिष्ट सामग्री एकत्र की और इसे वैज्ञानिक ढंग से निस्तारित किया। एसडीएम सुरजीत सिंह और खंड विकास अधिकारी विनय चौहान ने जनता से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। अध्यक्ष किरण चौहान ने सभी सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखने का आश्वासन दिया।

# अधूरा फोरलेन, नालियां बंद और गंदा पानी जमा

## घटिया निर्माण की भेंट चढ़ी कीरतपुर-मनाली फोरलेन, सर्विस रोड और नालियां बदहाल

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान मुद्दा



कीरतपुर-मनाली फोरलेन के नौलखा से जुड़े ढला नाल-जरल क्षेत्र में नाली में जमा गंदा पानी व खस्ताहाल फुटपाथ।

**महादेव।** कीरतपुर-मनाली फोरलेन परियोजना, जिससे लोगों को बेहतर यातायात सुविधा की उम्मीद थी, आज एक बड़े हिस्से में आधी-अधूरी और घटिया निर्माण का नमूना बनकर रह गई है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि फोरलेन का कार्य न तो तय मानकों के अनुरूप हुआ है और न ही स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर। बाहरी राज्यों में फोरलेन देखने के बाद अब यहां के नागरिक तुलनात्मक रूप से इस परियोजना की खामियों को और अधिक स्पष्ट रूप से महसूस कर रहे हैं।

फोरलेन के कई हिस्सों में सर्विस रोड आज भी अधूरी है। कहीं सड़क धंसी हुई है तो कहीं मलबा बिखरा पड़ा है, जिसकी समय पर सफाई नहीं की गई। सबसे गंभीर समस्या नालियों की है। उचित जल निकासी व्यवस्था न होने के कारण नालियां बंद पड़ी हैं और उनमें गंदा, सड़ा हुआ पानी जमा हो गया है। इससे न केवल बदबू फैल रही है, बल्कि पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। बरसात के समय यही पानी सड़क की ओर फैलकर यातायात के लिए अतिरिक्त खतरा बन जाता है।

गांव नौलखा से जुड़े ढला नाल-जरल क्षेत्र में स्थिति और भी चिंताजनक है। यहां पथप्रकाश की व्यवस्था न होने से रात के समय फोरलेन जानलेवा साबित हो रहा है। नालियों में भरा गंदा पानी और संपर्क मार्ग पर बहता कीचड़ वाहन चालकों के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। किनारों को पक्का तो किया गया, लेकिन वह कुछ ही दिनों में तख्ती की स्याही की तरह साफ हो गया, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

फोरलेन और यू-टर्न की चौड़ाई भी बेहद संकरी है, जो बाहरी राज्यों की तुलना में कहीं कम प्रतीत होती है। ऐसे में वाहन चालकों को सड़क पार करने या यू-टर्न लेने में जोखिम उठाना पड़ता है। सड़क के बीचों-बीच इतनी कम जगह छोड़ी गई है कि वहां हरियाली या सजावटी पौधों की कोई समुचित व्यवस्था संभव नहीं दिखती, जिससे पर्यावरण संरक्षण के दावों की भी पोल खुलती है।

इसके अलावा, व्यस्त चौक-चौराहों पर फ्लाईओवर की सुविधा न होना पैदल यात्रियों के लिए बड़ी समस्या है। डडौर चौक पर तो आए दिन वाहन टक्करों की घटनाएं सामने आती रहती हैं। लोगों की मांग है कि यहां मुख्य फोरलेन को ऊंचा कर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण किया जाए और नीचे से संपर्क मार्गों को सुरक्षित रूप से जोड़ा जाए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वे इन समस्याओं को कई बार राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, विधायक और मंत्रियों के समक्ष उठा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे जनता में भारी नाराजगी है। लोगों ने मंडी की सांसद कंगना रनौत से मांग की है कि वे स्वयं फोरलेन का दौरा कर हालात का जायजा लें और शीघ्र सुधार कार्य सुनिश्चित करवाएं।

## महाशिवरात्रि मेले की व्यवस्थाओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सर्व देवता सेवा समिति की आम बैठक देव सदन/संस्कृति सदन कांगनी में अध्यक्ष शिव पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पड्डुल मैदान में देवताओं के बैठने और परंपराओं के पालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सभी कारदारों ने उपायुक्त से पंजीकृत देवताओं के लिए महाशिवरात्रि के दौरान उचित स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि मेले के समय देवताओं के धाम बंद नहीं किए जाते, बल्कि परंपरा के अनुसार मेले के समाप्त होने के बाद ही देवता धाम जाते हैं। कुछ कारदारों द्वारा परंपरा की अनदेखी और देवताओं को समय से पहले ले जाने से श्रद्धालु दर्शन से वंचित हो रहे थे। समिति ने सभी से अनुरोध किया कि देवताओं को शाम के बाद ही धाम ले जाएं और सुबह मेला शुरू होने पर पड्डुल मैदान में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें। बैठक में समिति के वरिष्ठ सदस्य और सलाहकार भी मौजूद रहे।

## बालीचौकी में सुधरेगी सड़कों की दशा वन-वे का होगा सख्ती से पालन: एसडीएम

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

- कहा- लोगों की समस्याओं का चरणबद्ध ढंग से किया जाएगा समाधान

**बालीचौकी।** एनएच 305 समेत बालीचौकी क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों की हालत जल्द सुधरेगी। इसके लिए स्थानीय प्रशासन एनएच अथॉरिटी और पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ जल्द बैठक कर लोगों की समस्याओं को हल करने का प्रयास करेगा। यह आश्वासन चंबा के निवासी बचित्तर सिंह ने बालीचौकी उपमंडल एसडीएम का कार्यभार संभालते दिया है। बालीचौकी बाजार में वन-वे के नियम का सख्ती से पालन किया जाएगा। नियमों के उललंघन पर प्रशासन सख्त कार्यवाही करेगा।



वहीं बाजार में सड़क के किनारे वाहन खड़े करने वालों पर प्रशासन शिकंजा कसेगा। लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रशासन जल्द मिनी सचिवालय की पार्किंग को शुरू करेगा। जिसमें प्रशासन की तरफ से शुल्क निर्धारित किया जाएगा। इसके अलावा बालीचौकी क्षेत्र की बुनियादी समस्या नो पार्किंग जोन और सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त कदम उठाए जाएंगे। एसडीएम बचित्तर ने आश्वासन दिया है कि लोगों की समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से हल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्हें बताया अभी क्षेत्र की समस्याओं को जानने में थोड़ा समय लगेगा। हाल में कुछ क्षेत्रों का निरीक्षण किया है।

बता दें कि इससे पहले कुल्लू की निवासी कुनिका एक्रेस ने एसडीएम बालीचौकी का कार्यभार संभाला था लेकिन सरकार की ओर से दोबारा हुए तबादले आदेशों में उन्हें केलांग एसडीएम का कार्यभार सौंपा हैं, जबकि बचित्तर सिंह ही बालीचौकी के एसडीएम बने रहे हैं। उधर, स्थानीय लोगों ने भी नए एसडीएम से कई उम्मीदें लगाई हैं।

## क्रिसमस डे की तैयारियां जोरों पर

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** जैसे-जैसे क्रिसमस डे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव को लेकर ईसाई समुदाय में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला, विशेषकर सुंदरनगर क्षेत्र में क्रिसमस की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। ईसाई अनुयायियों द्वारा परंपरागत रूप से रात के समय प्रभात फेरी की तर्ज पर कैरोल सिंगिंग की जा रही है, जिसमें वे घर-घर जाकर भजन-कीर्तन के माध्यम से प्रभु की स्तुति करते हैं। अनुयायियों के अनुसार, कार्यक्रम के समापन पर अंतिम घर में सामूहिक प्रार्थना कर प्रभु को स्वर्गदूतों सहित नमन किया जाता है। सुंदरनगर शहरी क्षेत्र में रामपुर, बिलासपुर और कुल्लू जैसे दूर-दराज़ क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग इन धार्मिक आयोजनों में भाग ले रहे हैं। खुले में प्रार्थना सभाओं, शोभायात्राओं और रैलियों के माध्यम से प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया जा रहा है, जिसे आगे भी बनाए रखने की योजना है।

## समौड़-मढ़ी सड़क 6 माह से बंद

### डंगा न लगने से बस सेवा ठप, स्थानीय लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



समौड़-मढ़ी सड़क के बंद होने से लोगों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना।

लोक निर्माण विभाग मंडल धर्मपुर के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत समौड़ की समौड़-मढ़ी सड़क पिछले करीब छह महीनों से बस सेवा के लिए बंद पड़ी है। सड़क के एक हिस्से में डंगा लगना प्रस्तावित है, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बावजूद लोक निर्माण विभाग आज तक यह कार्य पूरा नहीं कर पाया है। इसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बंद होने से न केवल बस सेवा पूरी तरह ठप है, बल्कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और दैनिक यात्रियों को कई किलोमीटर पैदल सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सड़क और डंगा न होने लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर धर्मपुर क्षेत्र के भाजपा नेता रजत ठाकुर और इसी वार्ड से पंचायत समिति सदस्य विपिन कुमार ने संयुक्त बयान जारी कर लोक निर्माण विभाग और प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।

रजत ठाकुर ने कहा कि 'छह महीने का समय कम नहीं होता, इसके बावजूद डंगा न लग पाना विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। सड़क बहाल न होने से आम जनता त्रस्त है।' वहीं विपिन कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समौड़ मढ़ी सड़क को शीघ्र बहाल नहीं किया गया, तो क्षेत्रवासी सड़कों पर उतरकर जोरदार आंदोलन करने को मजबूर होंगे और लोक निर्माण विभाग का घेराव किया जाएगा।

दोनों नेताओं ने सरकार और विभाग से मांग की है कि डंगे का कार्य तत्काल शुरू कर सड़क को बहाल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। अब देखना यह है कि विभाग कब तक जागता है या फिर जनता को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## एफपीओ धर्मपुर ने राज्यस्तर पर बनाई पहचान

### पालमपुर सहकारिता सम्मेलन में उत्पादों की बिक्री व प्रदर्शन का मिला मंच

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



सहकारिता सम्मेलन के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री निरीक्षण करते हुए।

धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा (एफपीओ) ने राज्य स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाते हुए कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में आयोजित सहकारिता सम्मेलन में भाग लेकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सम्मेलन में प्रदेश की लगभग पच्चीस सहकारी समितियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में एफपीओ धर्मपुर को अपने उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। इस सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री एवं सहकारिता मंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सम्मेलन में सहकारिता एवं कृषि विभाग के अलावा एनसीडीसी, हिमफेड, मिल्कफेड, इफको, सहकारी बैंक, कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक सहित तिब्बतियन हैंडलूम, भुट्टीको, सावन महिला, देव नारायणी, हिमकैप्स, अप्पर भाटू, नारी शक्ति जैसी अनेक सहकारी संस्थाओं ने भाग लिया। मंडी जिले से एकमात्र सोसायटी के रूप में एफ़पीओ धर्मपुर की सहभागिता विशेष रही। इस अवसर पर एफपीओ सचिव भूपेंद्र सिंह के साथ कमेटी सदस्य रजनी सकलानी, सरोजनी देवी और वीना विष्ट भी उपस्थित रहीं।

सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एफपीओ धर्मपुर के दो हजार से अधिक शेयरधारक हैं तथा तीन हजार शेयर खरीदे जा चुके हैं। व्यवसाय विस्तार के तहत अब 'पहाड़ी रत्न' ब्रांड के अंतर्गत हल्दी पाउडर, मोटे अनाजों का आटा, शुगर कंट्रोल आटा, मौसमी व औषधीय फलों के अचार-मुरब्बे, कोदरे के लड्डू, बर्फी, पपीते के पेड़े तथा वर्मी कम्पोस्ट खाद जैसे उत्पाद बाजार में उतारे जा रहे हैं। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के क्षेत्रीय निदेशक भूपेंद्र मंडावी ने बताया कि एफपीओ धर्मपुर प्रदेश का पहला एफपीओ है जिसे भारत सरकार की दस हजार एफपीओ निर्माण परियोजना के अंतर्गत 15 लाख की सहभागी सहायता प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि धर्मपुर में मार्च माह तक मल्टी प्रोसेसिंग लघु उद्योग स्थापित किया जाएगा, जिससे किसानों की हल्दी की प्रोसेसिंग, पैकिंग और मार्केटिंग की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी।

## विद्यार्थियों ने खेलकूद स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शानन स्थित वैदिक स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. राकेश धरवाल, निदेशक जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज, ने किया। स्थानीय स्कूल निदेशक ठाकुर मेघ सिंह और मुख्य सलाहकार प्यार चंद ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या कंचन ठाकुर ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और इससे अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास बढ़ता है। प्रतियोगिता में जैवलिन थ्रो, कबड्डी, शतरंज, खो-खो और शॉटपुट जैसी खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों की सराहना की और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। प्यार चंद ठाकुर ने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजन जारी रखने का आश्वासन दिया।

## राहुल गांधी ने विदेश दौरे में देश की नकारात्मक तस्वीर की प्रस्तुत: अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जर्मनी दौरे में देश की नकारात्मक तस्वीर पेश करने की कड़ी निन्दा की है तथा उनसे देश की जनता के सामने माफी मांगने की मांग की है। राहुल गांधी के विदेश दौरों में बहुत बार अलग-अलग मंचों से देश की नकारात्मक तस्वीर रखने की कड़ी आलोचना पूरे देश में हो रही है।



भाजपा प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने जर्मनी दौरे में देश की उत्पादकता तथा क्षमता पर प्रश्न खड़े किए हैं। लेकिन आंकड़े वास्तविक रुप से एक अलग और सकारात्मक कहानी प्रस्तुत करते हैं। देश का मैनुफैक्चरिंग सेक्टर पिछले एक दशक में लगातार बढ़ा है। इलेक्ट्रॉनिक गुड्स, मोबाइल फोन निर्माण, फार्मेसी, रक्षा उत्पादन में 2014 के मुकाबले 2024 में वृद्धि देखी गई। इलेक्ट्रॉनिक गुड्स का उत्पादन जो पिछले दशक में 1.9 लाख करोड़ था, वह अब 11.3 लाख तीन करोड़ हो चुका है, 2014 में जहां मोबाइल बनाने की केवल दो फैक्ट्री थी, वहीं अब यह 300 फैक्ट्रियां हो गई हैं और देश के बाहर निर्यात बढ़ा है। देश में 2014 तक जहां 46,429 करोड़ रुपए तक के रक्षा उपकरण उत्पादित होते थे, वहीं इनमें 174 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,27,434 करोड़ रुपए के रक्षा उपकरण उत्पादित हो रहे हैं। इसी तरह भारत विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में बहुत आगे बढ़ चुका है। अजय ठाकुर ने आगे कहा कि कांग्रेस की केन्द्र में बीमारू सरकार के बरक्स अब देश में अब मजबूत तथा प्रभावी सरकार है। गांधी परिवार ने स्वतंत्रता के बाद केवल अपने परिवार का फायदा सोचा देश का नहीं, देश को भ्रष्टाचार के समुंदर में डुबोने की कोशिश की लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा होने नहीं दिया। राहुल गांधी अब इतने हताश और लापरवाह हो चुके हैं की देश की गलत छवि प्रस्तुत करने पर उतारू हैं।

## न्यू क्रिसेंट स्कूल के 34 मेधावियों को प्रदान किए मेरिट प्रमाण पत्र




न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर (गरौंडू) के मेधावियों को मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किए।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर स्थित गरौंडू के दसवीं कक्षा के 34 विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन करने पर शिक्षा बोर्ड द्वारा मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से स्कूल, अभिभावकों व क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।मेरिट प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में क्रमशः आकांक्षा, अक्षरा, अंशिका, अरुणिमा, चाहत गोस्वामी, कनिका ठाकुर, कृतिका, लाविशा गुप्ता, प्रीति ठाकुर, प्रेरणा, शान्वी, शिया, तमन्ना, वंशिका भाटिया, आदित्य राठौर, आनंद ठाकुर, अनिकेत, अंशुल, अनर्व राणा, आरुष कोंडल, आशीष कुमार, अश्मित चौहान, गीतांश, कार्तिक सकलानी, काव्यांश, मोहित कुमार, पियूष, प्रतीक राणा, शिवम, शिवांशु, शुभम, तनिष्क ठाकुर व विनीत प्रमुख रूप से शामिल हैं।

इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य ने कहा कि दसवीं कक्षा के 34 विद्यार्थियों को मेरिट प्रमाण पत्र मिलना स्कूल के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न सह-पाठ्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं, जिससे उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।स्कूल निदेशक विजय शर्मा तथा प्रधानाचार्य शशि किरण ने मेरिट प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और अध्यापकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**चिंता** सूखे व ठंड की कमी ने सेब के पौधों की पोषण प्रक्रिया की बाधित, जलवायु परिवर्तन से घट रही पैदावार

## बर्फबारी और बारिश न होने से संकट में सेब बागवानी

**पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान**



सूखे और कम नमी के बीच सेब के पौधों की देखभाल करती महिलाएं।

**करसोग।** हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी न होने से सेब बागबानी गंभीर संकट में फंस गई है। सूखे के कारण बागबान न तो सेब,बादाम आदि फलों के तौलिए बना पाए हैं न ही तो गोबर की खाद और रासायनिक खाद ही डाल पाए हैं। पौधों के तौलिए, खाद के अभाव के साथ सर्दियों में सेब के लिए आवश्यक ठंड (चिलिंग ऑवर्स) और पर्याप्त बर्फ, नमी न मिलने के कारण सेब के पेड़ों की प्राकृतिक पोषकता बाधित हो रही है। जिसका सीधा असर आगामी सीजन की सेब पैदावार पर पड़ रहा है। विशेषज्ञ इसे जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत मान रहे हैं। जिससे हजारों बागवानों और कामगारों की आजीविका खतरे में आ गई है।

बागवानी विभाग और बागबानों के अनुसार, मौसम की अनियमितता और कम बारिश के चलते बीते कुछ वर्षों में सेब उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है। पर्याप्त ठंड न मिलने से फूल आने और फल सेटिंग की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिससे सेब की गुणवत्ता और मात्रा—दोनों पर असर पड़ा है। लगातार सूखे जैसे हालात के कारण मिट्टी की नमी तेजी से घट रही है। वैज्ञानिक डॉ. शरद गुप्ता के अनुसार सेब के तौलिए हर वर्ष बनाना बहुत जरुरी है। पर्याप्त नमी के अभाव में तौलिए बनाने से पौधों की भोजन बनाने वाली सूक्ष्म जड़ें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे पौधे का चयापचय गड़बड़ाने से पौधे कमजोर पड़ते हैं। इसी वजह से कई बागवान समय पर सेब के पौधों का 'तौलिया' (मिट्टी पलटने/ चढ़ाने/घास-फूस निकालने/कीट नियंत्रण/जड़ों की देखभाल) बनाने का कार्य उचित समय पर नहीं कर पा रहे हैं।

पांगणा-कलाशन-जाच्छ क्षेत्र के प्रगतिशील बागबान डॉक्टर किशोरी लाल, रमेश शास्त्री, सुरेश शर्मा, हेमराज, संतराम गुप्ता, हीरालाल, मनोज शर्मा, खूबराज शर्मा, ललित ठाकुर, रामलाल चौहान, नेत्र सिंह, शिवलाल, नरेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, ज्ञानचंद, राजू आदि का कहना है कि वे हर साल 25 दिसंबर से पहले तौलिए कर सुपर फास्फेट और पोटाश डाल देते थे।

इसके बाद अवश्य बर्फ गिरती थी, लेकिन इस साल बारिश के न होने से खाद डालना तो दूर नमी के अभाव में पौधों के तौलिए की मिट्टी की पलटाई कर इन्हें खरपतवार और जडों की बीमारियों की देखरेख से भी मुक्त नहीं बना पाए हैं। ऐसे में पोषक तत्वों की उचित समय पर आपूर्ति न होने से भविष्य में सेब उत्पादन घटने से बागवानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। यूं भी बढ़ती लागत और घटती पैदावार के बीच किसानों के लिए सेब बागों का रखरखाव चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है। कई परिवारों की आय का प्रमुख स्त्रोत सेब उद्योग होने के कारण आर्थिक संकट और गहरा गया है।

वैज्ञानिक शरद गुप्ता का कहना है कि ग्लोबल वॉर्मिंग, अनियमित मौसम पैटर्न, कम बारिश, देर से बर्फबारी होना,ये सभी जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम हैं। इसके साथ ही ग्लेशियरों के पिघलने और बर्फ की कमी से हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र और जल उपलब्धता पर भी खतरा बढ़ रहा है, जिसका प्रभाव कृषि-बागबानी पर पड़ रहा है।संस्कृति मर्मज्ञ डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है कि बागवान अच्छी बारिश और पर्याप्त बर्फबारी की आस लगाए हुए सामुहिक रुप में ग्राम देवी-देवताओं की शरण में जा रहे हैं। बदलते मौसम और प्रकृति की अनिश्चितता के बीच परम कृपालु वर्षा के देव कमरुदेव जी, महासू देव जी, देव शिव शंकर के प्रति वर्षा की कामना, आस्था, उम्मीद और देव परंपरा का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आ रही है।' लेकिन मौसम की अनिश्चितता उन्हें लगातार चिंता में डाल रही है।फिर भी जगन्नियंता परमात्मा अपनी जन हितकारी कृपा का वर्षण जरूर करेंगे।

# बंगाणा में ड्रग इंस्पेक्टर और पुलिस की मेडिकल स्टोर व घर पर दबिश

## जांच करने पर शिकायत निकली झूठी, प्रतिबंधित दवा बिक्री करने की मिली थी शिकायत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**उपमंडल** बंगाणा में नशे के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में ड्रग इंस्पेक्टर रजत शर्मा ने पुलिस टीम के साथ बंगाणा क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर सहित घर पर अचानक दबिश दी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के मेडिकल कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, बंगाणा स्थित एक मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाइयों की बिक्री को लेकर शिकायत मिली थी। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर रजत शर्मा ने पुलिस टीम के साथ मेडिकल स्टोर की जांच की। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर के काउंटर, स्टोर रूम, दवाइयों का स्टॉक रजिस्टर और खरीद-फरोख्त से जुड़े दस्तावेजों को बारीकी से खंगाला गया। इतना ही नहीं शिकायत के आधार पर मेडिकल स्टोर संचालक के घर की भी तलाशी ली गई। पुलिस टीम ने घंटों तक दुकान और घरों की तलाशी की, लेकिन कहीं भी नशीली दवाइयों या किसी प्रकार की अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई। जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया कि मेडिकल स्टोर के खिलाफ की गई शिकायत पूरी तरह से झूठी थी। ड्रग इंस्पेक्टर रजत शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हर मेडिकल स्टोर की पुलिस टीम के साथ सघन जांच की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिस व्यक्ति के नाम पर मेडिकल स्टोर का लाइसेंस जारी है, वही व्यक्ति मेडिकल स्टोर पर बैठा होना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मेडिकल स्टोर संचालन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**▶ पुलिस टीम सहित उपमंडल बंगाणा के हर मेडिकल स्टोर की होगी जांच : रजत**

**▶ कहा- नशीले पदार्थ बेचने बालों पर सख्ती से होगी कार्रवाई**

रजत शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी मेडिकल स्टोर के खिलाफ नशीली दवाइयों की बिक्री की शिकायत सही पाई गई तो मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। नशे के खिलाफ लड़ाई में केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि आम जनता की भी अहम भूमिका है। ड्रग इंस्पेक्टर ने लोगों से अपील की कि अगर उनके आसपास कोई व्यक्ति या मेडिकल स्टोर नशे का अवैध कारोबार करता नजर आए तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग या पुलिस को इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में बंगाणा उपमंडल में फिर से पुलिस टीम के साथ छापेमारी की जाएगी। अभी भी स्वास्थ्य विभाग के निशाने पर बंगाणा क्षेत्र के कुछ मेडिकल स्टोर हैं, जहां जल्द ही औचक निरीक्षण किया जा सकता है। गौरतलब है कि ड्रग इंस्पेक्टर रजत शर्मा ने जिला ऊना में अब तक पुलिस टीम के साथ एक दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोरों पर नशीली दवाइयां पकड़ी हैं। कई मेडिकल स्टोरों में अनियमितताएं पाए जाने पर उन्हें कड़ी चेतावनियां भी दी गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आज 10335 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो दवा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत 21 दिसंबर को राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण पर विशेष ओरल पोलियो वेक्सीनेशन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत पांच वर्ष तक के नीचे सभी बच्चों को पोलियो दवा की दो-दो बूंदे पिलाई जाएंगी। खंड चिकित्सा अधिकारी हरोली शिंगारा सिंह ने बताया की खंड हरोली में 69 पोलियो बूथ स्थापित किए गए है। इसमें 0 से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो खुराक दी जाएगी। दो मोबाइल वैन के जरिए भी बच्चों को पोलियो वेक्सीन की खुराक दी जाएगी। 10335 बच्चों को पोलियो वेक्सीन की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। खंड चिकिस्ता अधिकारी शिंगारा सिंह ने लोगों से आह्वान किया है कि अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

### चिंतपूर्णी मंदिर में रोशन प्रिंस ने की भजनों की शूटिंग



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मां श्री चिंतपूर्णी के दरबार में पंजाबी भजन गायक रोशन प्रिंस ने तीन भजनों की शूटिंग की। उनके साथ लवी रवि और समीर भी मौजूद थे। रोशन प्रिंस ने बताया कि एक भजन माता चिंतपूर्णी का है और दूसरा भजन मां बगलामुखी का है। उन्होंने कहा कि माता रानी के दरबार में भजनों की शूटिंग की गई है और जल्द ही भजन को श्रद्धालुओं के लिए रिलीज कर दिया जाएगा। रोशन प्रिंस ने कहा कि माता के दरबार में उनकी गहरी आस्था है और माता रानी के दरबार में आते रहते हैं। मां की कृपा से गायकी अच्छी चली हुई है और श्रद्धालुओं का भजन को प्यार मिलेगा।

### साजन गगरेट वाला ने बढ़ाया ऊना जिले का मान



**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** ऊना जिले की अपर पंचायत गगरेट के साजन गगरेट वाला ने संगीत के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए वॉइस ऑफ शिमला सीजन -3 के मेगा राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है। साजन गगरेट वाला का चयन इस प्रतिष्ठित गायन प्रतियोगिता के कठिन ऑडिशन चरणों को पार करने के बाद हुआ है। साजन गगरेट वाला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि गगरेट और पूरे जिला ऊना के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह मेगा राउंड में बेहतर प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम संगीत के मंच पर और ऊंचा करेंगे।

### जलवाहक हरबंसी देवी को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय टकोली में जलवाहक हरबंसी देवी को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के उपरांत आयोजित सादे समारोह में विद्यालय परिवार, शिक्षक, अभिभावक व छात्र उपस्थित रहे। मुख्याध्यापक सुरेश कुमार की अध्यक्षता में उन्हें शॉल, स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट किए गए। हरबंसी देवी ने विद्यालय को परिवार बताते हुए सभी का आभार जताया। समारोह के अंत में मुख्याध्यापक सुरेश कुमार ने उनके स्वस्थ, सुखद और सम्मानपूर्ण भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद किया। इस मौके पर जीपीएस हेडमास्टर टकोली हरनेक चंद, वीना कुमारी, स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान, अध्यापक कुलदीप कुमार, रीना कुमारी, पवन कुमार, राहुल ठाकुर एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# विधायक विवेक ने होनहार स्टूडेंट्स को किया सम्मानित




कोटला कलां व डंगोली विद्यालयों में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला कलां एवं डंगोली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, उल्लास और उमंग से गूंज उठा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि सरकार सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को निरंतर बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर शैक्षणिक, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला कलां के स्कूल ग्राउंड की चारदीवारी निर्माण के लिए 5 लाख रुपए तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डंगोली में कक्षाओं की फ्लोरिंग टाइल के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 11-11 हजार रुपए जलपान के लिए देने की भी घोषणा की। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, पंचायत प्रधान कंचन, उपप्रधान अश्वनी, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

## लोगों ने पीर जी की दरगाह पर माथा टेककर की सुख-समृद्धि की कामना

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले के नजदीकी गांव नोगजा पीर जी का 12वां सलाना वार्षिक मेला शनिवार को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। पीर स्थान पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और दूर-दराज से आए लोगों ने पीर जी की दरगाह पर माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। मेले का आयोजन धूमधाम और शांति पूर्ण वातावरण में किया गया।

मेले के आयोजक रीता माई ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धा भाव से हुई, जिसके बाद सूफियाना कलाम और कव्वालियों ने समां बांध दिया। कलाकारों राजू शाह मस्ताना, राइहान अली और हैरी बादशाह ने अपनी प्रस्तुतियों से संगत को झूमने पर मजबूर कर दिया। दोपहर बाद आयोजित कव्वाली दीवान में अल्लाह और पीर-पैगंबर की शान में पेश किए गए कलामों ने माहौल को रूहानियत से भर दिया। वहीं श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर की व्यवस्था भी की गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले में हर वर्ग के लोगों की भागीदारी देखने को मिली। आयोजन समिति द्वारा व्यवस्था, अनुशासन और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा गया, जिसकी श्रद्धालुओं ने सराहना की। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, कलाकारों और सहयोगियों का धन्यवाद किया।

# ऊना में कोहरे और धुंध से जनजीवन प्रभावित, ट्रेनें आज भी देरी से पहुंचीं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले में शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी कोहरे और धुंध से आम जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। ठंड भी अचानक बढ़ गई और दिनभर सूर्य देवता के दर्शन नहीं हो पाए। जिले का तापमान भी सामान्य से काफी नीचे दर्ज किया गया। उत्तर भारत सहित ऊना में कोहरे का असर रेलगाडियों पर साफ देखने को मिल रहा है।

विभिन्न राज्यों से ऊना आने वाली ट्रेनें लगातार तीसरे दिन भी देरी से पहुंचीं। इससे रेल यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हिमाचल एक्सप्रेस, इंदौर एक्सप्रेस, गांधीनगर-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस ट्रेन, वंदे भारत सहित पैसेंजर ट्रेन अपने निर्धारित समय से एक से चार घंटे की देरी से ऊना पहुंची, जिससे यात्री परेशान हुए। स्वास्थ्य विभाग ने घने कोहरे और शीतलहर के दृष्टिगत जनहित में एडवाइजरी जारी की है। इसके माध्यम से बढ़ती ठंड और कोहरे के कारण उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि तापमान में लगातार गिरावट के चलते आगामी दिनों में शीतलहर और कोहरे का प्रभाव बढ़ सकता है।

जिलावासियों से आग्रह किया कि शीतलहर के दौरान यथासंभव घर के भीतर रहें। बाहर निकलते समय सिर, कान, हाथ, पैर और नाक को अच्छी तरह ढक कर रखें। मौसम पूर्वानुमान की जानकारी के लिए रेडियो, टीवी और समाचार पत्रों पर नजर बनाए रखें। शरीर की गर्मी बनाए रखने के लिए कई परतों वाले ऊनी कपड़े पहनें तथा पोषक आहार और गर्म पेय का सेवन करें।



ऊना में ठंड से बचने के लिए आग सेंकते लोग।

## दियाडा स्कू में किचन गार्डन से जैविक खेती की प्रेरक पहल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )।** उपमंडल अंब के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दियाडा में किचन गार्डन के माध्यम से जैविक खेती की सराहनीय पहल की गई है, जो ऊना जिला ही नहीं बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है। विद्यालय परिसर में स्थापित किचन गार्डन और पॉलिहाउस में हरी मिर्च, टमाटर, आलू, प्याज, पालक, मेथी, धनिया सहित विभिन्न सब्जियां पूरी तरह जैविक तरीके से उगाई जा रही हैं।

खेती में केवल गोबर खाद का प्रयोग किया जाता है, जिससे सब्जियों की गुणवत्ता के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। इस कार्य को अर्थशास्त्र प्रवक्ता शिविर मोहम्मद के मार्गदर्शन में विद्यालय स्टाफ की ओर से सामूहिक रूप से किया जा रहा है, जबकि प्रधानाचार्य सुशील कुमार ठाकुर का पूरा सहयोग प्राप्त है। किचन गार्डन में उगाई गई ताजी सब्जियों का उपयोग मध्याह्न भोजन योजना में किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को पोषक व स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिल रहा है। स्थानीय लोगों व शिक्षा विभाग ने इस पहल की सराहना की है।

## छपरोह स्कूल में सभी प्रतिभागी विद्यार्थी नवाजे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा स्थित दस मेगावॉट सौर परियोजना अग्रवाल के सौजन्य से राजकीय माध्यमिक पाठशाला छपरोह में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरुकता बढ़ाना, आत्मविश्वास का विकास करना तथा उन्हें रचनात्मक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में सौर परियोजना के प्रशासक देवराज सांखला, प्रोजेक्ट मैनेजर व्योम प्रकाश डोगरा तथा सिक्योरिटी ऑफिसर लखविंदर सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से हेडमास्टर अनूप कुमार, रामन एवं शिव कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। नृत्य प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पंजाबी, हिमाचली सहित विभिन्न सांस्कृतिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने 'ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें' विषय पर एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी। वहीं, सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवराज सांखला ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया और भविष्य में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

### बाबा बालक नाथ मंदिर जिंजर में भंडारा कल

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर जिंजर (लोहारा)में 22 दिसंबर को वार्षिक भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर के प्रबंधक प्रकाश चंद ने दी है। उन्होंने बताया कि इस दिन जागरण व विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## जिले में किसानों की बनेगी किसान आईडी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कृषि क्षेत्र को आधुनिक, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाने की दिशा में जिला ऊना में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन (एग्रीस्टैक) को लागू किया जा रहा है। इस मिशन के तहत किसानों की सुविधा और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उन तक पहुंचाने के लिए किसान रजिस्ट्री तैयार करने तथा डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाएगा। उप निदेशक कृषि कुलभूषण धीमान ने बताया कि किसान रजिस्ट्री के तहत प्रत्येक पंजीकृत किसान की एक विशिष्ट (यूनिक) किसान आईडी बनाई जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि किसान रजिस्ट्री का कार्य राज्य में कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से किया जा रहा है। किसान अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर/ लोकमित्र केंद्र पर जाकर नि:शुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं। धीमान ने बताया कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत जिले के प्रत्येक खसरा/प्लाट में बोई गई फसल का विवरण मोबाइल इंटरफेस के माध्यम से दर्ज किया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि फसल का डेटा सीधे खेत से और वास्तविक समय में लिया जा सके। वर्तमान में रबी मौसम के दौरान यह डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाएगा।

# विद्यार्थियों ने पढ़ाया प्रकृति प्रेम और सुरक्षा का पाठ

## वशिष्ट पब्लिक स्कूल में विश्व विख्यात 'बर्ड मैन ऑफ' गौतम प्रसाद ने दिया पक्षियों व वन्यजीवों की रक्षा करने का संदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**वशिष्ट** पब्लिक स्कूल में प्रकृति, वन्यजीव संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व विख्यात 'बर्ड मैन ऑफ नेपाल' गौतम प्रसाद सपकोटा विद्यालय में उपस्थित हुए। गौतम प्रसाद सपकोटा अपनी अद्भुत प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। वे 251 प्रकार के पक्षियों की आवाजों की हूबहू नकल कर सकते हैं, जिसके लिए उनका नाम 'लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ' और 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में भी दर्ज है।



वशिष्ट पब्लिक स्कूल में वन्यजीव संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया।

उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के सामने कबूतर, चिड़िया, मोर, कोयल, बुलबुल, कौआ, तोता, मैना सहित अनेक पक्षियों की सजीव आवाजें निकालकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके द्वारा निकाली गई सजीव और हूबहू पक्षी की आवाजों को सुनकर कई पक्षी स्वयं आकर्षित होकर कार्यक्रम स्थल पर आ गए, जिससे वातावरण पूरी तरह प्राकृतिक और रोमांचक बन गया। उन्होंने केवल पक्षियों तक ही सीमित न रहते हुए कुत्ता, चीता, सांप, चीता, बिल्ली आदि जानवरों से बचाव के व्यावहारिक तरीके भी बताए। उन्होंने सरल और प्रभावशाली उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि जंगल या खुले क्षेत्रों में यदि कभी ऐसे जानवरों का सामना हो जाए, तो घबराने के बजाय किस प्रकार समझदारी और सतर्कता से स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है। गौतम प्रसाद सपकोटा ने विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने, पक्षियों और वन्यजीवों की रक्षा करने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पक्षी प्रकृति के प्रहरी हैं और उनका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस ज्ञानवर्धक एवं प्रेरक कार्यक्रम की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने गौतम प्रसाद सपकोटा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि उन्होंने जीवन में प्रकृति प्रेम और सुरक्षा के महत्वपूर्ण पाठ को भी सीखा।

## डॉ. शाम सिंह बैंस ने रोवर रेंजर का किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ठ महाविद्यालय ऊना की रोवर रेंजर इकाई के (हिमालयन वुड बैज) रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस ने भारत स्काउट एंड गाइड राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर (जिला मंडी) में आयोजित राज्यस्तरीय बेसिक टीचर ट्रेनिंग में प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित किया गया। डॉ. शाम सिंह बैंस ने प्रतिभागियों को स्काउटिंग का इतिहास, टीम प्रबंधन, हाइकिंग के दौरान बिना बर्तनों के भोजन तैयार करने जैसी महत्वपूर्ण एवं व्यवहारिक गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी। राज्यस्तरीय प्रशिक्षण में प्रदेश के लगभग 20 कॉलेजों से आए 30 प्राध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालयों में रोवर-रेंजर गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा शिक्षकों को नेतृत्व एवं सेवा भावना से जोड़ना रहा। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने डॉ. शाम सिंह बैंस को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनकी सराहना की।

**पीड़ादायक** 80 वर्षीय किंमतू देवी बोलीं- अपने घर के आंगन की सुकूनभरी अनुभूति की खलती है कमी

# घरवासड़ा के बरसात पीड़ितों को स्थायी आशियाने की उम्मीद

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

**रामगढ़धार** क्षेत्र के गांव घरवासड़ा में एक सितंबर 2025 को हुई मूसलाधार बरसात ने कई परिवारों की जिंदगी की नींव हिला दी। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस गांव में प्राकृतिक आपदा ने वर्षों की मेहनत से बनाए गए घरों को पल भर में उजाड़ दिया। आपदा के बाद सरकार और प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को अस्थायी राहत प्रदान करते हुए उन्हें वन विभाग के विश्राम गृह में ठहराया, जहां रहने, खाने-पीने और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है।

हालांकि, प्रशासन की ओर से दी गई इन सुविधाओं के बावजूद प्रभावित परिवारों के मन में अपने स्वयं के घर न होने का गहरा मलाल आज भी कायम है। 80 वर्षीय किंमतू देवी की आंखों में दर्द साफ झलकता है। वे भावुक स्वर में कहती हैं कि सरकारी सहारे से जीवन तो चल रहा है, लेकिन अपने घर की दीवारों और आंगन की जो सुकूनभरी अनुभूति होती है, उसकी कमी हर पल खलती है। उम्र के इस पड़ाव पर फिर से छत की चिंता करना बेहद पीड़ादायक है। प्रभावित परिवार के सदस्य जगदीश सिंह ने बताया कि विधायक विवेक शर्मा उनकी स्थिति देखकर बेहद भावुक हुए थे। उन्होंने न केवल उनका दुख समझा, बल्कि रहने और खाने-पीने की बेहतर व्यवस्था भी सुनिश्चित करवाई। जगदीश सिंह के अनुसार, विधायक का यह मानवीय व्यवहार उनके लिए संबल बना है। स्थानीय गांववासियों ने भी संकट की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों का भरपूर साथ दिया। लोगों ने आपसी सहयोग दिया। जगदीश सिंह ने बताया कि स्थानीय पंचायत समिति सदस्य अच्छरों बीबी ने हर कदम पर उनकी मदद की। वे स्वयं आकर उनकी समस्याएं सुनती रहीं और हरसंभव समाधान के लिए प्रयासरत रहीं। उनका यह सहयोग प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बना। जगदीश सिंह ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा लगातार उनकी सहायता कर रहे हैं और उन्हें भरोसा दिलाया है कि स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। वर्षों की मेहनत से बनाए गए घरों के उजड़ जाने का दर्द आज भी उनके चेहरों पर साफ दिखाई देता है। अस्थायी आश्रय में रह रहे यह परिवार भविष्य को लेकर असमंजस में हैं और स्थायी पुनर्वास की राह देख रहे हैं।



घरवासड़ा के बरसात पीड़ितों का आज भी दर्द बरकरार।

### शीघ्र स्थायी आवास की व्यवस्था करने की मांग

**प्रभावितों** का कहना है कि सरकार से शीघ्र स्थायी आवास की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि वे फिर से सामान्य और सम्मानजनक जीवन की ओर लौट सकें। जगदीश सिंह मजदूरी करते हैं और उनकी पत्नी घरवासड़ा स्कूल में मिड-डे मील में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल की मुख्य अध्यापिका विजय पराशर ने भी इस कठिन समय में उनकी भरपूर मदद की और हरसंभव सहयोग दिया। लोगों का कहना है कि सरकार को प्रभावित परिवारों के लिए स्थायी पुनर्वास योजना को शीघ्र अमल में लाना चाहिए, ताकि बरसात पीड़ितों को केवल अस्थायी राहत ही नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य भी मिल सके।

### विधायक विवेक बोले- जनता के साथ खड़े

**विधायक** विवेक शर्मा ने कहा कि वह हर समय कुटलैहड़ की जनता के साथ खड़े हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को जल्द स्थायी आवास उपलब्ध करवाने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू भी आपदा प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदनशील हैं और उनके पुनर्वास को प्राथमिकता दी जा रही है। जगदीश सिंह ने विधायक विवेक शर्मा से आह्वान किया कि हमें इसी पंचायत में घर बनाने के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाए। मैं अपने परिवार के साथ इसी पंचायत में रहूंगा। घरवासड़ा के ये परिवार आज भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही उनके जीवन में खुशहाली लौटेगी।

# औद्योगिक इकाइयों को डिजिटल और डेटा आधारित कार्यप्रणाली अपनानी होगी : ज्ञान चंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**औद्योगिक** क्षेत्र मैहतपुर में शनिवार) को स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग एवं डिजिटल भविष्य पर जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज, औद्योगिक क्षेत्र मैहतपुर में आयोजित हुआ। जागरुकता सत्र सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सेल) द्वारा सरकार एवं उद्योग विभाग (राजीव गांधी सेवा केंद्र, ऊना) के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे एवं मध्यम उद्योगों को इंडस्ट्री 4.0 आधारित तकनीकों से अवगत करवाना तथा यह बताना था कि डिजिटल परिवर्तन को सरल, व्यावहारिक एवं किफायती तरीके से किस प्रकार अपनाया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान चंद ने कहा कि उद्योगों के आधुनिकीकरण के लिए सभी संबंधित विभाग एवं एजेंसियां योजनाओं, तकनीकी मार्गदर्शन तथा हैंडहोल्डिंग के माध्यम से पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेहतपुर की औद्योगिक इकाइयों को कागज आधारित एवं मैन्युअल प्रणालियों से आगे बढ़ते हुए डिजिटल और डेटा-आधारित कार्यप्रणाली अपनानी होगी, जिससे वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को और सुदृढ़ कर सकें। स्थानीय औद्योगिक संघ के अध्यक्ष सीएस कपूर एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए उद्योगों से आह्वान किया कि वे आगामी डिजिटलीकरण एवं स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र मैहतपुर के प्रशासनिक अधिकारी दीपक वर्मा ने भविष्य में इस प्रकार के जागरुकता सत्रों, पायलट परियोजनाओं तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए पूर्ण स्थानीय सहयोग का आश्वासन दिया। सेल के विशेषज्ञों ने उद्योगों को जानकारी दी कि ऑटोमेशन, प्वज आधारित मॉनिटरिंग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक डिजिटल तकनीकों को मेहतपुर की इकाइयों में दैनिक उत्पादन प्रक्रियाओं के साथ किस प्रकार जोड़ा जा सकता है। मैहतपुर की औद्योगिक इकाइयों ने प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस, डिजिटल इन्वेंट्री प्रबंधन तथा प्रोडक्शन मॉनिटरिंग डैशबोर्ड जैसे क्षेत्रों में विशेष सहयोग की आवश्यकता जताई।



मैहतपुर में डिजिटल भविष्य और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग पर जागरुकता सत्र आयोजित।

# तीर्थन घाटी में फिर से अग्निकांड पेखड़ी में 4 गोशालाएं जलकर राख

## ग्रामीणों और दमकल विभाग की टीम ने आग पर पाया काबू, टला बड़ा हादसा

अनंत ज्ञान, तीर्थन


पेखड़ी में गोशाला में लगी आग को बुझाते दमकल विभाग के कर्मी व ग्रामीण।

जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी को मानो किसी की नजर लग गई हो। वर्ष के अंतिम दिनों में भी जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी प्राकृतिक आपदाओं का दंश झेल रही है। तीर्थन घाटी अंतर्गत ग्राम पंचायत पेखड़ी के गांव पेखड़ी में अचानक आग लगने से काष्ठकोनी शैली से बनी चार गोशालाएं पूरी तरह जलकर राख हो गईं। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और सभी ग्रामीण आग बुझाने के लिए मौके पर जुट गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने तुरंत एकजुट होकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। पानी की कमी के कारण काफी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन सामूहिक प्रयासों से आग को फैलने से रोक लिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में लगभग चार पांच गौशालाओं को नुकसान पहुंचा है, हालांकि प्रशासनिक पुष्टि में चार गोशालाओं के पूरी तरह जलने की बात कही गई है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों द्वारा अग्निशमन विभाग और प्रशासन को अवगत कराया गया। गुशेनी से पेखड़ी सड़क मार्ग अभी केवल छोटे वाहनों के लिए ही खुला होने के कारण दमकल विभाग का छोटा वाहन ही मौके तक पहुंच सका। बावजूद इसके, समय पर पहुंची सहायता और ग्रामीणों की तत्परता से बड़ी क्षति टल गई।

प्रारंभिक सूचना के मुताबिक इस आगजनी की घटना में लाल सिंह, मिलाप गायत्री और भाग सिंह आदि की गौशाला इस घटना में पूर्ण रूप से नष्ट हो गई है। तहसीलदार बंजार नीरज शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत पेखड़ी में आग से चार गौशालाएं प्रभावित हुई हैं। किसी भी प्रकार की जानी क्षति नहीं हुई है और प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी तीर्थन घाटी के झनियार गांव में आगजनी की बड़ी घटना सामने आ चुकी है, जिसमें कई मकान जलकर खाक हो गए थे। लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में चिंता का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावितों को शीघ्र राहत देने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# वाहन मालिक आरसी में मोबाइल नंबर करवाएं अपडेट: कुनिका अकर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** कार्यालय जिला दंडाधिकारी एवं क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण केलांग कुनिका अकर्स द्वारा जिले के सभी वाहन मालिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सूचना जारी की है। उन्होंने बताया कि परिवहन निदेशालय, शिमला द्वारा पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि वाहनों की आरसी (पंजीकरण प्रमाण पत्र) में मोबाइल नंबर अपडेट न होने के कारण ई-चालान संदेश, नोटिस तथा अन्य परिवहन संबंधी सूचनाएं वाहन मालिकों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। उन्होंने इस समस्या के समाधान हेतु क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण कार्यालय, केलांग में पंजीकृत सभी वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने वाहन के पंजीकरण प्रमाण पत्र में अपना सक्रिय मोबाइल नंबर शीघ्रता से अपडेट करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि वाहन मालिक अपना मोबाइल नंबर परिवहन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अथवा क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण कार्यालय, केलांग में कार्यालय समय के दौरान करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर अपडेट करवाने से ई-चालान प्रणाली का सुचारू संचालन सुनिश्चित होगा तथा वाहन मालिकों को आवश्यक सूचनाएं समय पर प्राप्त हो सकेंगी। उन्होंने जनहित में सभी वाहन मालिकों से सहयोग की अपील की है।

# ब्यास बिहाल में विभिन्न स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए बनेगा सेल्स आउटलेट


उपायुक्त तोरूल एस. रवीश बैठक में अधिकारियों के साथ ग्रामीण विकास योजनाओं पर चर्चा करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

### उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी बढ़ाने पर दिया जोर

उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश ने शनिवार को एक बैठक की अध्यक्षता की जिसमें अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, मुख्य अरण्यपाल संदीप शर्मा, डीएफओ शशिकिरण, परियोजना अधिकारी ग्रामीण विकास दयाराम, बीडीओ नगर, मुकेश उपस्थित रहे। उपायुक्त ने ग्रामीण विकास में स्वयं सहायता समूहों, सहकारी संस्थाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए मनाली के ब्यास बिहाल में विभिन्न स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए सेल्स आउटलेट बनाकर इन्हें स्थानीय समूह के उत्पाद की बिक्री के लिए उपलब्ध करवाने के लिए एक योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जो इस विषय में विस्तार से एक योजना तैयार करेगी।उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादन उत्पादों को पर्यटकों के लिए आसानी से उपलब्ध करवाना तथा पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधा सृजित करना है ताकि बेहतर पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति की भी मजबूत हो।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू कॉलेज में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल कुल्लू-1 ने बताया कि 11 केवी ढालपुर-1 फीडर के अंतर्गत आने वाली विद्युत लाइनों की मरम्मत एवं आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 21 दिसंबर (रविवार) को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक या कार्य पूर्ण होने तक जारी रहेगी। इस अवधि में लंका बेकर, कुल्लू कॉलेज, कॉलेज गर्ल हॉस्टल, कैटल ग्राउंड, एसटीपी प्लांट लंका बेकर सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति उपलब्ध नहीं रहेगी। विभाग के अनुसार यह कार्य उपभोक्ताओं को भविष्य में बेहतर और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विद्युत विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है और अनुरोध किया है कि वे संभावित असुविधा से बचने के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्व में ही कर लें।

### चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने शनिवार को मनाली के समीप ग्राम पंचायत प्रीणी स्थित चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट दार-उल-फ़ज़ल होम शूरू का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था और देखभाल की गुणवत्ता का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य, भोजन और दैनिक दिनचर्या के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने संस्थान की लाइब्रेरी, बालक एवं बालिका छात्रावास तथा मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा और रहने की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और अध्यापकों से कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, नैतिक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान पंचायत प्रधान कल्पना आचार्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी कुंदन लाल और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाशिंग व बंदरोल में नशे के खिलाफ उठाई आवाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत बाशिंग की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला व बन्दरोल स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में नशे के विरुद्ध जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशा न करने और नशे से जुड़े असामाजिक तत्वों की सूचना टोल फ्री नंबर 112 पर देने का संकल्प लिया। उपायुक्त ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि एक बीमारी है, जिसका उपचार संभव है। उन्होंने भुंतर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में उपलब्ध निःशुल्क उपचार सुविधाओं की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मदन लाल ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए समाज के सहयोग को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, नशा निवारण समितियों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्नेहा ठाकुर बनीं बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर

**अनंत ज्ञान, आनी।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी में वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में हिमालयन शिक्षा समिति के चेयरमैन एवं कराड पंचायत के पूर्व प्रधान रफ्तार सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि तथा समाजसेवी सुरजीत चौहान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, समूह गीत, नाट्य व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। शैक्षणिक, खेलकूद व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिसमें स्नेहा ठाकुर को 'बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर' का खिताब प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि रफ्तार सिंह ठाकुर ने शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन को आवश्यक बताया तथा विद्यालय को 21 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। विद्यालय प्रभारी युवराज ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पर्यावरणीय साक्षरता सबसे बड़ी जरूरत : राणा

## कुल्लू कॉलेज में छह दिवसीय पर्यावरणीय साक्षरता वर्कशॉप का समापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



कुल्लू कॉलेज में पर्यावरणीय साक्षरता वर्कशॉप के दौरान सम्मानित करते हुए।

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में आयोजित छह दिवसीय पर्यावरणीय साक्षरता वर्कशॉप का शनिवार को समापन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डा. राकेश राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वर्कशॉप के दौरान छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की और अपनी प्रस्तुतियां दीं, जिससे पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा मिला। आईक्यूएसी व पर्यावरण विभाग के संयुक्त तत्वाधान आयोजित छह दिनों तक चली इस वर्कशॉप में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, सतत विकास और पर्यावरणीय कानूनों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। प्रतिभागियों ने ग्रुप डिस्कशन, फील्ड विजिट और प्रैक्टिकल एक्टिविटी में भाग लिया, जिसमें स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, कचरा प्रबंधन और जल संरक्षण जैसी गतिविधियां शामिल थीं।

समापन समारोह में प्राचार्य डा. राकेश राणा ने कहा कि पर्यावरणीय साक्षरता मौजूदा समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों को सरकारी नौकरियों के अलावा उद्यमिता के क्षेत्र में भी अवसर तलाशने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है। युवा पीढ़ी यदि उद्यमिता अपनाए तो पर्यावरण अनुकूल स्टार्टअप जैसे ऑर्गेनिक फार्मिंग, रिन्यूएबल एनर्जी और इको-टूरिज्म के माध्यम से न केवल रोजगार सृजन कर सकती है, बल्कि समाज को भी लाभ पहुंचा सकती है। प्राचार्य डॉ. राणा ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक और सक्रिय हो सकें। आयोजन सचिव डॉ. नंदीनी ने बताया कि इस कार्यशाला में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के लगभग विद्यार्थियों व प्राध्यापकों ने भाग लिया, जिनकी वर्कशॉप के दौरान आयोजित विभिन्न सत्रों में सक्रिय भागीदारी रही। वर्कशॉप कोआर्डिनेटर डा. सोम नेगी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करती हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाती हैं। अंतिम दिन प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं तथा डॉ. निर्मल चौहान ने वर्कशॉप संबंधी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# 23 को विहिप निकालेगी लोक जागरण रैली

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश में चिट्टा जैसे घातक नशे के बढ़ते प्रकोप के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने निर्णायक अभियान का ऐलान किया है। जिले में नशे के बढ़ते मामलों को देखते हुए संगठन 23 दिसंबर को एक विशाल 'लोक जागरण वाहन रैली' आयोजित करेगा। यह रैली सुबह 10 बजे पतलीकूहल से शुरू होकर रायसन, रामशिला, जिया, भुंतर और शमशी से होते हुए कुल्लू के ढालपुर मैदान में संपन्न होगी। विहिप ने नशा तस्करों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वे युवाओं का भविष्य बर्बाद करना बंद करें, अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। रैली के समापन पर एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कुल्लू को नशा निवारण से संबंधित ज्ञापन सौंपेगा। जिला मंत्री यशपाल ठाकुर ने युवाओं, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है, ताकि कुल्लू को नशा मुक्त बनाया जा सके।

# आठवीं पास युवाओं के लिए सुरक्षा क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा अवसर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

### केलांग और उदयपुर में 22 व 23 को साक्षात्कार

जिला रोजगार अधिकारी केलांग विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि सीस सिक्योरिटी लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाइज़र के पदों पर भर्ती हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही न्यूनतम लंबाई 165 सेंटीमीटर तथा वजन 55 से 95 किलोग्राम के बीच होना अनिवार्य है।

चयनित अभ्यर्थियों को 19,500 रुपये से 24,000 रुपये प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस भर्ती के लिए साक्षात्कार 22,दिसंबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय, केलांग में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 40 पदों के लिए चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 23,दिसंबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे उप-रोजगार कार्यालय, उदयपुर में भी साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा, जहां 40 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो तथा यदि उपलब्ध हो तो अनुभव प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां एवं छायाप्रतियां साथ लाएं।

उन्होंने कहा कि यह भर्ती सुरक्षा सेवा क्षेत्र में रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। इच्छुक अभ्यर्थी समय पर पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, केलांग के दूरभाष संख्या 01900-202252 पर संपर्क करें।

# बीडीओ मुकेश कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने किया श्रमदान

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

खंड विकास कार्यालय पतलीकूहल में शनिवार को स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मुकेश कुमार ने किया। कार्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान सरकार द्वारा जारी नवीनतम अधिसूचना के अनुसार आयोजित किया गया है। सरकार के आदेशानुसार, अब हर महीने के अंतिम शनिवार को सरकारी कार्यालयों में 2 घंटे का विशेष स्वच्छता सत्र आयोजित करना अनिवार्य है। इस पहल का दीर्घकालिक लक्ष्य वर्ष में कुल 100 घंटे स्वच्छता कार्यों के लिए समर्पित करना है।

अभियान के दौरान मुकेश कुमार और उनके स्टाफ ने कार्यालय के कमरों, सार्वजनिक काउंटरों और परिसर के बाहरी क्षेत्र की बारीकी से सफाई की। बीडीओ ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल कचरा साफ करना ही नहीं, बल्कि फाइलों के बेहतर रख-रखाव और कार्यस्थल पर एक सकारात्मक वातावरण तैयार करना भी है। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई से कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ती है और जनता को भी बेहतर अनुभव मिलता है।

### हर माह के अंतिम शनिवार को चलेगा सफाई अभियान

**मुकेश** कुमार ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता एक निरंतर प्रक्रिया है। सरकार के 'साल में 100 घंटे' के इस फार्मूले से सरकारी संस्थानों में स्वच्छता एक आदत बन जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पतलीकूहल खंड विकास कार्यालय इस अधिसूचना का कड़ाई से पालन करेगा और हर महीने के अंतिम शनिवार को यह अभियान इसी उत्साह के साथ जारी रहेगा।

# 19 लाख से हुआ बाढ़ ग्रस्त गोशालाओं का कायाकल्प

## कुल्लू फलोत्पादक मंडल की बैठक में बागवान कल्याण और पशु संरक्षण पर मंथन

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान


माहिली में आयोजित कुल्लू फलोत्पादक मंडल की मासिक बैठक में उपस्थित पदाधिकारी और सदस्य।

**पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल की मासिक बैठक शनिवार को माहिली स्थित बागवान भवन में संपन्न हुई। मंडल के अध्यक्ष प्रेम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बागवानों के कल्याण और सामाजिक उत्तरदायित्वों पर गहन चर्चा की गई। बैठक की कार्यवाही का शुभारंभ करते हुए महामंत्री रिमन सिंह ठाकुर ने पिछले माह के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अपनी मंजूरी दी।

बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु सितंबर माह में व्यास नदी में आई भीषण बाढ़ से हुए नुकसान की समीक्षा करना था। बाढ़ के कारण रायसन और कटराईं स्थित गोशालाओं को काफी नुकसान पहुंचा था, जिससे बेसहारा पशुओं के लिए संकट पैदा हो गया था। पशु कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए मंडल ने पशु कल्याण कोष से 19 लाख रुपये की राशि खर्च कर बंदरोल, रायसन और कटराईं गौशालाओं की मरम्मत और जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण किया। सदन ने इस खर्च को अपनी औपचारिक स्वीकृति प्रदान की।

इस दौरान बजौरा स्थित क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा एक जागरूकता शिविर भी लगाया गया। वैज्ञानिकों ने बागवानों को बदलती जलवायु के बीच कृषि तकनीकों में बदलाव लाने के सुझाव दिए। विशेषज्ञों ने बताया कि किस तरह मौसम के अनिश्चित व्यवहार से फसलों को बचाया जा सकता है और पैदावार बढ़ाई जा सकती है।

मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता व्यक्त करते हुए बागवानों से पर्यावरण की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि हमें भविष्य में बागवानी और कृषि को जीवित रखना है, तो पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने प्रकृति और विकास के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में मंडल के उपप्रधान सुभाष नेगी, कोषाध्यक्ष राकेश ठाकुर और महामंत्री रिमन सिंह ठाकुर सहित कार्यकारिणी के 49 सदस्यों ने भाग लिया। सभी सदस्यों ने मंडल द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर अपनी सहमति जताई।

# महिलाओं ने लैंगिक संवेदनशीलता व सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी



भुंतर में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता रैली आयोजित।

अनंत ज्ञान, भुंतर

लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चल रहे राष्ट्रीय अभियान के तहत शनिवार को पारला भुंतर में जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली एनआरएलएम के तहत सीआरपी एचएनजी भुंतर ब्लॉक द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से गड़सा रोड से पुराना पुल पार कर छोटा भुईन पंचायत तक आयोजित की गई। रैली में उपस्थित जनता को लैंगिक समानता, बाल सुरक्षा, अधिकार और लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम से संबंधित जानकारी दी गई। सहायक आयुक्त एवं खंड विकास अधिकारी मोहित सिंह ने कहा कि अपने हकों के प्रति जागरूकता ही समाज और व्यक्तिगत विकास का आधार है।

वहीं, निखिल शर्मा ने हिंसा, उत्पीड़न या शोषण की स्थिति में सुरक्षित रहने और सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी साझा की। कानूनी विशेषज्ञों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा और उत्पीड़न मामलों से बचाव के कानून भी समझाए। इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और पंचायत प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**लुत्फ** क्रिसमस व नववर्ष से पहले ही मनाली सहित पर्यटन स्थलों में बढ़ी पर्यटकों की संख्या

# रोहतांग व शिंकुला में लगा पर्यटकों का मेला

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो


रोहतांग दर्रा पर्यटकों से चहक उठा, बर्फ के दीदार के लिए 335 पर्यटक वाहन रोहतांग पहुंचे।

**कुल्लू/ केलांग।** क्रिसमस व नव वर्ष से पहले ही पर्यटन नगरी मनाली सहित कुल्लू जिला के अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। सप्ताहांत में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। वहीं, तीन दिन बाद रोहतांग दर्रा पर्यटकों से चहक उठा है। बर्फ के दीदार करने शनिवार को 335 पर्यटक वाहन रोहतांग पहुंचे।

शनिवार को रोहतांग सहित शिंकुला व कोकसर में पर्यटकों का मेला लग गया। मौसम साफ रहा तो रोहतांग दर्रे पर्यटक 28 नवंबर तक बर्फ के दीदार कर सकेंगे। सप्ताहांत के चलते होटलों में आक्यूपेंसी भी 60 से 65 प्रतिशत पहुंची गई है। मनाली के सभी छोटे बड़े होटलों में रौनक छा गई है। बाहरी राज्यों से मनाली आने वाले पर्यटक वाहनों का आंकड़ा भी बढ़ गया। रोहतांग के पर्यटन कारोबारी जगदीश, सुरेन्द्र व पूर्ण चंद ने बताया कि रोहतांग दर्रे में शनिवार को तीन दिन बाद रौनक लौटी। उन्होंने कहा कि आज दर्रे में पर्यटकों का मेला लग गया। ट्रैवल एजेंट बुद्धि प्रकाश, हीरा लाल, सुरेश शर्मा व जय राम ठाकुर ने बताया कि आने वाले दिनों में पर्यटन कारोबार के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि क्रिसमस व न्यू ईयर को लेकर एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि क्रिसमस व न्यू ईयर में मनाली आने वाले पर्यटकों का स्वागत है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए 28 दिसंबर तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि रोहतांग दर्रे पर पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

शिंकुला व बारालाचा दर्रे सहित रोहतांग के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ के फाहे गिरे। हिमपात होने से चोटियां चमक उठी है। मनाली सहित लाहुल घाटी में बादल छाने से हिमपात की उम्मीद बढ़ी है। शनिवार को मनाली से दारचा शिंकुला होकर जांस्कर घाटी के लिए वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। मौसम ने करवट बदली और सुबह ही घाटी में बादल छा गए। मनाली सहित लाहुल की समस्त ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरने शुरू हो गए हैं जबकि ऊंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी हिमपात की उम्मीद बढ़ गई है।

### अभी तक पहुंचे 15 हजार से अधिक पर्यटक वाहन

**जिला** पर्यटन अधिकारी कुल्लू रोहित शर्मा ने बताया कि दिसंबर माह में अभी तक पर्यटन नगरी मनाली 15 हजार से अधिक पर्यटक वाहन पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि क्रिसमिस और न्यू ईयर के लिए 80 प्रतिशत होटल बुक हो गए हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीद है क्रिसमस और नव वर्ष के लिए मनाली और कसोल में खूब भीड़ बढ़ेगी। पर्यटन नगरी मनाली, मणिकर्ण, कसोल, जिभी जलोड़ी जोत में अभी से ही पर्यटकों का जमावड़ा लग गया है।

# लुहरी स्कूल के छात्र अंकुश ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में रचा इतिहास

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लुहरी, जिला कुल्लू के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय के 10+2 आर्ट्स संकाय के मेधावी छात्र अंकुश भारती ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में शानदार सफलता प्राप्त की है। गांव शारवी निवासी अंकुश भारती, पुत्र राजा राम व माता ऊषा भारती, ने इस कठिन प्रतियोगी परीक्षा में देशभर से शामिल लगभग 75,009 छात्रों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1057 रैंक हासिल की है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ अंकुश भारती का चयन टॉप नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के लिए हुआ है, जो किसी भी छात्र के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। अंकुश की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे विद्यालय, क्षेत्र और जिला कुल्लू का नाम भी रोशन हुआ है। विद्यालय प्रशासन, प्रधानाचार्य, अध्यापक वर्ग व सहपाठियों ने अंकुश भारती को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों ने कहा कि अंकुश की मेहनत, अनुशासन और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। क्षेत्र के लोगों ने भी छात्र की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि बताया है।



## न्यूज ब्रीफ

### किसान के बेटे का अग्निवीर में चयन



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ ब्लॉक के गांव कूफर मटलोड़ी के अभिषेक भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चुने गए हैं। साधारण परिवार से होने के बावजूद उन्होंने बिना कोचिंग के मेहनत और यूट्यूब व पुस्तकों की मदद से परीक्षा पास की। उनके पिता राजू किसान और माता आशा गृहिणी हैं। अभिषेक ने बताया कि बचपन से ही देश सेवा का जज्बा था और दूसरे प्रयास में सफलता मिली। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और बुआ रूपना हितेषी को दिया। अभिषेक ने युवाओं से कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें, सफलता अवश्य मिलेगी। उनका चयन पूरे डिब्बर पंचायत क्षेत्र में खुशी का कारण बना है।

### 'फ्यूचर फ्यूजन 2025' हैकाथॉन से छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अथर्व यूनिवर्सिटी, मुंबई ने अपने स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पहला 24-घंटे का हैकाथॉन 'फ्यूचर फ्यूजन 2025' सफलतापूर्वक आयोजित किया। कुलपति सुनील राणे के मार्गदर्शन में संपन्न इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचार-आधारित इंजीनियरिंग शिक्षा को बढ़ावा देना था। 'स्मार्ट दुनिया के लिए बुद्धिमान इंजीनियरिंग समाधान' विषय पर आधारित हैकाथॉन में 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। 30 से अधिक टीमों ने 24 घंटे लगातार काम करते हुए वास्तविक जीवन की समस्याओं के लिए समाधान विकसित किए। इन समाधानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ड्रोन, रोबोटिक्स, ब्लॉकचेन और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में टीमवर्क, रचनात्मक सोच और उद्योग-उपयोगी कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### जयनगर कॉलेज में एनएसएस शिविर का आगाज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय, जयनगर में सात दिवसीय एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) शिविर उत्साहपूर्वक शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह में प्राचार्या डॉ. अंजना सूद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए एनएसएस की भूमिका और सामाजिक उत्तरदायित्व पर जोर दिया। शिविर का समन्वय प्रो. जयंत शर्मा कर रहे हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए व्याख्यान शृंखला आयोजित की जा रही है, जिसमें करियर मार्गदर्शन, उच्च शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक मुद्दों पर जानकारी दी जा रही है। प्रथम दिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। दूसरे दिन मंदिर और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। तीसरे दिन जल स्रोतों की सफाई और जल संरक्षण के महत्व पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

### युवा स्वयंसेवकों ने ली समाजसेवा की शपथ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सरकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सोलन की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में किया गया। मुख्यातिथि डॉ. मनीषा कोहली, प्राचार्य, महाविद्यालय ने स्वयंसेवियों को अनुशासन, समाज के प्रति संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में महाविद्यालय के 100 एनएसएस स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करना और उन्हें समाज सेवा से जोड़ना है। स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। यह शिविर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका मुल्तानी और डॉ. घनश्याम सिंह सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### एनआर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल घाटी की ग्राम पंचायत बलोग में एनआर पब्लिक स्कूल डूबलू का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्यातिथि प्रगतिशील किसान रामस्वरूप रहे। प्रधानाचार्य सुनीता ठाकुर ने स्कूल की तीन साल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें बताया कि स्कूल की छात्र संख्या 25 से बढ़कर 80 हो गई है। विद्यार्थियों ने शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि ने विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहे छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर उनकी मेहनत और उपलब्धियों को सराहा। इस अवसर पर अभिभावक, एसएमसी प्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ और क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

### शावगा की मुस्कान राष्ट्रीय वॉलीबॉल टीम में चयनित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शावगा की छात्रा मुस्कान का चयन 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उनका चयन सरस्वती नगर, शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ। मुस्कान आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में 6 से 10 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाली अंडर-19 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश टीम का हिस्सा होंगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पूर्व 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य लोकेश तोमर ने मुस्कान और पीईटी सुखदेव भारद्वाज को बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

### नेरी कोटली यंग स्टार यूथ क्लब बना वॉलीबॉल विजेता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ के पझोता में यूथ मीडिया क्लब धामला द्वारा आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में नेरी कोटली यंग स्टार यूथ क्लब टीम विजेता बनी, जबकि सठार टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व पंचायत समिति चेयरमैन जितेंद्र ठाकुर और स्थानीय बन रक्षक ओम चौहान ने दीप प्रज्वलित और रिबन काटकर किया। विजेता टीम के कप्तान अभिषेक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे से दूर रखने और खेल में रुचि बढ़ाने में मदद करती हैं। यूथ मीडिया क्लब के अध्यक्ष संदीप कश्यप ने आयोजन में योगदान देने के लिए नेहरू युवा केंद्र नाहन की टीम का धन्यवाद किया।

### महिला मोर्चा ने बढ़ाया आत्मनिर्भर भारत का परचम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा शहरी मंडल सोलन ने प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रिया कंबोज ने कहा कि महिलाएं अब नीति निर्धारक बन रही हैं और आत्मनिर्भरता उनके सम्मान और नेतृत्व का माध्यम है। प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका अग्रवाल, जिला महामंत्री विशाखा, महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संकल्प लिया गया कि अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाकर अधिक महिलाओं को स्वरोजगार, आत्मसम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता से जोड़ा जाएगा।

# पुलिस को नेशनल हाईवे पर आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखना होगा आसान

## सरकार ने विभाग को उपलब्ध करवाया एक अवरोधक और 2 इलेक्ट्रिक पेट्रोलिंग वाहन




पुलिस को मिले अवरोधक और 2 इलेक्ट्रिक पेट्रोलिंग वाहन।

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** पुलिस को राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखना, वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित सहायता प्रदान करने में आसानी होगी। इसके लिए प्रदेश सरकार ने जिला सोलन पुलिस को 3 नए वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं, जिनमें से एक अवरोधक और 2 इलेक्ट्रिक पेट्रोलिंग वाहन हैं। तीनों वाहन आधुनिक तकनीक से लैस है, जो लेजर स्पीड गन/कैमरा,एल्कोसेंसर,जीपीएस, इत्यादि आधुनिक बहु-तकनीकों से लैस है। उक्त वाहनों को राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 पर बनाई गई तीन बीटों पर तैनात किया गया है। उक्त सभी वाहनों में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है जो उक्त बीटों में 24×7 तैनात रहेंगे।

वाहनों को तैनात करने का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर पेट्रोलिंग को प्रभावी ढंग से करना, राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर पुलिस की 24 घंटे उपस्थिति को सुनिश्चित करना है। अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखना व उसमे कमी लाना, वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना,शराब पीकर व तेज रफ्तारी से गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों पर निगरानी रखना आदि कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

### अब रोड साइड पर नहीं होगा हुड़दंग

**क्रिस्टमस** और नए साल के जश्न मनाने हिमाचल में बड़ी संख्या में बाहरी राज्य से पर्यटक आते हैं। पेट्रोलिंग वाहन मिलने से पुलिस को हाईवे-5 पर हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने में मदद मिलेगी। साथ सुरक्षा चक्र मजबूत होगा। बता दें कि पर्यटक नगरी चायल और कसौली में बाहरी राज्यों से लोगों की अधिक आवाजाही होती है। इस बीच सुरक्षा को लेकर यहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा सीमाओं की चौकसी को भी बढ़ाया जा रहा है। गश्त अभियान और यातायात चेकिंग दोगुना कर दी है। खासतौर पर कालका-शिमला एनएच पर हुड़दंगियों पर विशेष रूप से पैनी नजर रहेगी। इसके लिए सभी थाना और चौकी प्रभारियों को सुरक्षा सहित यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

पुलिस को आधुनिक सुविधाओं से लैस तीन वाहन मिलने से राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ वाहन दुर्घटनाओं में घायल लोगों को तुरंत उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे सोलन पुलिस को राष्ट्रीय राजमार्ग पर हो रहे अपराधों/वाहन दुर्घटनाओं को रोकने में काफी सहायता मिलेगी। -गौरव सिंह, एसपी सोलन।

# गोशाला से दो 'टोकनें' चुराने का आरोपी निकला चिट्टा तस्कर

**अनंत ज्ञान, अर्की**



आरोपी पुलिस की गरिफ़्त में।

अर्की थाना के तहत चोरी के एक मामले में गिरफ्तार व्यक्ति चिट्टा तस्कर निकला। जांच में पता चला की उसके खिलाफ चिट्टा तस्करी के दो मामले दर्ज है। अर्की निवासी मानक चंद ने पुलिस थाना अर्की में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनकी पत्नी ने इन्हें फोन करके बताया कि गौशाला के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और अंदर रखे खाना बनाने वाले 2 टोकने गायब है। इन्हें शक है कि उक्त दोनों टोकनों को कोई चुरा के ले गया है इन दोनो टोकने की कीमत करीब 50,000 हजार है। जिस पर पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया।

इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी हुई संपति एवं आरोपी की तलाश शुरू कर दी तथा तलाश के दौरान उक्त मामले में संलिप्त आरोपी भवानी सिंह उर्फ भवानी (26) पुत्र जय सिंह निवासी गांव बड़ोग, तहसील अर्की, जिला सोलन को 19-12-2025 को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी हुए दोनों टोकणों को आरोपी की निशानदेही पर बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है। जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल करने पर पाया गया कि उक्त आरोपी पहले भी अपराधिक वारदातों में संलिप्त रहा है। जिसके विरुद्ध पुलिस थाना अर्की में चिट्टा तस्करी के 2 मामले दर्ज है जिसमें 18.38 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था, मामले में जांच जारी है।

# जगाधरी-पांवटा साहिब रेल लाइन पर फिर लगा ब्रेक

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** जगाधरी-पांवटा साहिब प्रस्तावित रेल लाइन परियोजना एक बार फिर अटक गई है। संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्रीय रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि सर्वे रिपोर्ट में इस रूट पर ट्रैफिक कम पाए जाने के कारण फिलहाल नई रेललाइन को आगे बढ़ाने की संभावना नहीं है। f

हमाचल प्रदेश के औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला सिरमौर के पांवटा साहिब क्षेत्र को हरियाणा के जगाधरी से जोड़ने वाली इस रेललाइन को लेकर लंबे समय से स्थानीय लोगों और उद्योगपतियों में उम्मीदें बनी हुई थीं। हालांकि, रेलवे द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार इस रूट पर यात्रियों और माल परिवहन की संभावित संख्या अपेक्षा से कम पाई गई है। रेल मंत्री ने बताया कि किसी भी नई रेल परियोजना को स्वीकृति देते समय ट्रैफिक की संभावनाओं, वित्तीय व्यवहार्यता और मौजूदा रेलवे नेटवर्क पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया जाता है।

वर्तमान स्थिति में जगाधरी-पांवटा साहिब रेललाइन इन मानकों पर खरी नहीं उतर पा रही है। आजादी के बाद से सिरमौर जिले के अधिकांश क्षेत्र रेलवे नेटवर्क से वंचित हैं। कालाअंब और पांवटा साहिब जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को रेल से जोड़ने की मांग लंबे समय से उठती रही है। स्थानीय लोगों और उद्यमियों का मानना है कि रेललाइन बनने से क्षेत्र के उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# लैंगिक असमानता खत्म करने के लिए शिक्षा और जागरूकता जरूरी : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन में महिला हिंसा उन्मूलन की शपथ लेती महिलाएं।

सोलन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने कहा कि नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय लैंगिक अभियान का उद्देश्य लिंग आधारित हिंसा को पूरी तरह समाप्त करना है। उन्होंने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और परिवार में समान जिम्मेदारियों को जरूरी बताया।

उपायुक्त ने प्रदेश में लिंगानुपात सुधार और महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं का उल्लेख किया। अब राशन कार्ड महिलाओं के नाम पर बनाए जा रहे हैं और भूमि-पंजीकरण पर महिलाओं को छूट मिल रही है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की डॉ. प्रियंका, थाना प्रभारी कविता और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एसएल कश्यप ने स्वास्थ्य, कानूनी अधिकार और महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। आईसीडीएस डॉ. पदम देव ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह मुक्त अभियान और अन्य योजनाओं पर प्रकाश डाला। महिला हिंसा उन्मूलन की शपथ, स्वयं सहायता समूह के गान और नुक्कड़ नाटक ने कार्यक्रम को जीवंत बनाया। राज्य स्तरीय शिविर में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, बैंक अधिकारी और मिशन अधिकारी भी शामिल रहे।

# पांवटा साहिब में कर्मचारियों ने नशा मुक्त हिमाचल का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के उप-कार्यालय पांवटा साहिब में नशे के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। उप-कार्यालय के कर्मचारियों ने नशा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत एंटी ड्रग अभियान के समर्थन में एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने एकमत होकर यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवार, मित्रों एवं अन्य सामाजिक परिवेश में भी नशे के सेवन का विरोध करेंगे। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की नशा संबंधी गतिविधियों में संलिप्त नहीं होने का भी प्रण लिया गया। कार्यक्रम के दौरान यह भी शपथ ली गई कि समाज में नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने में सभी सक्रिय भूमिका निभाएंगे, ताकि एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

# पाइनग्रोव स्कूल में नेशनल यूथ लीडरशिप समिट 2025 का भव्य आयोजन



पाइनग्रोव स्कूल में आयोजित नेशनल यूथ लीडरशिप समिट में पहुंचे प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन के पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में स्पेशल ओलंपिक्स भारत द्वारा आयोजित नेशनल यूथ लीडरशिप समिट-2025 का सफल उद्घाटन हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के समिट में 23 राज्य चैप्टर से 80 से अधिक युवा नेता, एथलीट लीडर्स और मेंटर्स शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य समावेशन, सहयोग और साझा दृष्टिकोण को बढ़ावा देना था।

समिट का शुभारंभ बीएसएआई अध्यक्ष और स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह के प्रेरक संबोधन से हुआ। उन्होंने समग्र शिक्षा, अनुशासन और सशक्त मूल्य प्रणालियों को समावेशी और भविष्य-उन्मुख शिक्षण का आधार बताया। डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज ने दिव्यांगता और समुदाय-केंद्रित समावेशन पर अपने अनुभव साझा किए।

स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 के प्रतिनिधि एथलीट अभिषेक कुमार और नंदिता शर्मा ने प्रेरक यात्रा साझा की। मास्टर अरुणोदय शर्मा ने आत्मविश्वास और प्रभावी संचार पर कार्यशालाएं आयोजित कीं। डॉ. मल्लिका नड्डा ने हिमाचल में पहली बार समिट के आयोजन और पाइनग्रोव स्कूल की मेजबानी की सराहना की। कार्यक्रम ने युवा नेतृत्व और समावेशन की नई ऊर्जा जगाई।

# कालाअंब में नशीले कैप्सूलों समेत एक व्यक्ति दबोचा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कालाअंब क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने नशीली दवाइयों की अवैध सप्लाई के प्रयास को नाकाम किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर पुलिस हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक एसआईयू नाहन की पुलिस टीम 18 दिसंबर को कालाअंब सब्जी मंडी के समीप गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोगीनंद से कालाअंब की ओर नशीली दवाइयों की सप्लाई करने जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रैंड विटारा कार (नंबर एचआर04एल-6828) की तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से दो नशीली शीशियां और तीन स्ट्रिप्स में कुल 72 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी रवि कुमार निवासी कालाअंब के खिलाफ पुलिस थाना कालाअंब में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी को 19 दिसंबर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 22 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# एसपी विनोद धीमान ने सेंट बीर्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का किया शुभारंभ

## नशे के खिलाफ एक निर्णायक जंग शुरू है, हम मिलकर लड़ेंगे और रोकेंगे

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**




सेंट बीर्स इंटरनेशनल स्कूल के विजेता बच्चे मुख्यातिथि एसपी विनोद धीमान व प्रबंधन के साथ।

**बीबीएन।** सेंट बीर्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पुलिस कप्तान एसपी विनोद धीमान ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्यातिथि का स्वागत प्रिंसिपल दिव्या राणा, चेयरमैन कुलबीर राणा, डायरेक्टर करणबीर राणा और सुनिधि राणा ने पुष्पगुच्छ और तिलक लगाकर किया। एनसीसी कैडेट्स ने उन्हें सलामी दी और मंच तक मार्गदर्शन किया।

दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के पहले चरण में नर्सरी से पहली कक्षा के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नर्सरी के छात्रों ने जम्पिंग, अल्फाबेट रिकॉगनेशन और कलर रेस में भाग लिया, जबकि एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने बॉल बैलेंसिंग, ऑब्सटेक्ल रेस और अन्य खेलों में अपने हुनर दिखाए। पहली कक्षा के छात्रों ने भी रिंग ट्रांसफर, बैलेंसिंग दी स्टिक और चैलेंज द माइंड जैसे खेलों में दमखम दिखाई।

खेलों के अलावा छात्र-छात्राओं ने योगा, मार्शल आर्ट, स्केटिंग और खेल नृत्य में भी शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य आकर्षण स्केटिंग शो रहा, जिसे एसपी विनोद धीमान ने भी सराहा। समारोह में विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए।

एसपी धीमान ने बच्चों और अभिभावकों से नशे और चिट्टे जैसी खतरनाक गतिविधियों से सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने स्कूल के स्पोर्ट्स कैंपस की सराहना की और स्कूल टीम को बधाई दी।

स्कूल के चेयरमैन कुलबीर राणा और मैनेजिंग डायरेक्टर करणबीर राणा ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि बच्चों को हमेशा खेलों में भाग लेने का मंच मिलेगा। स्कूल प्रबंधन द्वारा मुख्यातिथि विनोद धीमान को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं, विशेष अतिथि राधा गार्मेंट्स के मालिक विपिन कुमार बजाज को भी स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ खेल दिवस का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि एसपी विनोद धीमान, प्रिंसिपल दिव्या राणा, स्कूल प्रबंधन और अभिभावक मौजूद रहे।

# सोलन में जल संकट, जनता प्यासी सरकार और प्रशासन सोया : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन शहर में जारी जल संकट अब प्राकृतिक नहीं, बल्कि पूरी तरह सरकारी लापरवाही, प्रशासनिक नाकामी और राजनीतिक उदासीनता का परिणाम बन चुका है। यह आरोप सोलन भाजपा मंडल शहरी इकाई के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने जारी बयान में प्रदेश सरकार पर लगाए। गुप्ता ने कहा कि गिरी पेयजल योजना, जिसे वर्ष 2008 में भाजपा सरकार ने 65 करोड़ रुपए की लागत से सोलन शहर और आसपास की पंचायतों सहित लगभग एक लाख आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया था, आज खुद बदहाली का शिकार है।

2018 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा इस योजना के ऑग्मेंटेशन हेतु 35 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन हैरानी और चिंता की बात यह है कि अब तक सिर्फ लगभग 25 करोड़ रुपए ही खर्च हुए हैं, जबकि 10 करोड़ रुपए आज भी फाइलों में दबे पड़े हैं। सवाल यह है कि जब पैसा मौजूद है, तो फिर जनता को पानी क्यों नहीं? गुप्ता ने कहा कि यह सीधे-सीधे जनता के साथ अन्याय है। सबसे गंभीर और शर्मनाक तथ्य यह है कि इस पूरे मामले पर सरकार, प्रशासन और जिम्मेदार मंत्री पूरी तरह मौन हैं। क्या एक लाख लोगों की प्यास कोई मुद्दा नहीं? क्या जनता का धैर्य अनंत है? अब सोलन की जनता स्पष्ट शब्दों में मांग करती है कि बकाया 10 करोड़ रुपए तुरंत जारी किए जाएं, गिरी पेयजल योजना के ऑग्मेंटेशन कार्य को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए, वर्षों से चली आ रही लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों की जवाबदेही तय की जाए। यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

**खुशखबरी** सिरमौर के गिरीपार क्षेत्र के तीन लाख लोगों के लिए कानूनी जीत और स्वाभिमान की पुनर्स्थापना

# हाटी समुदाय को 57 साल बाद मिला अनुसूचित जनजाति का दर्जा

**एसपी जैरथ,अनंत ज्ञान**



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ हाटी समुदाय के लोग।

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले का गिरीपार क्षेत्र शनिवार सुबह का साक्षी बना है। करीब 57 वर्षों से अपनी पहचान और अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हाटी समुदाय के लिए वह सपना अब हकीकत में बदल गया है, जिसे उनके पूर्वजों ने देखा था।

केंद्र सरकार और संसद की मुहर के बाद अब हाटी समुदाय को आधिकारिक तौर पर 'अनुसूचित जनजाति' का दर्जा मिल चुका है। यह न केवल एक कानूनी जीत है, बल्कि इस दुर्गम क्षेत्र के तीन लाख लोगों के स्वाभिमान की पुनर्स्थापना है। इस ऐतिहासिक बदलाव की नींव तब और मजबूत हुई जब केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संसद में इस मुद्दे पर सरकार का पक्ष रखा। मंत्री मेघवाल ने स्पष्ट संदेश दिया कि सरकार हाटी समुदाय की भौगोलिक और सांस्कृतिक विशिष्टता का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि कानूनों में आवश्यक सुधार और संशोधन इसलिए किए जा रहे हैं ताकि दशकों से लंबित पड़े इस तरह के न्यायसंगत अधिकारों को बिना किसी देरी के जनता तक पहुंचाया जा सके। उनके इस रुख ने साफ कर दिया कि दिल्ली की सरकार गिरी पार के अंतिम व्यक्ति के साथ खड़ी है।

गिरीपार की 154 पंचायतों के लिए यह दर्जा एक जादुई चाबी की तरह है। अब तक जो क्षेत्र विकास की दौड़ में पिछड़ रहा था, वह अब सीधे केंद्र की जनजातीय कल्याण योजनाओं से जुड़ जाएगा। अब इस क्षेत्र के युवाओं को सेना, अर्धसैनिक बलों और केंद्रीय नौकरियों में एसटी कोटे का लाभ मिलेगा। साथ ही, शिक्षा के क्षेत्र में नीट, जेईई और यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में भी यहां के बच्चों को विशेष आरक्षण मिलेगा, जिससे उनके लिए बड़े शहरों के प्रतिष्ठित संस्थानों के रास्ते खुलेंगे।

### कानूनी बाधाओं पर सरकार का कड़ा रुख

**हालांकि** इस प्रक्रिया में कई तकनीकी और कानूनी अड़चनें आईं, लेकिन सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे वे टिक न सकीं। अदालत में चल रहे मामलों के बीच सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि हाटी समुदाय के अधिकारों के साथ कोई समझौता न हो। प्रशासन ने अब एसटी प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया पर काम तेज कर दिया है, जिससे पात्र लोगों को जल्द से जल्द सरकारी लाभ मिलना शुरू हो सके।

### जश्न में डूबी शिलाई व संगड़ाह की वादियां

**जैसे** ही यह स्पष्ट हुआ कि अब अधिकारों का रास्ता साफ है, समूचा गिरीपार क्षेत्र जश्न के सागर में डूब गया। शिलाई, संगड़ाह, राजगढ़ और पांवटा साहिब के बाजारों में ढोल-नगाड़ों के साथ पारंपरिक नाटी की धूम रही। हाटी विकास मंच के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों का कहना है कि यह उन माताओं और बुजुर्गों के संघर्ष का फल है जिन्होंने बर्फबारी और तपती धूप की परवाह किए बिना इस आंदोलन को जीवित रखा।

#### विकास का एक नया युग

**जनजातीय** दर्जा मिलने के बाद अब गिरीपार क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार से विशेष बजट का प्रावधान होगा। सड़कों का जाल बिछाने, बेहतर अस्पताल बनाने और आधुनिक स्कूल खोलने के लिए अब फंड की कमी नहीं रहेगी। यह फैसला आने वाले समय में सिरमौर की तस्वीर बदलने वाला साबित होगा। हाटी समुदाय के लोगों का मानना है कि अब वे वास्तव में मुख्यधारा का हिस्सा बन गए हैं।

# सूक्ष्म और लघु उद्योगों को उद्योग 4.0 और ऑटोमेशन से किया जागरूक



कार्यक्रम में पहुंचे उद्यमी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्मार्ट सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग विभाग सोलन के आईपीओ बलराज ने की। बलराज ने उद्योग 4.0 और ऑटोमेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक जैसे इंटरनेट ऑफ थिंग्स, स्मार्ट मशीनरी और डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाने से त्रुटियां कम होती हैं और लागत घटती है। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बने रहने के लिए चरणबद्ध डिजिटल समाधान अपनाने की सलाह दी। डिजिटल विशेषज्ञ सुखप्रीत सिंह ने स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग टूल्स, डेटा-ड्रिवन निर्णय प्रणाली और सरल डिजिटल रणनीतियों पर जानकारी दी। सेन्ट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटिड की टीम ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं उद्योगों को तकनीकी रूप से उन्नत और भविष्य के उद्योग मॉडल से जोड़ने में सहायक हैं। कार्यशाला में उद्योग विभाग के अधिकारी, 20 उद्यमी और क्षेत्रीय उद्योग प्रतिनिधि शामिल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर केंद्र उठाए कदम: तोगड़िया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद (एएचपी) और राष्ट्रीय बजरंग दल (आरबीडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने मीडिया से बातचीत में बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति को लेकर केंद्र सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की। उन्होंने खाद्यान्न और जल संसाधनों से जुड़ी नीतिगत कार्रवाइयों का सुझाव देते हुए कहा कि इससे वहां के हालात पर दबाव बनाया जा सकता है। तोगड़िया ने अपने 'हिंदू ही आगे' अभियान का भी जिक्र किया और बताया कि इसका उद्देश्य देशभर में हिंदुओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं को सुलभ बनाना है। उन्होंने कहा कि अभियान का केंद्र बिंदु समुदाय का सशक्तिकरण है। डॉ. तोगड़िया के बयान राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

### सीआरबी पब्लिक स्कूल में हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सीआरबी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 7-बी, चंडीगढ़ में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन हुआ। किंडरगार्डन से कक्षा आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का शुभारंभ डायरेक्टर नवीन कुमार मित्तल द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने हर्डल रेस, ऑब्सटेकल रेस, कैरम, शतरंज, बैडमिंटन, खो-खो, हैंडबॉल, स्केटिंग समेत अनेक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा जुंबा डांस, योगा, स्टिक इवेंट, क्लैप डांस, ब्राजील डांस और भांगड़ा प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के समापन पर प्रधानाचार्या संगीता मित्तल और डायरेक्टर नवीन कुमार मित्तल ने विजेताओं को पदक व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद छात्रों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देता है। यह आयोजन छात्रों में उत्साह, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को प्रोत्साहित करने में सफल रहा।

### पावा ने स्वस्थ भोजन के लिए निकाला कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पब्लिक अगेंस्ट एड्लटरेशन वेलफेयर एसोसिएशन (पावा) ने देश भगत यूनिवर्सिटी और दोआबा कॉलेज समूह के सहयोग से सेक्टर-17 स्थित मुख्य बाजार में स्वस्थ व सुरक्षित भोजन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कैंडल मार्च आयोजित किया। मार्च में विद्यार्थियों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और आम लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मोमबत्ती मार्च को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जोरा सिंह और देश भगत यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. संदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पंजाब स्वास्थ्य सेवाएं विभाग की उप निदेशक डॉ. सुरिंदर कौर और दोआबा कॉलेज समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष मनजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दोआबा कॉलेज समूह के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर खाद्य मिलावट, जंक फूड और अत्यधिक प्रसंस्कृत भोजन के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। नाटक को दर्शकों ने खूब सराहा मिली। वक्ताओं ने आमजन से शुद्ध भोजन अपनाने और मिलावट के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

### धर्मवीर राणा व टीम को समाज रत्न सम्मान से किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नेशनल वाल्मीकि सभा इंग्लैंड की विशेष बैठक शनिवार को डॉ. अंबेडकर भवन, सेक्टर-37, चंडीगढ़ में आयोजित की गई। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हरजीत सिंह हैरी अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य वाल्मीकि समाज में उत्कृष्ट, निस्वार्थ और सतत सेवा करने वाले समाजसेवकों का सम्मान करना था। इस क्रम में डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन व्यवस्था को मजबूत करने, सफाई कर्मियों के अधिकारों की रक्षा और समाज को संगठित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए धर्मवीर राणा को उनकी पूरी टीम सहित समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। धर्मवीर राणा और उनकी टीम ने सफाई कर्मियों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने, उनके सम्मान, रोजगार सुरक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद धर्मवीर राणा ने नेशनल वाल्मीकि सभा इंग्लैंड और अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हरजीत सिंह हैरी का आभार व्यक्त किया। उपस्थित समाजसेवकों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# भूमिहीन परिवारों को जल्द मिलेंगे 100-100 गज के प्लॉट : सीएम सैनी

## लाडवा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने धन्यवादी एवं जनसंवाद कार्यक्रम में की शिरकत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के भूमिहीन जरूरतमंद परिवारों को सरकार द्वारा जल्द ही 100-100 गज के प्लॉट आबंटित किए जाएंगे। प्रदेश के इन 7 हजार प्लाटधारकों को पीएम आवास योजना के साथ जोड़कर मकान निर्माण के लिए तय राशि दी जाएगी।

सैनी शनिवार को कुरुक्षेत्र जिला के लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव प्रलाहदपुर, बदरपुर व गांव बणी में धन्यवादी एवं जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने गांव प्रलादपुर, बदरपुर और गांव बणी में विकास कार्यों के लिए 21-21 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने गांव प्रलाहदपुर में सरपंच सुमन सैनी द्वारा रखी गई सभी मांगों को विभागों से भेजकर पूरा करवाने का आश्वासन दिया और पीने के पानी की पाइप लाइन के लिए 47.46 लाख रुपए, हॉल निर्माण के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की है। उन्होंने बदरपुर गांव के सरपंच कर्मवीर द्वारा रखी गई सभी 16 मांगों को विभागों को भेजकर पूरा करवाने, पीने के पानी की पाइप लाइन के लिए 43.31 लाख रुपए देने की घोषणा की है। गांव बणी के सरपंच द्वारा रखी गई सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत करीब 15 हजार 500 परिवारों को 30 गज का प्लॉट देने का काम किया है। शीघ्र ही शहरी आवास योजना के तहत योग्य प्रार्थियों को दूसरी किस्त के रूप में 30-30 गज के प्लॉट आबंटित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही युवाओं के लिए विभिन्न पदों के लिए सरकारी भर्तियां निकाल कर नौकरियां देगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में वायदा किया था कि शपथ ग्रहण समारोह से पहले युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। तीसरी बार सरकार बनने के बाद सबसे पहले युवाओं को किए हुए वायदे को पूरा किया है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब 25 हजार युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के एक साथ योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी मिली हो। उन्होंने कहा कि किडनी के मरीजों का डायलिसिस प्रदेश के सभी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज और हेल्थ यूनिवर्सिटी में फ्री में किया जा रहा है। इसके साथ ही जिन परिवारों की आय 1.80 लाख रुपए से कम है, ऐसे परिवार की महिलाओं को 500 रुपए में गैस का सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# काली माता मंदिर पहुंचे मनीष सिसोदिया हनुमान चालीसा पाठ में हुए शामिल



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

पठानकोट के प्रसिद्ध काली माता मंदिर में आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रभारी एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने विशेष रूप से पहुंचकर श्री हनुमान चालीसा पाठ में भाग लिया। सनातन सेवा समिति पंजाब की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में वह तय समय से लगभग एक घंटे विलंब से पहुंचे, लेकिन सीधे मंदिर में चल रहे धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। मंदिर पहुंचने पर आप नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया, जबकि मुख्य पुजारी पंडित दीनबंधु ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे बड़ी जरूरत शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से बच्चों को दूर रखने की है। उन्होंने कहा कि पंजाब को नशा मुक्त बनाना और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सभी की साझा जिम्मेदारी है। सिसोदिया ने कहा कि अच्छी शिक्षा, व्यापार की तरक्की और रोजगार सृजन के लिए अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में प्रयास किए जा रहे हैं और उन्होंने भगवान से इन प्रयासों की सफलता की कामना की।

उन्होंने कहा कि सच्चे मन से हनुमान चालीसा का पाठ करने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और समाज के संकट दूर होते हैं। कार्यक्रम के दौरान सनातन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय शर्मा, रोहित स्याल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। महिला मंडलियों को ढोलकी व शैहनाई देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अमनदीप संधू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चितकारा इंटरनेशनल स्कूल में संचार की शानदार यात्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चितकारा इंटरनेशनल स्कूल के चंडीगढ़ और पंचकूला परिसरों में वार्षिक समारोह 'संचार: द कम्युनिकेशन वाइब' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने समय के साथ संचार के विकास को रचनात्मक और प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया।

समारोह में मुख्यातिथि के रूप में चितकारा यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक के. चितकारा और प्रो-चांसलर व चेयरपर्सन डॉ. मधु चितकारा उपस्थित रहे। यूनिवर्सिटी कनेक्ट सेगमेंट में डॉ. आशुतोष मिश्रा ने एकीकृत शिक्षा और नैतिक संचार के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि सिनेमैटोग्राफर अमिताभा सिंह और पूर्व छात्रा आरजे ओमिका के संदेश प्रेरणादायक रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रामायण आधारित प्रस्तुति से हुई, जिसमें भगवान हनुमान की भक्ति और वीरता का सजीव मंचन किया गया। इसके बाद मुगल काल से आधुनिक डिजिटल युग और एआई तक संचार की यात्रा को नृत्य, नाटक, संगीत और डिजिटल माध्यमों से प्रस्तुत किया गया।

डॉ. नियति चितकारा ने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य तकनीक के साथ मानवीय मूल्यों से युक्त जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। समारोह ने यह संदेश दिया कि सच्चे संचार की आत्मा आज भी संवेदना और जिम्मेदारी में निहित है।

# भिवानी में मुठभेड़ में 20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** न्यायालय परिसर फायरिंग व लवजीत हत्याकांड में फरार 20 हजार रुपए के इनामी अपराधी अजय उर्फ भोला को एसटीएफ रोहतक और सीआईए प्रथम भिवानी की संयुक्त टीम ने शनिवार अलसुबह भिवानी-रोहतक रोड पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में अजय के दोनों पैरों में गोली लगी और उसे उपचार के लिए सामान्य अस्पताल भिवानी, बाद में पीजीआई रोहतक भेजा गया। साथी संदीप को मौके से काबू किया गया और आरोपियों से अवैध हथियार बरामद किए गए। इस कार्रवाई के दौरान एसटीएफ रोहतक के एसआई सिकंदर बामला को छाती में गोली लगी, लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट के कारण वे सुरक्षित रहे। एसपी सुमित कुमार ने बताया कि अजय पर पहले भी मारपीट, हथियार अधिनियम और अन्य गंभीर धाराओं में आठ मामले दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी के साथ ही न्यायालय परिसर फायरिंग और लवजीत हत्या मामले में अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुठभेड़ और गिरफ्तारी से इलाके में सुरक्षा की भावना बढ़ी और पुलिस की कार्रवाई की सराहना हुई।

# घग्गर नदी तट पर आईपीसीए-किआ इंडिया ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, जीरकपुर**



भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ (आईपीसीए) और किआ इंडिया ने प्रोजेक्ट डीआरओपी के तीसरे चरण में घग्गर नदी के तट पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे से फैल रहे प्रदूषण को रोकना और नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी जागृत करना था।

स्वच्छता अभियान की शुरुआत हलका विधायक, डेराबस्सी कुलजीत सिंह रंधावा ने हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी, सैनिटरी इंस्पेक्टर, ब्लॉक इंचार्ज और सरपंच सहित अन्य स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण रोकने और नदी पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखने के लिए ऐसे प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने आईपीसीए और किआ इंडिया की पहल की सराहना की और समुदाय, उद्योग एवं स्थानीय प्रशासन की सहभागिता से स्वच्छ और स्वस्थ नदियों का सपना पूरा करने पर जोर दिया। इस अभियान में स्थानीय लोग, छात्र और स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए, जिससे नदी किनारे सफाई का संदेश व्यापक रूप से फैला।

## देश-विदेश

# सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर जनता से मांगे सुझाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** सरकार ने बजट 2026 के लिए आम जनता से सुझाव मांगे हैं। यह कदम इसलिए उठाया गया है, ताकि देश के लिए नए नियम और योजनाएं बनाने में मदद मिल सके। MyGovIndia के एक पोस्ट के अनुसार, सरकार ने लोगों को इस महत्वपूर्ण कार्य में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है। सरकार ने MyGovIndia पर लिखा कि 'जनता की राय से बजट का निर्माण। केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए अपने सुझाव साझा करें और समावेशी विकास और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने वाली नीतियों में योगदान दें।' इस संदेश में सभी को MyGov वेबसाइट पर जाकर अगले वर्ष के लिए नए बजट में किन बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, इस पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इससे पहले पिछले महीने, केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारियों के तहत नई दिल्ली में पूर्व-बजट परामर्श के कई दौर पूरे किए। इस श्रृंखला की शुरुआत प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ परामर्श से हुई। बाद के सत्रों में एमएसएमई, पूंजी बाजार, स्टार्टअप, विनिर्माण, बीएफएसआई, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र, और अंत में ट्रेड यूनियन और श्रमिक संगठनों के हितधारकों को शामिल किया गया। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग मामले में 7 अरेस्ट

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने यह जानकारी दी और कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यूनुस प्रशासन के अनुसार, लिंचिंग का शिकार हुआ युवक 27 वर्षीय दीपु चंद्र दास था, जो हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखता था। दीपु की बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मुख्य सलाहकार ने बताया कि इस मामले में सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। (अनंत ज्ञान)

# वैश्विक शक्ति संतुलन में बड़ा बदलाव आया अब कोई मर्जी नहीं थोप सकता : जयशंकर

**एजेंसी, पुणे**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक संतुलन बड़े बदलाव से गुजर रहा है और अब ताकत के कई केंद्र उभरे हैं। पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि 'कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अब सभी मुद्दों पर अपनी मर्जी थोप नहीं सकता।' उन्होंने कहा कि 'इसका मतलब यह भी है कि अब दुनिया के देशों के बीच एक स्वाभाविक मुकाबला है और यह अपना संतुलन बनाता है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं।' उन्होंने कहा कि शक्ति के विचार की कई परिभाषाएं हैं, जिनमें व्यापार, ऊर्जा, सेना, संसाधन, तकनीक और टैलेंट शामिल हैं। यह इसे एक खास तौर पर जटिल बनाते हैं। जयशंकर ने कहा कि 'यह पहचानना भी जरूरी है कि वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक होने में सक्षम नहीं हैं। वैश्वीकरण ने हमारे सोचने और काम करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। जयशंकर ने कहा, 'हमारे जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को अगर तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है, तो उसे महत्वपूर्ण और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग विकसित करनी चाहिए।' विदेश मंत्री ने कहा कि जब मैं आपके समय में था, तब दुनिया अलग थी और कम जटिल थी, लेकिन दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी है और हमारे समाज और देश में भी बदलाव हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व जजों ने न्यायमूर्ति स्वामीनाथन पर महाभियोग चलाने के विपक्ष के कदम की आलोचना की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** के 36 पूर्व न्यायाधीशों ने मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग चलाने के विपक्षी नेताओं के कदम की निंदा करने की सांसदों सहित लोगों से शनिवार को अपील करते हुए कहा कि अगर इस तरह के प्रयास को आगे बढ़ने दिया गया तो यह लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ों को ही काट देगा। न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने एक दिसंबर को निर्देश दिया था कि अरुलमिघु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर, उच्ची पिल्लैयार मंडपम के पास परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन के अलावा दीपथून में भी दीप जलाए। एकल न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि ऐसा करने से निकटवर्ती दरगाह या मुस्लिम समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होगा। इस आदेश से विवाद खड़ा हो गया और नौ दिसंबर को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व में कई विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को न्यायाधीश को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस सौंपा। इस कदम पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पूर्व न्यायाधीशों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि यह 'समाज के एक विशेष वर्ग की वैचारिक और राजनीतिक अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं चलने वाले न्यायाधीशों को धमकाने का एक शर्मनाक प्रयास है'। (अनंत ज्ञान)

# मायावती बोलीं- मुस्लिम महिला का हिजाब हटाना दुर्भाग्यपूर्ण, नीतीश को पश्चाताप करना चाहिए

**एजेंसी, लखनऊ**

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसा है। उन्होंने एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का हिजाब हटाए जाने के विवाद को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। मायावती ने कहा कि मुख्यमंत्री को पश्चाताप कर इस प्रकरण को समाप्त कर लेना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बहराइच पुलिस परेड, विधानसभा और संसद के शीतकालीन सत्र को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। बसपा प्रमुख ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरण के सार्वजनिक कार्यक्रम में एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब (चेहरे का नकाब) हटाने का मामला सुलझने की बजाय, खासकर मंत्रियों आदि की बयानबाजी के कारण, विवाद का रूप लेकर यह लगातार तूल पकड़ता ही जा रहा है, जो दुखद व दुभाग्यपूर्ण है। यह मामला पहली नजर में ही महिला सुरक्षा व सम्मान से जुड़ा होने के कारण मुख्यमंत्री के सीधे हस्तक्षेप से अब तक सुलझ जाना चाहिए था। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत अब पहले से 'अधिक स्थिर'

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत अब 'अधिक स्थिर' है और उनकी स्थिति में पहले से काफी सुधार है। उनके निजी चिकित्सक ए जेड एम जाहिद हुसैन ने यह जानकारी दी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की 80 वर्षीय अध्यक्ष जिया कई स्वास्थ्य समस्याओं के कारण 23 नवंबर से ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें 'कोरोनरी केयर यूनिट' (सीसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें 11 दिसंबर को 'वेंटिलेटर' पर रखा गया था। सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' की खबर के अनुसार, उनके निजी चिकित्सक ए जेड एम जाहिद हुसैन ने शुक्रवार को कहा कि जिया की 'हालत पहले से कहीं अधिक स्थिर है'। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनकी हालत में कोई गिरावट नहीं आई है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि पिछले एक महीने से उनकी स्थिति ''काफी स्थिर' रही है। (अनंत ज्ञान)

# सट्टेबजी ऐप मामले में अभिनेत्री नेहा शर्मा की 1.26 करोड़ की संपत्ति जब्त

**एजेंसी, भागलपुर**

ससट्टेबाजी ऐप और एक्स-बेट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और भागलपुर से तीन बार विधायक रह चुके अजीत शर्मा की बेटी तथा बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा की 1.26 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। यह कार्रवाई पीएमएलए के तहत जारी अंतिम आदेश के बाद की गई है।

ईडी की जांच में सामने आया है कि अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाजी ऐप आईबेट भारत में बिना किसी वैधानिक अनुमति के संचालित किया जा रहा था। इस ऐप के प्रचार-प्रसार में फिल्म जगत से जुड़ी कई अभिनेत्रियों की भूमिका सामने आई है। नेहा शर्मा पर भी मीडिया, विज्ञापन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए इस ऐप का प्रमोशन करने और उससे प्राप्त राशि को मनी लॉन्ड्रिंग के माध्यम से निवेश करने का आरोप है। ईडी सूत्रों के अनुसार, ऐप के प्रचार से मिली रकम को अलग-अलग माध्यमों से निवेश किया गया, जिसके बाद जांच एजेंसी ने कार्रवाई करते हुए 1.26 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। नेहा शर्मा मूल रूप से बिहार के भागलपुर की रहने वाली हैं। उनके पिता अजीत शर्मा कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता रहे हैं और भागलपुर विधानसभा सीट से तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में अजीत शर्मा को भागलपुर सीट से हार मिली है और चुनाव परिणाम के महज एक माह बाद ईडी की यह कार्रवाई सामने आई है। अब तक ईडी की टीम ने भागलपुर में छापेमारी नहीं की है। (अनंत ज्ञान)

### 50 करोड़ रुपए की संपत्ति का दावा

**सूत्रों** के मुताबिक, अभिनेत्री नेहा शर्मा की कुल संपत्ति करीब 50 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मुंबई में उनके फ्लैट हैं, जबकि भागलपुर में भी उनके नाम से जमीन होने की जानकारी है। फिल्मों और वेब सीरीज के अलावा उनकी आय का बड़ा स्रोत ब्रांड एंडोर्समेंट, सोशल मीडिया प्रमोशन और फैशन ब्रांडिंग है। बताया जाता है कि वह एक फिल्म साइन करने के लिए लगभग एक करोड़ रुपये तक फीस लेती हैं।

# महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री कोकाटे को धोखाधड़ी मामले में जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने राकांपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री माणिकराव कोकाटे को धोखाधड़ी मामले में जमानत दे दी, लेकिन उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति आरएन लड्ढा ने अपने आदेश में कहा कि अदालत दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगा सकती, क्योंकि प्रथम दृष्टया सुबूत राकांपा नेता की इस मामले में संलिप्तता की तरफ इशारा करते हैं। कोकाटे पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए सरकारी योजना में झूठा हलफनामा दाखिल कर फ्लैट हासिल करने का आरोप है।?

हाईकोर्ट ने पाया किया कि मजिस्ट्रेट अदालत ने कोकाटे को केवल दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई और वह सत्र न्यायालय में मुकदमे और अपील की सुनवाई के दौरान जमानत पर थे। इसलिए हाई कोर्ट उन्हें जमानत देने के पक्ष में है। हाईकोर्ट ने कहा कि सजा स्थगित करने की अर्जी को स्वीकार किया जाता है। याचिकाकर्ता को एक लाख रुपये की जमानत राशि जमा करनी होगी। (अनंत ज्ञान)

## कार्यक्रम — संयुक्त राष्ट्र में दूसरा विश्व ध्यान दिवस आयोजित, साधना पद्धति ध्यान के महत्व पर चर्चा

# आंतरिक शांति के बिना स्थायी वैश्विक शांति संभव नहीं: श्रीश्री रविशंकर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



संबोधन देते श्रीश्री रविशंकर।

**संयुक्त** राष्ट्र मुख्यालय में दूसरे विश्व ध्यान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता करते हुए ध्यान का नेतृत्व किया। इस अवसर पर भारत, श्रीलंका, अंडोरा, मैक्सिको और नेपाल के स्थायी प्रतिनिधियों सहित अनेक सदस्य देशों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने प्राचीन साधना पद्धति ध्यान के महत्व पर चर्चा की और वैश्विक, सामाजिक व राजनीतिक समस्याओं के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में इसकी प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। प्राचीन ज्ञान और आधुनिक कुटनीति के अनूठे संगम के रूप में इस आयोजन ने विश्व शांति, मानसिक कल्याण और नेतृत्व में ध्यान की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया। 'वैश्विक शांति और सामंजस्य के लिए ध्यान' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर का प्रेरक मुख्य संबोधन और मार्गदर्शित ध्यान सत्र शामिल रहा। उन्होंने कहा कि आंतरिक शांति के बिना स्थायी वैश्विक शांति संभव नहीं है। अंडोरा के राजदूत जॉन फोर्नर रोविरा ने अपने देश की शिक्षा प्रणाली में ध्यान को शामिल किए जाने से छात्रों की एकाग्रता और भावनात्मक संतुलन में आए सकारात्मक बदलावों का उल्लेख किया। मैक्सिको की उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत एलिसिया ग्वाडालूप बुएनरोस्ट्रो मासियू ने वैश्विक सामंजस्य के लिए आंतरिक शांति को आधार बताया। नेपाल के राजदूत लोक बहादुर थापा ने हिमालयी क्षेत्र में ध्यान की गहरी सभ्यतागत जड़ों की चर्चा करते हुए इसे वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहायक बताया। 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर यह आंदोलन संयुक्त राष्ट्र से बाहर भी व्यापक रूप से चर्चा में है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में 'वर्ल्ड मैडिटेटस विद गुरुदेव' संदेश वाले बिलबोर्ड इस वैश्विक पहल का प्रतीक बने हुए हैं।

# पुतिन का यूरोपीय संघ को अल्टीमेटम कहा-रूस की संपत्ति जब्त करना डकैती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूरोपीय संघ को कड़ी चेतावनी दी है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन की सहायता के लिए रूस की जब्त संपत्तियों का इस्तेमाल किया गया तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस की जब्त संपत्तियों को यूक्रेन की सहायता करने को सीधे तौर पर 'डकैती' करार दिया और कहा कि वे इस डकैती को अंजाम क्यों नहीं दे सकते?

उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ इस योजना को आगे नहीं बढ़ा सका क्योंकि लुटेरों को इसके गंभीर नतीजे झेलने पड़ सकते थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को वित्तपोषण के लिए जमे हुए रूसी परिसंपत्तियों का उपयोग करने की मंजूरी दे दी होती, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते- क्योंकि यूरोपीय संघ इस योजना को मंजूरी देने में विफल रहा था। यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा यूक्रेन को 90 अरब यूरो का कर्ज देने के फैसले पर भी पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को मदद देने के लिए रूसी संपत्तियों का किसी भी तरह का उपयोग डकैती के समान होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे कदम से निवेशकों का भरोसा टूटेगा और यूरो क्षेत्र की विश्वसनीयता को भारी नुकसान पहुंचेगा। पुतिन ने विश्वास जताया कि रूस यूक्रेन में अपने सभी सैन्य उद्देश्यों को हासिल कर लेगा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### बीएआई का पहला पैरा बैडमिंटन कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**एजेंसी, रायपुर।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने यहां 16 से 20 दिसंबर तक पैरा बैडमिंटन (ग्रासरूट) के लिए अपना पहला कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, जो देश में इस खेल के कोचिंग ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में पैरा बैडमिंटन में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारत भर के प्रशिक्षकों को एक साथ प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता गौरव खन्ना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जो भारतीय पैरा बैडमिंटन टीम के राष्ट्रीय मुख्य कोच हैं। प्रतिभागियों को दिव्यांग जागरूकता, पैरा खेल प्रशासन, वर्गीकरण प्रणाली, सहायक उपकरण, कोचिंग पद्धति, चिकित्सा सहायता आदि के लिए प्रशिक्षण दिया गया। भारत पैरा बैडमिंटन में निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 2024 बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में 18 पदक जीते थे। उन्होंने पेरिस पैरालंपिक 2024 में भी पांच पदक हासिल किए थे। (अनंत ज्ञान)

### स्टेन ने हार्दिक को बताया सुपरहीरो टी20 में अद्वितीय प्रदर्शन की तारीफ की

**एजेंसी, अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय में हार्दिक पांड्या की शानदार पारी (63 रन) के बाद उन्हें सुपरहीरो करार दिया। स्टेन ने कहा कि पांड्या मानसिक रूप से एक अलग स्तर पर हैं और उनका दबदबा अद्वितीय है। पांड्या ने इस मैच में भारत की तरफ से टी20 का दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया, जबकि तिलक वर्मा ने नाबाद 73 रन बनाकर टीम को 30 रन से जीत दिलाई। स्टेन ने कहा, ''हार्दिक ने खिलाड़ी से ऊपर जाकर सेलिब्रिटी का दर्जा हासिल किया है। वह मैदान पर सुपरहीरो की तरह उतरते हैं, और कोई भी उनकी रणनीति बदल नहीं सकता। यह दबदबा और मानसिक ताकत उनकी खासियत है।'' उन्होंने जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती की भी तारीफ की, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों पर दबदबा बनाए रखा और मैच भारत के पक्ष में झुका दिया। (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका टी20 सीरीज: भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों की करेगी परख

**एजेंसी, विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला टीम रविवार से श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में युवा खिलाड़ियों की खोज पर ध्यान केंद्रित करेगी। टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स जैसे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं, लेकिन सभी 30 वर्ष के आसपास हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन का फोकस 17 वर्षीय बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा पर रहेगा। कमलिनी ने अंडर-19 विश्व कप और महिला प्रीमियर लीग में अपनी परिपक्वता दिखाई है, जबकि वैष्णवी ने अंडर-19 विश्व कप में 17 विकेट लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। राधा यादव की अनुपस्थिति में वैष्णवी और एन श्री चरणी को गेंदबाजी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का मौका मिलेगा। अनुभवी स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत कौर इस सीरीज में अपनी लय बनाए रखने की कोशिश करेंगी। भारतीय टीम की युवा प्रतिभाओं के सामने अपने दमखम दिखाने का यह बेहतरीन अवसर होगा। (अनंत ज्ञान)

### हेना कुर्तागीक का खास अंदाज

बेलग्रेड में जन्मी हेना कुर्तागीक एक सर्बियाई वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं, जिन्हें मिडिल ब्लॉकर के रूप में उनकी दक्षता के लिए जाना जाता है। 1.80 मीटर लंबी कुर्तागीक क्लब और राष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं में एक मजबूत उपस्थिति रही हैं।



## टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

# सूर्यकुमार यादव बने कप्तान, गिल की छुट्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी20 विश्व कप 2026 के लिए शनिवार 20 दिसंबर को 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया गया। इसके अलावा न्यूजीलैंड दौरे के लिए भी भारतीय टीम की घोषणा की गई। दोनों स्क्वॉड एक ही हैं। फॉर्म से जूझ रहे सूर्यकुमार यादव ही टीम की कमान संभालेंगे। वहीं अक्षर पटेल को उपकप्तानी सौंपी गई है। इससे पहले मुंबई में चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर समेत सभी चयनकर्ता और कप्तान सूर्यकुमार यादव की मीटिंग हुई। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने प्लेयर्स के नाम का ऐलान किया।

**ईशान किशन की हुई सरप्राइज एंट्री**

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाले ईशान किशन को उनके प्रदर्शन का इनाम मिला है। ईशान की टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा फिनिशर रिंकू सिंह को भी टीम में मौका मिला है। फॉर्म से जूझ रहे शुभमन गिल को टीम से बाहर कर दिया गया है। इसके अलावा विकेटकीपर जितेश शर्मा का भी पत्ता कटा है। अक्षर पटेल को फिर से उपकप्तानी सौंपी गई है। टी20 विश्व



कप का आगाज 7 फरवरी 2026 से होगा, वहीं फाइनल मुकाबला 8 मार्च को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 20 टीमों के बीच जंग देखने को मिलेगी। सभी टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम ने 2024 में खेला गया विश्व कप जीता था। ऐसे में टीम की कोशिश खिताब का बचाव करने पर होगी। (अनंत ज्ञान)

## अंडर-19 एशिया कप फाइनल में भारत-पाक की टक्कर आज

**एजेंसी, दुबई**




भारतीय टीम रविवार को आईसीसी अकादमी में होने वाले अंडर-19 एशिया कप फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड 12वां खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही है और उसने ग्रुप चरण में पाकिस्तान को 90 रन से हराकर अपनी श्रेष्ठता पहले ही साबित कर दी है।

भारत ने ग्रुप-ए के सभी मैच जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि पाकिस्तान को एकमात्र हार भारत के खिलाफ झेलनी पड़ी। सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई, वहीं पाकिस्तान ने गत चैंपियन बांग्लादेश को मात दी।

फाइनल तक भारत का सफर हरफनमौला प्रदर्शन पर आधारित रहा है। बल्लेबाजी में टीम ने दो बार 400 से अधिक रन बनाए हैं। युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी टूर्नामेंट के बड़े सितारे बनकर उभरे हैं। सूर्यवंशी ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ 95 गेंद में 171 रन बनाकर भारत को 433 रन तक पहुंचाया, जबकि कुंडू ने मलेशिया के खिलाफ नाबाद 209 रन बनाकर युवा वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव हासिल किया। मध्यक्रम में आरोन जॉर्ज ने लगातार तीन अर्द्धशतक लगाकर टीम को मजबूती दी है। उन्हें विहान मल्होत्रा का अच्छा साथ मिला है, जबकि ऑलराउंडर कनिष्क चौहान ने तेज रन बनाने के साथ गेंद से भी अहम योगदान दिया है। चौहान ने अब तक छह विकेट लिए हैं, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ तीन विकेट का प्रदर्शन शामिल है।

पाकिस्तान की ताकत उसकी तेज गेंदबाजी है, लेकिन बल्लेबाजी उसकी कमजोर कड़ी रही है। भारत सितंबर में सीनियर एशिया कप में पाकिस्तान पर लगातार जीत के बाद जूनियर स्तर पर भी उसी लय को जारी रखने की कोशिश करेगा। पाकिस्तान के अब्दुल सुभान के साथ संयुक्त रूप से टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज हैं। (अनंत ज्ञान)

## सूर्यकुमार को केवल एक अच्छी पारी की जरूरत : तिलक वर्मा

**एजेंसी, अहमदाबाद**

सूर्यकुमार यादव पिछले लंबे समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन उनके साथी खिलाड़ी तिलक वर्मा ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि भारत के टी20 कप्तान को अपनी उस खोई हुई लय को फिर से हासिल करने के लिए केवल एक पारी की जरूरत है, जिससे वह कभी गेंदबाजों पर हमलावर की तरह हावी होते थे।




**बोले-हम जानते हैं कि वह कितने खतरनाक खिलाड़ी हैं**

तिलक ने जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती को टीम का भरोसेमंद गेंदबाज बताया, जिन्होंने शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत की 30 रन की और सीरीज में 3-1 से जीत में अहम भूमिका निभाई।

तिलक ने मैच के बाद सूर्यकुमार को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में पत्रकारों से कहा, ''मैं उनसे बस यही कह रहा था कि कुछ गेंदों को सहजता से खेलें। बस थोड़ा इंतजार करें। आपको क्रीज पर थोड़ा समय बिताना होगा।''

उन्होंने कहा, ''अगर उन्हें वह आत्मविश्वास हासिल हो जाता है तो हम सभी जानते हैं कि वह कितने खतरनाक साबित हो सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि इस समय अगर वह कुछ गेंदों का सामना करते हैं, तो मैं उन्हें यह नहीं कहूंगा कि वह फील्डर के ऊपर से शॉट लगाने की कोशिश करे।''

भारतीय पारी में 73 रन बनाने वाले तिलक ने कहा, ''लेकिन मैं उनसे यही कह रहा था कि वह खाली स्थानों पर खेलने की कोशिश करें। अगर आप ऐसा करने में सक्षम हो जाते हैं तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और आपको मैदान का अच्छा अंदाजा लग जाता है। उसके बाद आप अपने शॉट खेल सकते हो। उन्हें बस एक अच्छी पारी की जरूरत है और फिर हम सभी को पता चल जाएगा कि वह कितने खतरनाक हो सकते हैं।'' (अनंत ज्ञान)

## उम्मीद है भारत-दक्षिण अफ्रीका फिर टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचेंगे : कॉनराड

**एजेंसी, अहमदाबाद**

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने अपनी टीम के भारत दौरे को 'बेहद सफल' करार देते हुए उम्मीद जताई कि अगले साल के टी20 विश्व कप के फाइनल में दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। भारत टी20 विश्व कप का मौजूदा चैंपियन है। अगला विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। भारत ने 2024 में खेले गए पिछले विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था।

कॉनराड ने पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका की 30 रन से हार के बाद पत्रकारों से कहा, ''इसमें कोई शक नहीं की अभी हमें काफी काम करना होगा लेकिन हमारे खिलाड़ियों को अब एक महीने तक एसए20 में खेलने का मौका मिलेगा। यह उनके कौशल को निखारने के लिए बहुत



अच्छी तैयारी होगी, ताकि जब वेस्टइंडीज हमारे देश का दौरा करे तो हम उनका सामना करने के लिए तैयार रहें।''

उन्होंने कहा, ''और निश्चित तौर पर आगे विश्व कप भी है जो बड़ा टूर्नामेंट है। हमें भले ही इस टी20 सीरीज में मनचाहा परिणाम नहीं मिला लेकिन मुझे उम्मीद है कि हम (भारत और दक्षिण अफ्रीका) फिर से फाइनल में पहुंच सकते हैं। मैं वास्तव में ऐसी उम्मीद कर रहा हूं।'' कॉनराड ने इस सवाल का जवाब देने में कोई संकोच नहीं किया कि क्या यह अब तक की सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम थी, क्योंकि मेजबान टीम ने शुक्रवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर लगातार 18 सीरीज में अजेय रहने का सिलसिला जारी रखा।

उन्होंने कहा, ''(भारत) एक शानदार टीम है। आपको उनके खिलाफ हर समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की और पहली ही गेंद से गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाया। उनके पास कुछ मैच विजेता गेंदबाज भी हैं।''

कॉनराड ने कहा, ''लेकिन जैसा आपने सवाल किया था तो ईमानदारी से कहूं तो मुझे इससे बेहतर टीम कोई और नहीं लगती, इसलिए वे निश्चित रूप से शीर्ष पर हैं।'' दक्षिण अफ्रीका के कोच ने कहा कि पांचवें मैच में 16 गेंद पर अर्धशतक लगाने वाले हार्दिक पंड्या ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दोनों टीमों के बीच का अंतर पैदा किया। (अनंत ज्ञान)

## सुरुचि-सम्राट की चमक से दमकी भारतीय निशानेबाजी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुरुचि सिंह, सम्राट राणा और सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने वर्ष 2025 में भारतीय निशानेबाजी में अपनी अलग पहचान बनाई। इस वर्ष भारतीय निशानेबाजों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर हर रंग का पदक जीता और कई युवा खिलाड़ियों ने खुद को भविष्य के सितारों के रूप में स्थापित किया। पिछले कुछ वर्षों में निशानेबाजी भारत के लिए सबसे ज्यादा पदक दिलाने वाले खेलों में शामिल हो गया है। छोटे शहरों में इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता से देश को लगातार नई प्रतिभाएं मिल रही हैं। इस सत्र की शानदार शुरुआत ब्यूनस आयर्स में हुई, जहां भारत ने चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीतकर मजबूत संदेश दिया।

**साल 2025 में युवा निशानेबाजों का दबदबा, विश्व मंच पर भारत ने हर रंग का जीता पदक**

झज्जर की युवा निशानेबाज सुरुचि सिंह ने इस सत्र में असाधारण प्रदर्शन करते हुए विश्व कप में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने विश्व कप में चार स्वर्ण पदक जीते और दोहा में आयोजित विश्व कप फाइनल्स में भी पहला स्थान पाया। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर सुरुचि आईएसएसएफ रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच गईं और उन्हें 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए संभावित पदक दावेदार माना जा रहा है। करनाल के 20 वर्षीय सम्राट राणा ने पुरुषों की एयर पिस्टल स्पर्धा में काहिरा में विश्व चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने वाले देश के पहले भारतीय बने। इससे पहले सम्राट 2022 में जूनियर विश्व चैंपियन बनकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना चुके थे। तीन साल बाद सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने खुद को दिग्गज निशानेबाजों की सूची में शामिल कर लिया।

फरीदकोट की 25 मीटर पिस्टल निशानेबाज सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने दोहा में विश्व कप फाइनल्स में स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा रुद्रांक्ष पाटिल, अनीश भानवाला और वरुण तोमर ने भी विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। अनीश ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में काहिरा विश्व चैंपियनशिप मे रजत और दोहा विश्व कप फाइनल्स में दूसरा स्थान हासिल किया। युवाओं के इस शानदार प्रदर्शन के बीच ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर का 2025 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन विश्व कप में व्यक्तिगत एयर पिस्टल में रजत पदक रहा। (अनंत ज्ञान)

## एचआईएल : कलिंगा लांसर्स ने संजय और वैन डोरेन को बनाया सह-कप्तान

**एजेंसी, भुवनेश्वर**



वेदांता कलिंगा लांसर्स ने हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2026 से पहले भारतीय ड्रैग फ्लिकर संजय और बेल्जियम के दिग्गज खिलाड़ी आर्थर वैन डोरेन को शनिवार को अपनी टीम का सह-कप्तान नियुक्त किया। एचआईएल का आयोजन तीन से 26 जनवरी तक चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में किया जाएगा।

संजय ने नवंबर में 31वें सुल्तान अजलन शाह कप में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करते हुए उसे उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी, जबकि वैन डोरेन ने बेल्जियम को खिताब दिलाया था। हरियाणा के रहने वाले संजय ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2018 के युवा ओलंपिक खेलों और 2021 के जूनियर विश्व कप में भाग लिया, जहां वह टीम के सर्वोच्च गोल स्कोरर रहे।

उन्होंने 2022-23 एफआईएच हॉकी प्रो लीग के दौरान सीनियर टीम में पदार्पण किया और तब से वह भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। अर्जुन पुरस्कार विजेता यह खिलाड़ी अब तक 78 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुका है। वैन डोरेन को वर्तमान समय में सबसे कुशल डिफेंडर माना जाता है। उनके रहते हुए बेल्जियम ने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2023 में विश्व कप जीता था। वह अभी तक 276 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। कलिंगा लांसर्स एचआईएल में चार जनवरी को चेन्नई में रांची रॉयल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। (अनंत ज्ञान)

## विजय हजारे ट्रॉफी में बंगाल टीम की अगुवाई करेंगे मोहम्मद शमी

**एजेंसी, कोलकाता।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। शमी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं, लेकिन उन्होंने चोट से उबरने के बाद बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वर्तमान सत्र में अभी तक सभी प्रारूप में 36 विकेट लिए हैं।

भारतीय घरेलू सत्र की शुरुआत रणजी ट्रॉफी से हुई, जिसमें शमी ने चार मैच में 18.60 के औसत से 20 विकेट लिए। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और सात मैचों में 14.93 के औसत से 16 विकेट हासिल किए। विजय हजारे ट्रॉफी में शमी बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। बंगाल की टीम में भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और मुकेश कुमार भी शामिल हैं। बंगाल में शुक्रवार को विजय हजारे ट्रॉफी के लिए अपनी टीम की घोषणा की, जिसमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान बनाया गया है। बंगाल को एलीट ग्रुप बी में रखा गया है और वह 24 दिसंबर को राजकोट में विदर्भ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। (अनंत ज्ञान)

## स्टेन वावरिंका ने किया संन्यास का ऐलान, 2026 होगा आखिरी एटीपी टूअर

**एजेंसी, लुसाने**

स्विट्जरलैंड के खिलाड़ी और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका ने कहा है कि 2026 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल होगा। वावरिंका 2002 में पेशेवर खिलाड़ी बने थे और उन्होंने 16 टूर एकल खिताब जीते हैं। उन्होंने 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन (राफेल नडाल), 2015 में फ्रेंच ओपन (नोवाक जोकोविच) और 2016 में अमेरिकी ओपन (जोकोविच) के फाइनल में उस समय के नंबर एक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हराया था। वावरिंका ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा, ''आखिरी प्रयास। हर पुस्तक का अंत जरूरी होता है। अब पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में मेरे करियर का अंतिम अध्याय लिखने का समय आ गया है। 2026 टूर पर मेरा आखिरी साल होगा।''



वावरिंका और रोजर फेडरर ने 2008 के बीजिंग ओलंपिक में युगल का स्वर्ण पदक जीता और 2014 में स्विट्जरलैंड को उसका एकमात्र डेविस कप जीतने में मदद की। वह उन तीन खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में नडाल, जोकोविच, फेडरर और एंडी मरे को हराया है। (अनंत ज्ञान)

## दुबई कैपिटल्स ने शारजाह वॉरियर्स को 63 रन से हराया

**एजेंसी, दुबई।** दुबई कैपिटल्स ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में शारजाह वॉरियर्स को 63 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के इतिहास में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहली बार जीत दर्ज की। सिद्दीकुल्लाह अटल (44 गेंदों में 66 रन) के अर्द्धशतक और मोहम्मद नबी (19 गेंदों में 38 रन नाबाद) की तूफानी पारी की मदद से कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 180 रन बनाए। वॉरियर्स की टीम इसके जवाब में 17 ओवर में 117 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जेम्स रेव ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। नबी ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 23 रन देकर तीन विकेट लिए। वकार सलामखेल ने 22 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि मुस्तफिजुर रहमान और हैदर अली ने दो-दो विकेट हासिल किए। इस जीत से दुबई कैपिटल्स की टीम छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)

## एशेज टेस्ट — तीसरे टेस्ट में 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड 207/6

# लियोन की फिरकी में फंसा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया जीत के करीब

**एजेंसी, एडिलेड**

इंग्लैंड की एशेज में बने रहने की उम्मीदों को शनिवार को करारा झटका लगा जब अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने लगातार तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टेस्ट में जीत और सीरीज में अजेय बढ़त के बेहद करीब पहुंचा दिया। 435 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम चौथे दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट पर 207 रन ही बना सकी और वह अभी 228 रन पीछे है।

इंग्लैंड जब मैच में वापसी की कोशिश कर रहा था, उसी दौरान लियोन ने एक ही स्पेल में उपकप्तान हैरी ब्रूक (30), कप्तान बेन स्टोक्स (5) और सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (85) को पवेलियन भेजकर इंग्लैंड के खेमे में खलबली मचा दी। ब्रूक और स्टोक्स दोनों को उन्होंने बोल्ड किया, जबकि क्रॉली को स्टंप आउट कराया। लियोन ने इस दौरान केवल आठ रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड का स्कोर 177/3 से गिरकर 194/6 हो गया।



इससे पहले क्रॉली और ब्रूक ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को संभालने की कोशिश की थी। जो रूट (39) और क्रॉली ने भी 78 रन जोड़कर टीम को शुरुआती झटकों से उबारा, क्योंकि एक समय इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 31 रन था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने लंच से पहले अपनी दूसरी ही गेंद पर बेन डकेट (4) को आउट किया और लंच के बाद ओली पोप (17) को पवेलियन भेजा, जिनका शानदार कैच मार्नस लाबुशेन ने दूसरी स्लिप में पकड़ा। चाय के तुरंत बाद कमिंस ने रूट को आउट किया, जो टेस्ट क्रिकेट में 13वीं बार था जब उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान को पवेलियन भेजा। कमिंस और लियोन ने अब तक तीन-तीन विकेट लिए हैं।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 271 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने आखिरी छह विकेट सिर्फ 38 रन पर गिरा दिए। ट्रैविस हेड ने 170 रन की शानदार पारी खेली, जबकि एलेक्स कैरी ने 72 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 162 रन जोड़े। हेड को जोश टोंग ने आउट किया, जिन्होंने चार विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 371 और दूसरी पारी में 349 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड पहली पारी में 286 रन पर सिमट गया था। पहले दोनों टेस्ट जीत चुके ऑस्ट्रेलिया को अब सीरीज अपने नाम करने के लिए सिर्फ चार विकेट की जरूरत है, जबकि दो टेस्ट अभी बाकी हैं। (अनंत ज्ञान)